संसेक्स 71,683.23 ▲ +496.37
डॉलर 83.103 ▼ -0.059

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 09.0 | 15.0 |
| धनबाद | 22.0 | 10.0 | 17.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 10.0 | 20.0 |
| पलामू | 22.0 | 09.0 | 15.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 20 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 95, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय पीएम जनमन: कमजोर जनजातीय के लिए आशा ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
...10 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर आज से काम करने लगा है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,190

चांदी (किलो) 71,530

## एक नजर

### पलामू में जेजेएमपी के चार नक्सली धराये



**दो देशी कट्टा, दो मोटरसाईकिल, तीन मोबाईल व लेवी के पांच हजार रुपए बरामद**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पांकी इलाके से पुलिस ने प्रतिबंधित झारखण्ड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी )के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने दो देशी कट्टा, दो मोटरसाईकिल, तीन मोबाइल व लेवी के पांच हजार रुपए समेत नक्सली पर्चा बरामद किया है। पकड़े गये नक्सलियों में धर्मेन्द्र कुमार भुईयां पिता नरेश भूईया ग्राम नावागढ, सतन उरांव पिता रामू उरांव ग्राम सूरजीन, जगन उरांव पिता दुखन उरांव ग्राम ग्राम सुरजीन एवं राजू साव पिता गोविन्द साव निवासी ग्राम राधाडीह सभी थाना पांकी शामिल हैं। यह जानकारी शुक्रवार को पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने दी है। उग्रवादियों द्वारा बताया गया कि ध्रुव जी उर्फ राजू राम एवं उनकी पत्नी अनिता के कहने पर जेजेएमपी संगठन के नाम पर छोटे-बड़े ठेकेदार एवं राशन डीलरों को धमका कर लेवी की मांग करते थे तथा वसूली की गयी रकम को ध्रुव जी के पास पहुंचाते हैं।

## ईडी की कार्रवाई के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने किया राजभवन मार्च

# बंगाल में ईडी पर पत्थर चला था, यहां तीर-धनुष चलेगा

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छुआ भी गया तो जल उठेगा पूरा झारखंड**

**केंद्र सरकार, भाजपा, राज्यपाल और जांच एजेसियों को भी दी चेतावनी**

**भाजपा में हिम्मत है तो हेमंत सोरेन से राजनीतिक मुकाबला करे**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक के बाद एक लगातार आठ समन भेजे जाने से नाराज कई आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार को पारंपरिक हरवे-हथियार व वेश-भूषा में मोरहाबादी से रेडियम रोड, कचहरी रोड होते राजभवन तक आक्रोश मार्च किया। यहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने केंद्र सरकार, राज्यपाल और ईडी पर बेहद कड़ा प्रहार करते हुए चेतावनी दी कि बंगाल में ईडी पर पत्थर चला था, यहां तीर-धनुष चलेगा। नेताओं ने ईडी के समन को राजनीतिक से प्रेरित बताया और कहा कि एक आदिवासी सीएम के खिलाफ षड्यंत्र किया जा रहा है। चेतावनी दी कि अगर हेमंत सोरेन को छुआ भी गया तो झारखंड जल उठेगा। आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप ने राजभवन, राज्यपाल और भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि वह साजिश करना बंद करें। राज्यपाल केंद्र का एजेंट बनकर काम करना बंद करें नहीं तो उन्हें तमिलनाडु वापस भेज दिया जाएगा। केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले आयोजित इस सभा में अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान किया जा रहा है। सरकार गठन के बाद से हेमंत सोरेन सरकार को गिराने, अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है। जब इसमें भाजपा सफल नहीं हुई तो अब हेमंत सोरेन को केंद्रीय जांच एजेसियों के माध्यम से परेशान और तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह सीधे तौर पर आदिवासी पर प्रहार और हमला है जिसे आदिवासी समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्र की भाजपा सरकार का यही रवैया रहा तो आने वाले दिनों में विरोध का स्वरूप और तेज होगा। संगठन के नारायण उरांव ने कहा कि अगर भाजपा में हिम्मत है तो वह हेमंत सोरेन से राजनीतिक मुकाबला करे, पीछे से वार करना छोड़ दे, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।




### कार्यक्रम में यह संगठन हुए शामिल

- केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, नारायण उरांव
- अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के कुंदरसी मुंडा
- सरना समिति कांके के अध्यक्ष सोनू खलखो
- क्षेत्रीय पड़हा समिति के अजीत उरांव
- पड़ाहा राजा बुधवा मुंडा
- कल्याणपुर सरना समिति के दिनेश कच्छप
- वामसेफ के जयंत कच्छप
- आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप
- एचईसी विस्थापित मोर्चा के राहुल उरांव
- सरना समिति पिठोरिया के योंगेंद्र उरांव
- सरना समिति कांके सुरेंद्र लिंडा
- अखिल भारतीय आदिवासी विकास के लाली महली
- जिला परिषद के कमिश्नर मुंडा
- मसीही समाज के माइकल कच्छप
- संथाल माझी समाज दिशोम के मोहन सोरेन
- बेदिया विकास परिषद सहित कई आदिवासी संगठनों के अगुवा व कार्यकर्ता

### ईडी कार्यालय के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा

**रांची।** ईडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। ईडी के खिलाफ आदिवासी संगठनों के आक्रोश को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। एहतियात बरतते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात की गयी है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। ईडी कार्यालय को बैरिकेडिंग कर घेर दिया गया है। शुक्रवार को आदिवासी संगठनों ने ईडी द्वारा आदिवासी सरकार और आदिवासी मुख्यमंत्री को अस्थिर करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए मोरहाबादी मैदान से राजभवन तक मार्च करेंगे और वहां धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसे लेकर राजभवन से लेकर मोरहाबादी मैदान तक भी पुलिस बल की तैनाती की गई है। उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ होनी है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ईडी ने मुख्य सचिव, डीजीपी और रांची एसएसपी को भी पत्र लिखा था। ईडी झारखंड में अवैध खनन, जमीन फजीर्वाड़ा, शराब घोटाला सहित अन्य मामले की जांच कर रही है।

### ईडी के दूसरे समन पर भी हाजिर नहीं हुए साहिबगंज डीसी



**रांची।** ईडी के समन के बावजूद साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय दूसरी बार भी नहीं पहुंचे। अवैध खनन मामले में ईडी ने 17 जनवरी को समन कर उन्हें 19 जनवरी को पूछताछ के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था। इससे पहले डीसी रामनिवास यादव को बीते छह जनवरी को समन भेजकर 11 जनवरी को पूछताछ के लिए ईडी ने बुलाया था लेकिन वह ईडी के समन के बावजूद भी उपस्थित नहीं हुए थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये। ईडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी।

# रामराज्य से मिली सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास व सबका प्रयास की प्रेरणा : मोदी

**हमारे देश में लंबे समय तक गरीबी हटाओ के नारे लगे लेकिन गरीबी नहीं हटी**

**हमने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाईं, जिससे गरीबों की मुश्किलें कम हुईं**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में लोगों से 22 जनवरी को अपने घरों को राम ज्योति से रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 22 को जलाई जाने वाली राम ज्योति लोगों के जीवन से गरीबी दूर करने के लिए प्रेरणा बनेगी। वह यहां 2,000 करोड़ की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पहले दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन और ईमानदारी का राज हो। ये रामराज्य ही है जिसने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा दी है। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे देश में लंबे समय तक गरीबी हटाओ के नारे लगते रहे लेकिन गरीबी नहीं हटी। गरीबों के नाम पर योजनाएं तो बनाई जाती थीं, लेकिन उनका लाभ गरीबों को नहीं मिलता था। उनके हक का पैसा बिचौलिए लूट जाते थे। पहले की सरकारों की नीति, नीयत और निष्ठा कठघरे में थी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मेरी सरकार ने गरीबी हटाने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### स्टेट ऑफ आर्ट ग्रीनफील्ड टाउनशिप के लिए रांची स्मार्ट सिटी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**रांची।** स्मार्ट सिटी रांची को एक बार फिर राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में पिछले तीन दिनों से आयोजित 31वें कन्वर्जेंस इंडिया और 9वीं स्मार्ट सिटी इंडिया एक्सपो में रांची को सम्मानित किया गया। कन्वर्जेंस इंडिया कार्यक्रम में शुक्रवार को रूस के मास्को शहर के मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने यह सम्मान दिया। रांची स्मार्ट सिटी की ओर से सीईओ अमित कुमार और जीएम (टेक्निकल) राकेश कुमार नंदक्योलियार ने सम्मान ग्रहण किया। यह अवार्ड स्टेट ऑफ आर्ट ग्रीनफील्ड टाउनशिप के लिए दिया गया।

### धनबाद रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में

# सांसद ने उठाया पलामू एक्सप्रेस को पूर्व समयानुसार चलाने का मामला

**प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को डालटनगंज, गढ़वा रोड एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने की मांग**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में गुरुवार को आयोजित रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक मेंपलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू एक्सप्रेस ट्रेन को पूर्व समयानुसार चलाने समेत पलामू होकर चलने वाली कई ट्रेनों के फेरा विस्तार व ठहराव से जुड़ा मामला उठाया। इसके अलावे उन्होंने पलामू व गढ़वा के कई रेलवे स्टेशनों पर ओवरब्रिज तथा एलएचएस निर्माण कराये जाने की मांग रखी। सांसद श्री राम ने रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर ऊंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव व डालटनगंज स्टेशन पर प्रथम श्रेणी का कोटा दिये जाने समेत रांची-डालटनगंज - गढ़वा होते हुए नई दिल्ली रूट पर सप्ताह में दो दिन के बदले चार दिन चलाने की मांग की। इसके अलावे पलामू एक्सप्रेस को रजहारा स्टेशन पर ठहराव, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# राम जन्मभूमि का शाह बानो मामले से संबंध



सुनील बादल

**अयोध्या** में 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे जो 5 अगस्त 2020 को हुए भूमि-पूजन कार्यक्रम में भी उपस्थित थे। वर्ष 1986 में कानूनी विवाद के बीच राम जन्मभूमि परिसर का ताला खुला था। कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराया तो ताला खुलवाने वाली घटना की चर्चा फिर से आम हो गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है जिसके नेता राजीव गांधी ने ही इस राम मंदिर का शिलान्यास, इस मंदिर का ताला खुलवाने का काम किया था। 22 दिसंबर 1949 की रात को अयोध्या में विवादित बाबरी ढांचे के नीचे हिंदू मूर्तियां प्रकट हुईं। इस घटना के बाद वहां तनाव हो गया। 29 दिसंबर 1949 को फैजाबाद की एक अदालत ने बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को काबू करने के लिए इस स्थल को सरकार को सौंप दिया। कुछ ही समय बाद परिसर में ताला लग गया। जबकि आजादी के पहले से चली आ रही कानूनी लड़ाई चलती रही। दावा किया जाता है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में इस विवाद को सबसे बड़ी हवा मिली, जिसमें शाह बानो केस की बड़ी भूमिका मानी गई। मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली मुस्लिम महिला शाहबानो को पति मोहम्मद अहमद ने 62 वर्ष की उम्र में तलाक दे दिया था। उनके शौहर ने 1978 में तीन तलाक कहते हुए उनको घर से निकाल दिया था। शाहबानो उस वक्त पांच बच्चों की मां थीं। बच्चों और अपनी जीविका का कोई जरिया न होने से पति से गुजारा लेने के लिए शाह बानो ने अदालत का रुख किया। शाह बानो कोर्ट पहुंचीं। सात साल चली कानूनी लड़ाई के बाद 23 अप्रैल 1985 के दिन सर्वोच्च अदालत का फैसला तलाकशुदा महिला के पक्ष में आया। कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत फैसला दिया। इसमें कहा गया कि यह हर किसी पर लागू होता है,



फिर चाहे वह व्यक्ति किसी भी धर्म का हो। इसके साथ ही अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो को निर्वाह-व्यय दिया जाए। जाने-माने लेखक रामचंद्र गुहा अपनी किताब 'इंडिया आफ्टर नेहरू' में लिखा है कि न्यायाधीशों ने याचिका के संदर्भ से बाहर जाते हुए कुछ सामान्य टिप्पणी भी की। उन्होंने संविधान की धारा 44 का जिक्र करते हुए समान नागरिक संहिता का हवाला दिया और इस पर खेद जताया कि संविधान की ये धारा एक ह्यमृत दस्तावेज के बराबरह्न हो गई है। उन्होंने कहा कि लोगों में ऐसी धारणा बन गई है कि सिर्फ मुसलमानों को ही अपने निजी कानूनों में सुधार के लिए आगे आना चाहिए। विवादित विचारों वाले कानून के प्रति व्याकुल प्रतिबद्धता को दूर कर एक समान नागरिक संहिता, राष्ट्र के एकीकरण में मददगार साबित होगी। पुस्तक में लिखा गया कि सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को पूरे मुस्लिम समुदाय के प्रति एक गैर-जरूरी टिप्पणी के रूप में देखा गया। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने फैसले की ये कहकर आलोचना की कि यह इस्लाम पर एक हमला है। देशभर की मस्जिदों में इसका विरोध किया गया। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने सुप्रीम कोर्ट और शाहबानो की कड़ी आलोचना की। दूसरी तरफ कुछ इस्लामी विद्वानों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह शरीयत के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में ये प्रावधान है कि तलाक देते समय पति को अपनी पूर्व पत्नी की मृत्यु या उसके पुनर्विवाह तक उसको उचित गुजारा भत्ता देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के तीन महीने बाद जी.एम. बनात वाला नाम के सांसद ने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया। इस बिल में मुसलमानों को धारा 125 के दायरे से मुक्त करने की बात कही गई थी। सदन में इस बिल का विरोध तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने किया। उन्होंने अदालत के फैसले का समर्थन किया। 'इंडिया आफ्टर नेहरू' किताब में राम चंद्र गुहा लिखते हैं कि आरिफ मोहम्मद खान को प्रधानमंत्री का समर्थन हासिल था और कांग्रेस पार्टी द्वारा बिल के विरोध में जाने के कारण यह बिल संसद में गिर गया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# एसबीआई के सीएसपी से 4.40 लाख की लूट

**तमंचा सटाकर तीन लुटेरों ने दिया वारदात को अंजाम**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के खजुरी नौडीहा पुलिस पिकेट के समीप एसबीआई के एक ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएसपी) में शुक्रवार को दिनदहाड़े 4.40 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना को तीन अपराधियों ने तमंचे के बल पर अंजाम दिया है। सूचना के बाद पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुट गयी है। खजुरी पुलिस पिकेट से सटे और हाईस्कूल के सामने नागेन्द्र कुमार यादव के सीएसपी में पिस्टल का भय दिखाकर लूट की घटना हुई। बताया जाता है कि सीएसपी में घुसते ही अपराधियों ने संचालक को पिस्टल सटाया और फिर बैग से 3.35 लाख रूपए लूट लिये। इसके बाद अपराधी संचालक के जेब से भी पांच ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**भागने के क्रम में उठायी गिरी हुई नोट की गड्डी**

ग्रामीणों के अनुसार लूटपाट के बाद अपराधी नोटों का बंडल लेकर भाग रहे थे। छतरपुर-पांडू मार्ग पर छतरपुर की ओर भागने के दौरान इमली के पेड़ के पास नोट का एक बंडल गिर गया था। अपराधी उसे उठाने के लिए दोबारा लौटे। वहां पर कुछ ग्रामीण थे। ग्रामीणों ने जब गिरे हुए बंडल के बारे में पूछा तो अपराधियों ने बताया कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### ऑनलाइन सर्विस सेंटर में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के डिहरिया गांव के समीप मोड़ पर स्थित जीतू ऑनलाइन सर्विस सेंटर में गुरुवार की रात्रि असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। संचालक जीतू कुमार ने बताया कि आग की चपेट में आने से कंप्यूटर मशीन सहित कई उपकरण व सामान जलकर राख हो गये। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### चना, सरसों व राई के बीज में गोलमाल से भड़के किसान

**किसानों ने प्रखंड विकास अधिकारी से की कार्रवाई की मांग**

**पाटन।** प्रखंड में कृषि पदाधिकारी की मिली भगत से चना, मसूर, सरसों व राई के बीज वितरण में भारी गोलमाल का आरोप लगाते हुये किसानों ने व्यापक रोष जताया है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। खैर दोहर के सदु अंसारी, मोहम्मद अंसारी, इसाक मियां आदि ने आरोप लगाया कि सहायक तकनीकी प्रबंधन एवं कृषि मित्र की मिली भगत से बीज घोटाला हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जिसका रेकड़ में रसीद कटता है। जिन्होंने लगान फीस भरा है। उन्हें अनाज का बीज उपलब्ध नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग रसीद फार्म के साथ ब्लॉक परिसर पहुंचे थे, लेकिन हम लोगों को कृषि विभाग से बीज नहीं मिला। मिली भगत कर कम जमीन वाले को कृषि विभाग ने बीज उपलब्ध करा दिया है। प्रखंड में कृषि पदाधिकारी एवं एटीएम की मिली भगत से दुकानदारों को चना,बीज, सरसों के बीज की कालाबाजारी की जा रही है। प्रखंड में ऐसे कृषक मित्र बने हैं जिनके पास एक कट्ठा भी जमीन नहीं है। साथ ही निरक्षरों को भी कृषक मित्र की जिम्मेदारी दे दी गयी है।

### डा. अंबेडकर युवा क्लब ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# खेल में खेल भावना की भूमिका अहम

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के पांडेपूर में डा. अंबेडकर युवा क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिक्रेट टूर्नामिंट का समापन शुक्रवार को किया गया। फाइनल मैच नौगढ व पांडेपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पांडेपुर की टीम ने निर्धारित सोलह ओवर में 134 रन बनाये। जबाबी पाली खेलने उतरी नौगढ़ की टीम ने निर्धारित ओवर में सात विकेट खोकर मात्र 75 रन ही बना पायी। इससे पूर्व बतौर मुख्य अतिथि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधानसभा प्रत्याशी राजन मेहता ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल में खेल भावना की भूमिका अहम होती है। खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है।उन्होंने कमेटी के पहल की सराहना करते हुये विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। मौके पर मुरमाखूर्द मुखिया डॉ. रामबचन राम , बसपा के प्रखण्ड अध्यक्ष विजय राम,बिंदु राम,धनंजय रवि, विकास रवि, शायबिहारी, दसरथ पासवान, संजय मेहता, बबलु मेहता, राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर उपस्थित थे।



विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि

### रेशमा आंगनबाडी सेविका चयनित

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंतर्गत खड़गपुर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-एक में ग्रामसभा का आयोजन कर सेविका का चयन किया गया। हरिहरगंज सीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी यामुन रविदास ने बताया कि संपन्न चुनाव में आंगनबाड़ी सेविका में अव्वल अभ्यर्थी रेशमा कुमारी का चयन किया गया। उक्त आमसभा में सेविका पद के लिए चार अभ्यार्थियों ने आवेदन दिया था। वरीयता सूची के आधार पर रेशमा कुमारी को उपयुक्त पाया गया। मौके पर आंगनवाड़ी महिला प्रवेशिका सुमित्रा कुमारी, प्रधानाध्यापक हरिद्वार प्रसाद , अनुसेवक पारस राम के अलावे ग्रामीण सत्येंद्र मेहता, अवधेश राम, अरविंद शर्मा, एएनएम रचना सिंह, अम्बिका मेहता, संतोष मेहता, संजय वर्मा मौजूद थे।

# व्यवसायी की हत्या के विरोध में बंद रहा हरिहरगंज व पिपरा, सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** व्यवसायी शुभम गुप्ता की गुरुवार को हुयी हत्या के बाद शुक्रवार को विरोध में हरिहरगंज तथा पिपरा बाजार पूरी तरह से बंद रहा। मृतक के परिजन, व्यवसायियों सहित स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। हत्यारों की गिरफ्तारी और घटना को स्पष्ट करने की मांग को लेकर पुराने बस स्टैंड स्थित सिनेमा मोड़ के समीप एनएच-98 पर जाम कर सभी ने अपने रोष का इजहार किया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। हालांकि प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम को तो समाप्त कर दिया गया है, किंतु दुकान व प्रतिष्ठा बंद रहे। हरिहरगंज और पिपरा में बंद का व्यापक असर रहा। छतरपुर डीएसपी अजय कुमार तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास लोगों को समझाने में लगे रहे।

**शरीर पर नौ जगह गोलियों के निशान :** विदित हो कि गुरूवार की दोपहर अपने पिता शंकर गुप्ता के साथ छतरपुर बाजार में कलेक्शन के लिए आये शुभम की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मौके पर पहुंचे बाइक सवार तीन अपराधियों ने कार का शीशा उतरवा कर ड्राइवर सीट के बगल में बैठे शुभम को करीब से नौ गोली मारी थी। देर रात शुभम के शव का एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम किया गया। उसके शरीर में नौ जगह गोली लगने के निशान पाये गए हैं। जबकि तीन बुलेट शरीर में फंसी मिलीं।

**पूर्व मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान :** घटना के बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने परिजनों से दूरभाष पर बात कर दोषियों को सजा दिलाने की बात कही। वहीं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह, पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, राजद नेता कमलेश यादव, एनसीपी नेता सरोज कुशवाहा, मनीष सिंह, बसपा नेता प्रमोद रवि, राजकुमार गौतम, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष भोला गुप्ता सहित कई नेताओं ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की।

**जल्द नतीजे पर पहुंचेंगे: एसडीपीओ :** एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि मामले में छानबीन तेज है। लीड मिली है, जल्द नतीजे पर पहुंचेंगे।



सड़क जाम करते लोग

### शुभम की हत्या से व्यवसायियों में आक्रोश हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**हुसैनाबाद।** हरिहरगंज निवासी शुभम गुप्ता की दिनदहाड़े अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या को लेकर हुसैनाबाद शहर के व्यावसायियों में काफी आक्रोश है। इस घटना को लेकर शहर के रुद्रा होटल परिसर में व्यवसायियों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुऐ भाजपा के वरिष्ठ नेता और व्यवसायी रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमन्त सोरेन की सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। वहीं रौनियार वैश्य समाज के अध्यक्ष मदन गुप्ता ने कहा कि पुलिस प्रशासन अगर तीन दिनों के अंदर शुभम के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया तो शहर के सभी व्यवसायी आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस बैठक में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार भी मौजूद रहे। अंत में सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सह व्यवसायी अजय प्रसाद गुप्ता, सचिन आनंद, ध्रुवनारायण गुप्ता, संतोष गुप्ता, रंजन गुप्ता, दिलीप गुप्ता, संतोष कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

### छठ पोखरा पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने का किया आह्वान

# एनसीपी कार्यकर्ताओं ने किया प्राण-प्रतिष्ठा निमंत्रण पत्र का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एनसीपी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को अयोध्या से आये श्रीराम मंदिर प्राण -प्रतिष्ठा के लिये निमंत्रण पत्र का वितरण किया। शहर के खादी भंडार व नहर मोड़ समेत कई स्थानों पर दुकानदारों व लोगों को घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही सभी लोगों से 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के दिन घरों और पास के मंदिरों में दीप जलाकर दिवाली मनाने की अपील की। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह व प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन शहर के जेपी चौक स्थित छठ पोखरा घाट पर 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित किये जायेंगे। उन्होंने सभी राम भक्तों से आग्रह किया है कि वह भी इस भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर एक दिया प्रभु श्रीराम के नाम पर जलायें। मौके पर विनय पासवान, राजकुमार ठाकुर,पप्पू सिंह, बबन सिंह, शंकर ठाकुर, रोहित बैठा, चंदन सिंह, रतन लाल, रविन्द्र कांस्यकार, ब्रह्मदेव राम, सत्येंद्र सिंह, दिलीप सिंह,देवन्द्र सिंह मौजूद थे।



निमंत्रण पत्र वितरित करते एनसीपी कार्यकर्ता

### बड़ेपुर मंदिर में होगा अखण्ड कीर्तन

**हुसैनाबाद।** अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे पूरा देश राममय होता जा रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों की साफ-सफाई की जा रही है। वहीं प्रखंड के बड़ेपुर गांव स्थित मंदिर में 24 घण्टे का अखण्ड कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। इससे पूर्व कलश स्थापना कर रामचरित मानस का पाठ किया जायेगा। ततपश्चात बिक्रमगंज रोहतास से मनमोहन तिवारी टीम के सदस्यों द्वारा अखण्ड पाठ प्रारंभ किया जायेगा। इसमें शिवजी तिवारी, अमन पांडेय, बिट्टू, मनोज,गौरी, धनंजय कुमार आदि कलाकार रहेंगे। इस आशय की जानकारी अशोक कुमार सिंह ने दी है।

### अयोध्या पहुंचे विहिप के जिला पदाधिकारी

**हुसैनाबाद।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिये विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह आधा दर्जन कार्यकर्ताओं के साथ अयोध्या धाम में संत-महापुरुषों की सेवा में लगे हैं। उन्होंने अयोध्या से मोबाइल फोन पर बताया कि यहां आकर वे खुद को भाग्यशाली मान रहे हैं। उनके साथ सुनील कुमार सिंह, अमित कुमार, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, संजय कुमार, अवध कुमार, विमलेश कुमार भी अयोध्या गये हैं।

### सतबरवा में मना ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का सालाना उर्स

**सतबरवा।** शहर के अंसार मोहल्ला में गुरुवार की रात ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 812वें सालाना उर्स के मौके पर जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के जीवनकाल के संदर्भ में तकरीर की। उन्होंने बताया कि किस तरह ख्वाजा समाज कल्याण सेवा में समर्पित थे। इस महफिल में युवाओं से दहेज नही लेने की अपील की गई। साथ ही बारात में बारातियों की संख्या अधिकतम 40 रखने की हिदायत दी गई। सतबरवा ताहा मस्जिद के इमाम मौलाना सरफराज रहबर ने मुस्लिम युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। महफिल में ताबर के इमाम सगीर अहमद, कारी कुतुदुद्दीन ने नात शरीफ का एहतमाम किया। आयोजन में अरबाज अंसारी, तालिब अंसारी, वसीम इराकी, मोनिश अंसारी, दानिश अंसारी, बाबू खान, समीर आलम, मो. अनीस, मुस्ताक खान, जैनुल्लाह अंसारी उपस्थित थे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में रतनाग के छात्रों को मिला प्रथम पुरस्कार

**ऊंटारी रोड।** जेसीईआरटी रांची के आदेशानुसार बृहस्पतिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मेदिनीनगर में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें अपग्रेडेड प्लस टू रतनाग हाईस्कूल के छात्रों को प्रथम पुरस्कार मिला। पूरे जिले में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार, सहायक शिक्षक उपेंद्र कुमार, सुमन कुमारी मेहता, शारीरिक शिक्षक अनुपम तिवारी, गुलाम रब्बानी,महताब आलम, मनीषा कुमारी, बलराम मेहता, मोहम्मद आरिफ हुसैन, उपेंद्र गुप्ता, शिवनाथ गुप्ता, बीरबल राम, नरेश विश्वकर्मा, गिरीश पांडे, इरफान अंसारी,शालेंद्र पाठक आदि ने बच्चों को बधाई दी है। प्राचार्य ने बताया कि 26 जनवरी को इन सभी बच्चों को विद्यालय परिवार की तरफ से पुरस्कृत किया जाएगा। छात्रों की उपलब्धि से पंचायत में खुशी का माहौल छाया हुआ है।

### शैक्षणिक भ्रमण पर छात्र-छात्रायें बोधगया रवाना

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी रोड स्थित एक्सेंट पब्लिक स्कूल के दर्जनों छात्र-छात्रायें शुक्रवार की सुबह शैक्षणिक भ्रमण हेतु बोधगया के लिये रवाना हुये। पांकी थाना में पदस्थापित एसआई रंजीत कच्छप ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया। अपने संबोधन में एसआई ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में नवीन ऊर्जा का संचार होता है एवं उन्हें नई जगहों के बारे में नई जानकारियां भी प्राप्त होती हैं। स्कूल के प्रबंधक विकास प्रजापति ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय की ओर से शैक्षणिक भ्रमण हेतु दर्जनों छात्र-छात्रायें रवाना हुये।

### विधायक ने करवाया पइन उड़ाही का कार्य, ग्रामीणों में हर्ष



**पांकी।** विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता के द्वारा अपने निजी खर्च से प्रखंड के सोरठ गांव में भलुआही चेकडैम से सोरठ आहर तक पइन उड़ाही का कार्य तीव्र गति से करवाया जा रहा है। शुक्रवार की दोपहर दर्जनों ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर विधायकको इस नेक कार्य हेतु धन्यवाद दिया है। ग्रामीण मोहम्मद मुस्ताक अंसारी, मोहम्मद इंताफ अंसारी, हरिद्वार महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से पइन के क्षतिग्रस्त हो जाने से सिंचाई को लेकर सैकड़ों किसानों को काफी दिक्कतें हो रही थी। इस गंभीर मामले को लेकर कुछ दिन पूर्व किसानों ने विधायक को इसकी लिखित जानकारी दी थी। जिसके तुरंत बाद मामले में संज्ञान लेते हुए पइन उड़ाही का कार्य शुरू करवाया गया। शुक्रवार तक दो-तिहाई कार्य पूर्ण भी हो गया था। कार्य होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि अब सिंचाई को लेकर उन्हें काफी सहूलियत होगी। मौके पर नारायण महतो, धर्मेंद्र कुमार, ओमप्रकाश साहू, उदेश्वर राम, भोला राम उपस्थित थे।

### फंदे से लटका मिला ट्रैक मैन का शव, जांच में जुटी पुलिस

**ऊंटारी रोड।** रेहला थाना अंतर्गत सिगसिगी रेलवे क्वार्टर में ट्रैक मैन का शव फंदे से झूलता हुआ पुलिस ने बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ट्रैक मैन प्रमोद कुमार उम्र 40 वर्ष बिहार के गया जिला अंतर्गत मानपुर का निवासी बताया गया है। मौजूद सहकर्मियों ने बताया की प्रत्येक दिन की भाति पांच बजे ड्यूटी के लिए जागने पर उन लोगों ने प्रमोद को जगाने के लिए आवाज लगायी। कोई जवाब नही मिलने पर जब खिड़की खोलकर देखा तो वह फंदे पर झूलता दिखा। इसकी सूचना तत्काल परिजनों को और विभागीय प्रशासन को दिया गया। मौके पर पहुंची रेहला थाना पुलिस घंटों सीमा विवाद में उलझी रही। मौके पर उपस्थित आरपीएफ के विकास कुमार ने बताया कि रेलवे क्वार्टर थाना अंतर्गत आता है। इसलिए हम शव नहीं उतार सकते। अंततः लगभग 10 बजे शव को रेहला पुलिस ने उतार कर अंत्यपरिक्षण हेतु भेज दिया। एएसआई उदय कुमार सिंह ने बताया की पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है।


Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office Of The Gumla Nagar Parishad, Gumla

**E-procurement Tender NoticeNIT No.- GML/NP/01/2023-24**
**(Urban Transportation & Civic Amenities) 2nd Call**

| Sl No/ Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents by DD (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of road, PCC work from Main road to DSP road at ward no 20 and 21 under Nagar Parishad, Gumla (Urban Tranportation) | 2040608.00 | 40900.00 | 5000.00 | 03 Month |
| | | 2040608.00 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Administrator, Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Date of tender published on website | 29.01.2024 |
| 3 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 4 | Availability of tender online biding | 29.01.2024 (at 11:00 AM) to 05.02.2024 (at 05:00 PM) |
| 5 | Date & time of opening bid | 06.02.2024 (at 01:00 PM) |
| 6 | Mode of Submission of bid | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

नोट :–(1) केवल ई–निविदास्वीकार की जायेगी। (2) निविदा की शर्त्तें व अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद्, गुमला।

PR.NO.316595 District(23-24):D



झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड
अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

**PR No. - 314100 dated 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **242/2023-24** दिनांक :- 19.01.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | JH-M-LOH-04 /2023-24 | लोहरदगा | 1 | लोहरदगा ईरगाँव पथ से बैजवाली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.775 कि०मी०) | 1190.882 | ग्यारह करोड़ नब्बे लाख अठ्ठासी हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | लोहरदगा | 2 | लोहरदगा ईरगाँव पथ से अरकोसा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.400 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 3 | जुरिया पी०डब्लु०डी० पथ से नगर निगम सिमाना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –0.730 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 4 | लोहरदगा चंदवा पी०डब्लु०डी० पथ से हेंदलासो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.300 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 5 | बाईपास सड़क गांगुपाड़ा सें ओयना मोड़ भाया ब्रह्मणडीहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.190 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 6 | नदिया रामपुर पथ से लोहर दगा रेलवे स्टेषन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0 .400 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–22.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 01.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–02.02.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 316602 Rural Work Department(23-24)D



"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।"
**कार्यालय य जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, पलामू**
Tel. No. (Election Office) – 06562-224033, E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

**–: ई–निविदा प्राप्ति हेतु आम सूचना :–**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 5903 दिनांक 09.11.2023 एवं 6369 दिनांक 27.12.2023 के आलोक में आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 एवं विधानसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय सामग्रियों की खरीदगी एवं सेवाओं की प्राप्ति हेतु ई–निविदा आमंत्रित किया जाना है। उक्त के आलोक में कार्यालय उपयोगी सामग्री की आपूर्ति/ विडियोग्राफी /फोटोग्राफी/सी0सी0टी0वी0/ड्रोन कैमरा/टेन्ट, शमियाना/ लाईट/साउण्ड सिस्टम की प्राप्ति/मुद्रण सामग्री/नाश्ता/भोजन/पेयजल/मतदान सामग्रियों की आपूर्ति/कम्प्यूटर/प्रिन्टर/फोटोकॉपियर/लैपटॉप/डेस्कटॉप कम्प्यूटर/प्रिन्टर कार्टिज आदि की आपूर्ति हेतु **दिनांक 02.02.2024 के अपराहन् 01.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।**

इच्छुक निविदादाता/फर्म निविदा हेतु निर्धारित शर्तों के अनुरूप e-Tender Portal https://jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 02.02.2024 के अपराहन् अपराहन् 01.00 बजे तक ई–निविदा समर्पित कर सकते हैं। **ई–निविदा दिनांक 03.02.2024 को अपराहन् 03.00 बजे खोला जायगा।** पलामू जिला हेतु आमंत्रित ई–निविदा से संबंधित सामग्रियों की विवरणी, नियम एवं शर्तों का अवलोकन https://jharkhandtenders.gov.in पर एवं जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in/ पर किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, पलामू

PR 316532 Palamu(23-24)#D



Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं० : 07/2023–24 (द्वितीय कॉल)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, गुमला अन्तर्गत सड़क, पुल–पुलिया, चौक–चौराहा सौन्दर्यीकरण, पार्क निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था, कार्यालय भवन, तालाब सौन्दर्यीकरण/जीर्णोद्धार, भवन निर्माण एवं अन्य विभिन्न विकास योजनाओं का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी तथा विशेषज्ञ परामर्शियों से अगले तीन वर्षों तक कार्य कराने के निमित चयन हेतु कोटेशन/निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक परामर्शी अपना दर सभी कर सहित मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 31.01.2024 के अपराह्न 05.00 बजे तक नगर परिषद गुमला के कार्यालय में जमा कर सकते है। उक्त निविदा नगर परिषद, गुमला अन्तर्गत गठित निविदा समिति के द्वारा नगर परिषद, गुमला में दिनांक 01.02.2024 को अपराह्न 03.00 बजे संबंधित परामर्शीदात्रियों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जायेगा।

**कार्य का विवरण**

| क्र० सं० | डी0 पी0 आर0 की राशि | परामर्शी शुल्क (DPR) सभी कर (Tax) सहित | परामर्शी शुल्क (PMC) सभी कर (Tax) सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | 0–1 करोड़ की लागत तक | | |
| 2 | 1–5 करोड़ की लागत तक | | |
| 3 | 5–10 करोड़ की लागत तक | | |
| 4 | 10 करोड़ की लागत से अधिक | | |

नियम एवं शर्त्त :–

1. परामर्शदात्रियों को पेन कार्ड, जी0 एस0 टी0, निबंधन प्रमाण–पत्र, अद्यतन आयकर रिर्टन प्रमाण–पत्र (पिछले तीन वित्तीय वर्ष का), अद्यतन जी0 एस0 टी0 रिर्टन एवं विभिन्न डी0 पी0 आर0 तैयार करने का अनुभव एवं कार्यादेश की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर कोटशन देना अनिवार्य होगा।
2. परामर्शदात्रियों को कोटेशन के साथ रू० 10,000=00 (दस हजार) मात्र का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जमानत की राशि के रूप जमा करना अनिवार्य होगा जो कि प्रशासक, नगर परिषद, गुमला के पदनाम से गुमला में देय होगा। बिना जमानत राशि के कोटेशन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
3. परामर्शदात्रियों को सरकार के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त्तों के अनुरूप डी0 पी0 आर0 तैयार करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी स्तर पर निर्गत इस तरह के कार्य का डी0 पी0 आर0 तैयार किये जाने संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करने वाले परामर्शदात्रियों को प्राथमिकता दी जायेगी। साथ ही आवेदन पर समान दर रहने की स्थिति में कार्य आवंटन पर उक्त कण्डिका प्रभावी माना जायेगा।
5. उक्त निविदा का निस्पादन नगर परिषद, गुमला अन्तर्गत गठित निविदा समिति के द्वारा किया जायेगा। जिसका निर्णय अंतिम होगा।
6. परामर्शदात्रियों को आवेदन के साथ उनकी संस्था या फर्म के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई धोखाधड़ी का मामला नहीं है या किसी प्रकार का कार्रवाई नहीं हुआ है एवं उनका संस्था काली सूची में दर्ज नहीं है या रूग्न अवस्था में नहीं है, का शपथ प्रत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. परामर्शदात्रियों को Final DPR ससमय संतोषप्रद रूप से सक्षम प्राधिकार से स्वीकृति कराने के उपरांत राशि विमुक्त की जायेगी। साथ ही परामर्शदात्रियों को भुगतान की जाने वाली राशि से सभी कर की कटौती करते हुए विपत्र का भुगतान किया जायेगा।
8. उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य जानकारी कार्यालय के कार्यदिवस में कार्यअवधि तक नगर परिषद, गुमला के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर किया जा सकता है।
9. बिना कारण बताये परामर्शी चयन निविदा आमंत्रण को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला।

PR 316591 (District) 23-24 (D)

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार शहर आपका है। आइये मिलकर मेदिनीनगर को स्वच्छ व सुंदर बनायें। इधर-उधर कचरा न फेंके। प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें।

**मो. जावेद हुसैन, नगर आयुक्त मेदिनीनगर**

## ट्रेन की चपेट में आने से हवलदार की मौत

**मेदिनीनगर।** हजारीबाग में तैनात पुलिस हवलदार सीताराम महतो उम्र 50 वर्ष की शुक्रवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि श्री महतो डाउन लाइन से ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान शक्तिपुंज एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। उनके पास से मिले पैन कार्ड के आधार पर उनकी शिनाख्त हो पायी। रेल अधिकारियों ने किसी भी यात्री को प्लेटफार्म बदलने के लिये फुट ओवर ब्रिज का सहारा लेने का आह्वान किया है।

# एसपी ने की अपराध की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने शुक्रवार को अपराध गोष्ठी में अपराध की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण संबंधी कई दिशा-निर्देश दिये।



बैठक करतीं पलामू एसपी

उन्होंने वारंट कुर्की का निष्पादन, लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन, अवैध कारोबार पर पूर्णतः रोक समेत आगामी लोक सभा चुनाव संबंधी निर्देश दिये। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन पर विधि व्यवस्था से सम्बंधित कई दिशा-निर्देश दिये।

### नुक्कड़ नाटक से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

# सड़क पर उतरे यमराज, हेलमेट पहनने को किया आगाह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर शुक्रवार को जिला प्रशासन के आदेश पर शहर के छह मुहान चौक सहित अन्य चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक देखने के लिये लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। नाटक मंचन कर रहे विरेंद्र कुमार,गुड्डू दुबे,प्रकाश ठाकुर,गोविंदा कुमार, सत्यम कुमार के द्वारा नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को सड़क पर वाहन चलाने के नियमों सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। परिवहन विभाग व यातायात पुलिस की देख-रेख में एक निजी संस्था द्वारा नाटक की प्रस्तुति की गयी। इस दौरान यमराज का रूप धारण कर कलाकार ने दो-पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिये आगाह किया गया।



लोगों को जागरूक करते ट्रैफिक प्रभारी

ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को जिला प्रशासन के आदेश पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, उचित दूरी बनाकर चलने, जेब्रा क्रासिंग पर वाहन की गति धीमी करने व पैदल यात्रियों को चलने का अवसर देने, सड़कों पर लगे यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने, वाहन तेज गति से न चलाने के प्रति जागरूक किया गया।

## एक नजर

### सदर अस्पताल में गर्भवती की मौत, परिजनों का हंगामा

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में गर्भपात के दौरान शुक्रवार की शाम शहर के कुंड मोहल्ला निवासी राहुल कुमार की पत्नी पिंकी गुप्ता की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने महिला चिकित्सक वर्षा कुमारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये सदर अस्पताल में हंगाम करने लगे। खबर मिलते ही टीओपी वन प्रभारी अशोक कुमार, टीओपी थ्री प्रभारी शमाल अहमद और टाइगर मोबाइल के जवान शरवन कुमार,परवेज खान,राकेश कुमार सिंह, शारिक इरशाद ने अस्पताल पहुंच कर हंगामा कर रहे लोगो को शांत कराया।

### रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा पर निकलेगी श्रीराम की झांकी

**मेदिनीनगर।** अखंड राष्ट्रीय हिन्दू सेना के द्वारा आढ़त रोड में शुक्रवार को आयोजित वार्ता के दौरान 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। इस दौरान निर्णय लिया गया कि इस दिन सेना के द्वारा रामदरबार की भव्य झांकी निकालकर 2 क्विंटल बुंदिया का प्रसाद पूरे बाजार में वितरित किया जाएगा। साथ ही कार सेवा में भाग लेने वाले कार सेवकों को सम्मानित भी किया जायेगा। सेना के पदाधिकारी संदीप दास ने बताया कि 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम का आगमन होने वाला है। इस अवसर पर सभी लोग खुशियां मनायें। अपने-अपने घर दुकानों में दीप जरूर जलायें। उन्होंने बताया कि झांकी संस्कृति महाविद्यालय साहित्य समाज भारत माता चौक से हॉस्पिटल चौक -सत्तार सेठ चौक -कन्नी रामचौक होते हुए आढ़त रोड, जय भवानी चौक से पंच मुहान चौक, डाबर रोड से धर्मशाला रोड होते हुए इंजीनियरिंग रोड से जिला स्कूल से छह मुहान पहुंचेगी। वहां हनुमान मंदिर में पूजन कर दीप जलाया जायेगा। इसके बाद थाना रोड होते हुये साहित्य समाज चौक पर समापन किया जायेगा। मौके पर विभाग अध्यक्ष शशिभूषण मिश्रा, विभाग संरक्षक मनीष सिंह, विकास सिन्हा,जिला अध्यक्ष रंजन वर्मा, विवेक चौबे, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, हिंदू नगर उपाध्यक्ष मनीष वर्मन ,संतु चंद्रवंशी, सूरज कुमार उपस्थित थे।

### सांसद आवास का घेराव कल

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, सदर उप प्रमुख चेरो शीतल सिंह निराला , दिनेश राम, अभय कुमार भूइयां, सोहैल अख्तर ,जोगिंदर सिंह, आलोक कुमार तिवारी,फेकन आदि ने बताया कि रेलवे अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति ग्राम सुआ द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 21 जनवरी को पलामू सांसद के आवास का घेराव किया जाएगा।

### 9 माह में 200 वाहन जब्त, 92.97 लाख रुपये जुर्माना व 40 के खिलाफ एफआईआर

# अवैध खनन करनेवालों को भेजें जेल: डीसी

**ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों को जब्त करने पर बल दिया**

**प्रायः ऐसा देखा गया है कि वैध माइनिंग एरिया में भी कई आसामाजिक तत्वों द्वारा कई तरह का व्यवधान उत्पन्न किया जाता है : उपायुक्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के अलग-अलग इलाकों में अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में पिछले 9 माह में 200 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं बतौर जुर्माना 92.97 लाख रुपये की वसूली की गयी है। इसके अलावे 40 प्राथमिकी दर्ज की गई है। इतना ही नहीं पांच अवैध क्रशर को सील व एक क्रशर को ध्वस्त किया गया है। इस बात का खुलासा शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स खनन समिति की बैठक में किया गया है। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने सभी सीओ व थाना प्रभारी को अंचल अंतर्गत कहीं भी अवैध माइनिंग या अवैध बालू का कारोबार पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके अलावे चलंत चिमनी पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। उन्होंने ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों को जब्त करने पर बल दिया। कहा कि प्रायः ऐसा देखा गया है कि वैध माइनिंग एरिया में भी कई आसामाजिक तत्वों द्वारा कई तरह का व्यवधान उत्पन्न किया जाता है। ऐसे दागी व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उन पर भी कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन,नगर आयुक्त जावेद हुसैन,सहायक समाहर्ता रवि कुमार व सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित थे।



बैठक करते पलामू डीसी

# एक करोड़ की लागत से दो आश्रय गृहों का होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम प्रशासन लोगों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिये लगातार प्रयास कर रहा है। इसके मद्देनजर निगम क्षेत्र में एक करोड़ रुपये की लागत से 50-50 बेड के दो आश्रय गृह का निर्माण किया जा रहा है। नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन ने बताया कि निगम क्षेत्र में दो आश्रय गृह का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है। यहां लोगों को निः शुल्क ठहरने की सुविधाएं मिलेंगी। इसमें से एक आश्रय गृह पोखरहा स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के समीप कराया जायेगा। इससे अस्पताल में मरीजों को लेकर आने वाले तीमारदारों को राहत मिलेगी। इस फैमिली आश्रय गृह में महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग कमरे बनाये जा रहे हैं। यह मार्च महीने तक बनकर तैयार हो जाएगा। दूसरा आश्रय गृह डालटनगंज रेलवे स्टेशन के समीप बनाया जा रहा है। इससे यात्रियों को रात्रि ठहराव में राहत मिलेगी। मई महीने तक इसका निर्माण पूर्ण कर लिया जायेगा। बताते चलें कि नगर निगम क्षेत्र स्थित सरकारी बस डिपो में पहले से एक आश्रय गृह बना हुआ है। यहां सालों भर गरीब तबके के लोगों को निःशुल्क रहने की सुविधा के साथ शौचालय और आरओ के पानी की सुविधा दी जाती है।

### एलएडीसी के डिप्टी चीफ ने केंद्रीय कारा में बंदियों को किया जागरूक

# वंचितों को मुहैया करायी जा रही मुफ्त विधिक सेवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समाज के वंचित वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवायें प्रदान करायी जा रही है। डालसा के निर्देशन में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली एलएडीसी इसके लिए कार्य कर रहा है। डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने शुक्रवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में कैदियों के बीच डालसा से प्रदत विधिक सहायता व सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपराधिक मामले में कानूनी सहायता से लेकर मामले के समापन तक पेशेवर तरीके से कानूनी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। आर्थिक कारणों से लोग अब न्याय से वंचित नहीं रहेंगे। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली से जुड़े अधिवक्ता पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन बंदियों का वकील नहीं है। उनका काम कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली से जुड़े अधिवक्ता के द्वारा किया जाएगा। जिन बंदियों का अभी तक जमानत की अर्जी दाखिल नहीं की गई है। उनका आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार में भेजवाने का काम करें। डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव के द्वारा भी अधिक से अधिक जरूरत मन्द लोगो को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति डालसा में आकर सादे कागज पर अपना आवेदन देकर समस्या रख सकता है। इस दौरान बन्दियों ने निःशुल्क विधिक सहायता पाने के लिए बन्दी आवेदन भी दिया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट वीर विक्रम बख्श राय उपस्थित थे।

### सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही पुलिस , खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

# शुभम गुप्ता हत्याकांड में छापेमारी तेज, एसआईटी का गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर में चीनी कारोबारी शुभम हत्याकांड मामले में पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देशन पर एसआईटी का गठन किया गया है। एसपी ने बताया कि मामले में गहन छानबीन की जा रही है। कई इलाकों में छापेमारी जारी है। मामले में छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। टीम में छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार, छतरपुर इंस्पेक्टर बीर सिंह मुंडा, हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार, पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार, एसआई रंजीत कुमार और प्रियरंजन कुमार शामिल हैं। पुलिस ने घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान मौके से तीन खोखा बरामद किया है। हत्याकांड में पलामू पुलिस बिहार सहित कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर तकनीकी माध्यमों से भी अपराधियों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। फिलहाल हत्याकांड के कारणों के बारे में पता नहीं चल पाया है। विदित हो कि गुरुवार को छतरपुर में हरिहरगंज के चीनी कारोबारी शुभम गुप्ता की बाइक सवार अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी थी। इसके बाद भड़के स्थानीय कारोबारियों ने छतरपुर और हरिहरगंज बाजार बंद कर नेशनल हाईवे-98 पर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

### 24 घंटे में गिरफ्तारी नहीं होने पर चक्का जाम की दी चेतावनी

## राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर में युवा व्यवसायी की दिनदहाड़े हत्या पर विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने गहरा रोष जताया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे ने कहा कि जिले में आये दिन व्यवसायियों एवं आम जनों को अपराधियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। किसी भी मामले में कार्रवाई नहीं होने से जहां अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। वहीं आम नागरिक दहशत के वातावरण में जी रहे हैं। थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर निर्मम हत्या सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहा है। डेढ़ वर्ष के अंतराल में छतरपुर में चार हत्याएं हो चुकी हैं। महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने कहा कि जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार आई है,तब से दिन प्रतिदिन अपराध में बढ़ोतरी हुई है। बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार सोनी एवं जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कहा कि हत्या अत्यंत दुखद है। अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाये। ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक रामदास साहू, ब्रह्मदेव प्रसाद एवं विनोद कुमार हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने हत्यारोपितों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने, व्यवसाइयों की सुरक्षा और पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा देने की मांग सरकार और प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से व्यवसाइयों को टारगेट किया जा रहा है। उससे अगले कुछ वर्षों में यहां से व्यवसायी पूरी तरह से पलायन कर जाएंगे। 24 घंटे के भीतर पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो चक्का जाम किया जाएगा। सुरक्षा को लिये आवश्यकता पड़ी तो प्रदेशव्यापी आंदोलन भी किया जायेगा।

### पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी ग्रामों में लगा शिविर

# आदिम पहाड़िया समुदाय के लोगों की मोतियाबिंद जांच कर किया इलाज



शिविर में उपस्थित जनजाति समुदाय के लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विभिन्न पीवीटीजी बाहुल्य ग्रामों में चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के आदेशानुसार शुक्रवार को पांकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अन्तर्गत सभी पीवीटीजी गांवों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा गठित चिकित्सा दल ने शिविर में पीवीटीजी समुदाय के लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान विशेष रूप से नेत्र सहायक द्वारा पहाड़िया समुदाय के लोगों के मोतियाबिंद की जांच की गयी। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि विगत दिनों ग्राम जीरो, बघमरी में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत लगे शिविर में पहाड़िया समुदाय के 11 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया था। इनमें से आठ मरीजों को गांव से लाकर मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया एवं उन्हें सभी तरह की मुफ्त दवा व चश्मा देकर एम्बुलेंस से घर पंहुचाया गया। इस कार्य में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनुज कुमार, नेत्र सहायक कुमार विनोद, संस्था के संचालक शशि भूषण पासवान एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी लगे रहे।

### मालगाड़ी की चपेट मे आने से महिला की मौत

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा गांव में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। मृतका वरीय भाजपा नेता कृष्ण मुरारी सिंह की पुत्री है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका स्वाति देवी (32) गांव के ही कुछ महिलाओं के साथ फोर लेन बाईपास रोड की तरफ घूमने गई थी। घर वापस आने के दौरान वह रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान वह एक मालगाड़ी के चपेट में आ गई। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतका दो बच्चों की मां थीं। मौके पर पहुंची रेहला थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से गांव में शोक व्याप्त है।

### पहली बार महिला आईपीएस रिष्मा रमेशन को जिले की कमान

# जिले में पहली बार पांच आईएएस की तैनाती







**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्तमान में पलामू में पहली बार पांच आईएएस अधिकारी अपना योगदान दे रहे हैं। साथ ही पहली बार महिला आईपीएस को जिले की कमान सौंपी गयी है। इससे निश्चित ही आर्थिक रूप से पिछड़े व भौगोलिक रूप से दुर्गम जिले की स्थिति में आशातीत परिवर्तन की उम्मीद नजर आ रही है। कभी घोर नक्सलवाद की चपेट में रहे पलामू में कोई अधिकारी नहीं आना चाहता था, लेकिन बदले समय में स्थितियां भी बदली हैं। वर्तमान में पलामू के उपायुक्त शशिरंजन, डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन, प्रशिक्षु आईएस रवि व प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार तैनात हैं। इन सभी अधिकारियों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि इंजीनियरिंग है। जिले के इतिहास में पहली बार पुलिस की कमान भी महिला आईपीएस रिष्मा रमेशन को सौंपी गयी है। जिले के सर्वोच्च पद सहित विभिन्न अहम विभागों में आसीन आईएएस के पास फरियाद लेकर जाने में न तो दूरस्थ गांवों के ग्रामीण झिझक रहे हैं न ही अधिकारी इनकी समस्याओं को सुनने से परहेज कर रहे हैं।

**बैठक**

### आइसा का यंग इंडिया महासम्मेलन पाटन में 30 जनवरी को

# 45 साल के उच्चतम स्तर पर बेरोजगारी : राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा पलामू जिला कमिटी की बैठक मेदिनीनगर स्थित भाकपा माले जिला कार्यालय में हुई। इस बैठक में मुख्य अथिति आइसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलाशिस बोस एवं आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ मौजूद थे। सर्वप्रथम तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई । साथ ही बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह और संचालन जिलाध्यक्ष गुड्डू भुइयां ने किया। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अनियमित सत्र, परीक्षा परिणाम त्रुटि आदि पर चर्चा करते हुए केंद्र सरकार की शिक्षा विरोधी नीति को लेकर जिले के पाटन प्रखंड में 30 जनवरी को छात्र व युवाओं को बड़ी तादाद में यंग इंडिया महाजुटान करने का निर्णय लिया गया। मौके पर आइसा राष्ट्रीय अध्यक्ष निलासलिश बोस ने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल, यंग इंडिया के 10 सवाल पर राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान पूरे देश भर में छात्र नौजवानों के बीच चलाया जा रहा है। झारखंड के सभी जिलों में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। देश भर में मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों का आइसा पदार्फाश कर रही है। देश में नेप 2020 लाकर फीस वृद्धि और सार्वजनिक शिक्षा को आम छात्रों की पहुंच से दूर कर दिया गया है। हेफा के जरिए ऋण आधारित मॉडल शिक्षा थोपी जा रही है। जिससे लगातार फीस वृद्धि ,सीट कटौती, फंड कटौती हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 45 साल के उच्चतम स्तर पर बेरोजगारी है। 10 सालों में 22 करोड लोगों ने आवेदन किए हैं, लेकिन मात्र 7 लाख लोगों को ही सरकार नौकरी दे पाई है। मौके पर आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ, राज्य परिषद सदस्य सह जीएलए कॉलेज प्रभारी अभय सिंह, जिला उपाध्यक्ष ममता कुमारी, मिन्नत प्रवीण, कंचन कुमार, विकास कुमार, चंदन कुमार, चंद्रकांती कुमारी, निखिल कुमार, मनीष उपस्थित रहे।



बैठक करते आइसा कार्यकर्ता

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **‘राष्ट्रीय नवीन मेल’** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक ‘राष्ट्रीय नवीन मेल’, 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की बहाली पर रोक का किया विरोध



**मेराल।** उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की सीधी बहाली सरकार द्वारा बंद करने पर गढ़वा जिला राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के लोगों ने दुलदुल्वा गांव से शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद फिरोज अंसारी ने बताया कि राज्य के वर्तमान सरकार द्वारा उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की सीधी नियुक्ति होनी थी हेमंत सरकार ने इसको बंद कर दिया है, जिससे उर्दू विषय पढ़ने वाले बच्चे विद्यालय में वंचित हो जाएंगे। साथ ही बहाली बंद करने से उर्दू विषय से बहाल होने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य भी खतरे में पड़ गया है। उन्होंने हेमंत सरकार से पुनः सीधी बहाली को बहाल करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में फिरोज अंसारी, रशीद अंसारी, हाजी अकलीम अंसारी, हाजी निजामुद्दीन अंसारी, शमीम अंसारी, अहमद अंसारी, हाफिज कासिम अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, बदरुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

### 22 के कार्यक्रमों को लेकर हुई बैठक



**मेराल।** मां शायर देवी धाम संचालन समिति की बैठक संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत तथा सचिव कृष्ण प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण, मंदिर परिसर से झांकी निकालने, दीपोत्सव में 551 दीप जलाने, संध्या काल में भजन कीर्तन आयोजित करने तथा झांकी के साथ बाइक रैली निकालने तथा भंडारा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुखिया राम सागर महतो, प्रेमचंद प्रसाद, मोतीचंद प्रसाद, अशोक राम, संदीप कुमार, रामप्रीत ठाकुर, दशरथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, विजय, अजय प्रसाद गुप्ता, कुलदीप बियार प्रसाद, मनोज जायसवाल, अरविंद महतो, रविंद्र प्रसाद, तालो सोनी, वीरेंद्र प्रसाद, प्रमोद महाजन, सुरेश शाह, अरविंदा सिंह, अंबिका यादव, राजेंद्र शाह, राजेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे।

### समिति की बैठक

**भवनाथपुर।** पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वाधान में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शिव पारस बियार ने की। इसमें विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य, शिक्षा और पलायन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो, विजय महतो, अतुल गुप्ता, अनिल गुप्ता, विकास पासवान, आनंद पासवान, अगस्त कुमार, शत्रुघन कुमार, धर्मेंद्र कोरवा, विकास बियार, जयप्रकाश पासवान, अमित कुमार, शैलेश गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, दिलीप पासवान आदि उपस्थित थे।

# कोरवाडीह-करकोमा पथ का होगा निर्माण

## एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण होंगे लाभान्वित : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले के गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह से करकोमा तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करकोमा पीडब्ल्यूडी पथ नहर से लुगलईया होते हुए पीडब्ल्यूडी पथ कोरवाडीह तक पथ का निर्माण कार्य किया जाएगा। चार करोड़ 53 लाख 89 हजार तीन सौ रुपये की लागत से 4.25 किमी सड़क का निर्माण होगा।

गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार ने इस सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सड़क निर्माण से लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। पहले इस क्षेत्र के लोगों को

### सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त होगा गढ़वा का हर कोना : मिथिलेश ठाकुर



आवागमन में काफी समस्या होती थी। लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों की इस सड़क निर्माण की मांग थी, जो अब पूरी हो गई है। इस सड़क के निर्माण से गढ़वा के लोगों को करकोमा, कजराठ, बिछियादामर, देवगाना, दतवनिया, डंडई एवं धुरकी जाना आसान हो जाएगा। मंत्री ने कहा कि जिस दिन से गढ़वा के लोगों ने उन्हें क्षेत्र की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी है वे उसी दिन से लगातार दिन रात परिश्रम कर पूरे गढ़वा को सभी क्षेत्रों में चुस्त-दुरुस्त बनाने में लगे हुए हैं। आज उनके प्रयास एवं जनता के आशीर्वाद का ही परिणाम है कि गढ़वा की स्थिति में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि गढ़वा का कोना-कोना सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त हो। इसके लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में हेमंत सरकार ने विकास की जो लंबी लकीर खींची है यही विरोधियों को पच नहीं रहा है। विपक्ष के लोग लगातार गरीब-गुरबों की आवाज दबाने एवं झारखंड का विकास बाधित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। फिर भी हेमंत सरकार इन षड्यंत्र से बिना डरे हुए लगातार जनहित की बेहतर कार्य को कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र कि चाबी जनता के हाथ में होती है। झारखंड की जनता का आशीर्वाद हेमंत सरकार के साथ है। किसी भी राजनीतिक दल के षड्यंत्र का असर इस सरकार पर नहीं होने वाला है।

# '...नेता कितनो बड़का होई मगर मिथिलेश के टक्कर में न होई'

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के वनभोज कार्यक्रम में मुखिया ने बांधा समां

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेता के जंगलों में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का वन भोज कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने की। कार्यक्रम के उपरांत पंचायत के मुखीया रामेश्वर सिंह ने अपने मधुर आवाजों से लोगों के मन को मोहा। उन्होंने गुनगुनाते हुए कहा 'जइसन गढ़वा रंका विधानसभा चलवन ओइसन प्रवेश न हुई, नेता कितनो बड़का होई मगर मिथिलेश के टक्कर



में न हुई।' सहित कई गीत गाकर पूरे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसके बाद आए हुए सभी सैकड़ों लोगों ने वनभोज कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। यादव ने कहा कि आज हमारा झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव में भी पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। यहां के लोगों ने यह तय किया है कि फिर से झारखंड में पूरी मजबूती के साथ झामुमो सरकार आएगी। गांव के कोने-कोने में विकास पहुंच रहा है। इसका श्रेय हमारे मंत्री मिथिलेश ठाकुर को जाता है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, पंचायत के मुखिया रामेश्वर सिंह, मनोरंजन चंद्रवंशी, हरिओम यादव, रामस्वरूप यादव, संजय यादव, विनोद सिंह, नसरुल्ला अंसारी, संगीता देवी, मंजू देवी, राधिका देवी आदि मौजूद थे।

### व्यवसाई की दिनदहाड़े हत्या की निंदा की गई

**मझिआंव।** पलामू प्रमंडलीय पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच के प्रमंडलीय संयोजक असर्फी चंद्रवंशी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर पलामू जिला के छतरपुर थाने के समीप अपराधियों द्वारा एक युवा व्यवसाई की दिनदहाड़े गोली मारकर निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की। अपराधियों की गिरफ्तारी अभिलंब न होने पर जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर अशोक पाल, वीरेंद्र चंद्रवंशी, पिंकू सोनी, अमर प्रसाद, धनंजय सोनी, सूर्य देव माली एवं दिलीप चंद्रवंशी मौजूद थे।

## 30 से 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत समाहरणालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि कुष्ठ रोग के बारे में लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्हे यह बताने की जरूरत है कि कुष्ठ रोग भी अन्य रोग की तरह बैक्टीरिया से होने वाला रोग है, जिसके इलाज के बाद यह पूरी तरह से ठीक हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुष्ठ रोग के प्रति लोगों की गलत धारणाएं हैं, जिसे खत्म करने की जरूरत है। समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ही 30 जनवरी से 13 फरवरी तक कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। गांव में ग्रामसभा कर जन प्रतिनिधियों द्वारा कुष्ठ रोग से



संबंधित संदेश पढ़कर लोगों को बताया जाएगा।कुष्ठ रोगी की भी पहचान की जायेगी एवं इलाज भी किया जायेगा। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉक्टर कौशल सहगल, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. भारत भूषण, फिजियोथैरेपिस्ट अभिषेक सिंह, साइकोलॉजिस्ट एनटीसीपी कुमार, संजीव शरण आदि उपस्थित थे।

# 'सतबहिनी झरना तीर्थ क्षेत्र में अब नहीं होगा राजनीतिक कार्यक्रम'

## विकास समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय, 22 को होगा रामायण पाठ और हरिनाम संकीर्तन

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति की बैठक की गई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसकी जानकारी देते हुए कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि चूंकि समिति के कार्यक्रमों का बहुत ज्यादा विस्तार हो गया है, जिसके लिए अधिक संख्या में वर्किंग हैंड्स की जरूरत है। इसलिए सर्व सम्मति से कतिपय सम्मानित लोगों को सहयोग के लिए समिति की टीम में शामिल किया गया। इसके तहत प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय व प्रखंड 20 सूत्री समिति के अध्यक्ष चंद्र शेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय को संरक्षक व अरुणोदय सिंह उर्फ अरुण सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। वहीं



कई लोगों को विशिष्ट सदस्य बनाया गया। बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सतबहिनी झरना तीर्थ क्षेत्र में किसी तरह का कोई राजनीतिक कार्यक्रम कदापि नहीं किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति, संस्था या संगठन को सतबहिनी झरना तीर्थ में धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम या गतिविधियों के आयोजन या संचालन से पहले मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति से लिखित सहमति लेनी होगी। अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सतबहिनी विकास समिति के तत्वावधान में तीर्थ स्थल स्थित श्री बजरंगबली मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का रामायण पाठ एवं उसके बाद हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। इसके बाद सभी मंदिरों में दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा। इस पवित्र अवसर पर समिति के सभी कोटि के सदस्यों के साथ साथ अधिक से अधिक लोगों से आयोजन में भाग लेने की अपील की गई। इस मौके पर समिति के संरक्षक विकास उपाध्याय, अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंह, सचिव पं. मुरलीधर मिश्र, कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे, सुदर्शन तिवारी, प्रियरंजन सिन्हा, जय किशुन राम, सुरेश राम, रघुनंदन राम, अशर्फी सिंह, डॉ प्रमोद कुमार सिंह, अवधेश गुप्ता, हरिनाथ चंद्रवंशी, सुखदेव साव, हिमांशु पाठक, प्रवीण पाठक आदि उपस्थित थे।

## बच्चों को दिया गया एयर राइफल शूटिंग प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**



डीएवी लीला वचन पब्लिक स्कूल लातदाग में एयर राइफल शूटिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को वाराणसी से बुलाए गए अश्विनी कुमार दुबे द्वारा एयर राइफल शूटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, उप प्रधानाध्यापक मधु कुमारी, रिजवान अंसारी, पारसनाथ विश्वकर्मा, सूफिया नाहिद, प्रियंका कुमारी, नागेंद्र प्रसाद ठाकुर, सचिन कुमार गुप्ता, रोशन कुमार, राहुल कुमार यादव, शिवम कुमार, आयुष कुमार विश्वकर्मा, तलबिया नाहिद, संजना पुष्पांजलि, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

## कपूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी कार्यक्रम 24 को

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

डॉ राममनोहर लोहिया कपूरी विचार केंद्र के अध्यक्ष रामचंद्र केशरी ने शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि 24 जनवरी को खरौंधी, भवनाथपुर व धुरकी स्थित प्रतिमा स्थल पर जननायक कपूरी ठाकुर लोक चेतना मंच के तत्वावधान में जन्म शताब्दी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। खरौंधी के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णा विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि मथुरा पासवान, उद्घाटनकर्ता सीताराम जायसवाल, सम्मानित अतिथि सलीम अंसारी, भवनाथपुर में मुख्य अतिथि विजय कुमार केशरी, उद्घाटन कर्ता सूरज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि दीपक ठाकुर, मो. नईम खलीफा व धीरज जायसवाल तथा धुरकी में मुख्य अतिथि विजय कुमार केशरी, उद्घाटनकर्ता सूरज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि दीपक ठाकुर, नईम खलीफा व धीरज जायसवाल होंगे। प्रेसवार्ता में दिनेश शर्मा, अनिल गुप्ता, सोनू कुमार, सलीम अंसारी, सोबराती खां, सुनील प्रसाद उपस्थित थे।

# प्रदेश भाजपा का उपाध्यक्ष बनने पर जवाहर पासवान का सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजपा विशुनपुरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान को भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर समारोह का आयोजन कर उनका सम्मान किया। इस दौरान भव्य बाइक रैली भी की गई। मौके पर पासवान ने कहा कि आगामी चुनाव में कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रमणि धर दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष अवध गुप्ता, भाजयुमो जिला मिडिया प्रभारी



राजीव रंजन पासवान, नवीन जायसवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान, भाजपा नेता कृष्णा विश्वकर्मा, अनिरुद्ध मेहता, बंधु पासवान, दया शंकर बैठा, विकास चंद्रवंशी, उमाकांत पांडेय, रामलखन मेहता, मुन्ना पासवान, मुकेश पासवान, रंजीत पासवान, लक्ष्मण पासवान, रितेश पासवान, पिंटू चंद्रवंशी, शिव प्रसाद चंद्रवंशी, चंदन चंद्रवंशी, जगदीश चंद्रवंशी, राघो चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा।** प्रखंड की ओबरा पंचायत और परिहारा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय शामिल हुए। इसमें जेएसएलपीएस की महिला समूह ने रासायनिक खाद और जैविक खाद से होने वाले फायदे और नुकसान से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया।

### शाही को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर खरौंधी भाजपा ने दी बधाई

**खरौंधी।** विधायक भानु प्रताप शाही को प्रदेश भाजपा का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। इनमें भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, विनोद चौधरी, अरूण सिंह, रामचंद्र सिंह, विकास सिंह, रामप्रीत गुप्ता, कलामुद्दीन अंसारी, इग्नाशियुश बड़ा, सुशील यादव, सुनील द्विवेदी, सतेंद्र प्रसाद यादव आदि शामिल हैं।

# ओबीसी जागरूकता रथ पहुंचा केतार

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ शुक्रवार को केतार बाजार पहुंचा। कपूरी गेट के समीप नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय संयोजक सदस्य गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि आजादी से लेकर आज तक सत्तासीन लोग ओबीसी का हक और अधिकार दबा कर बैठे हैं। जब तक ओबीसी को उसका हक नहीं मिलेगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। अजय वर्मा ने कहा कि ओबीसी समाज का मकसद राजनीतिक दलों और संगठनों को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि ओबीसी को उचित हक और



अधिकार दिलाना है। रघुवर सरकार में 14 प्रतिशत आरक्षण मिलता था लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने आरक्षण ही खत्म कर दिया है। ओबीसी की आबादी 65 प्रतिशत है फिर भी आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने जातिय जनगणना कराते हुए 52 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की। उन्होंने समाज के लोगों को 11 फरवरी को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आने का आग्रह किया है। मौके पर युगल पाल, राम बिचार साहू, जसमुदिन अंसारी, मनोरंजन गुप्ता, वरूण बिहारी गुप्ता, भजन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राम दास साहू आदि मौजूद थे।

### श्राद्धकर्म में मुखिया ने किया सहयोग

**केतार।** मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शुक्रवार को मुकुन्दपुर गांव निवासी मृतक जोखन बियार के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्राद्धकर्म करने के लिए 50 किलो आटा और नकद राशि देकर सहयोग किया। उन्होंने परिजनों को पेंशन और आवास योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर मृतक की पत्नी गुड़ी देवी, बुद्धि नारायण साह, धर्मेन्द्र सिंह, हिरामन साह, राजा प्रसाद, अंगद गुप्ता, सुरजन गुप्ता, ओमनरायण गुप्ता, संजु बियार, राजदेव बियार, विरेन्द्र लाल, सुरेश बियार, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, मैना गुप्ता, बिठु बियार मौजूद थे।

## 30 लोगों के बीच गैंस सिलेंडर का वितरण

**नवीन मेल संवाददददाता। केतार**

प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में शिव किशोर इंडियन गैंस एजेंसी मझीगावा द्वारा 30 महिला लाभुकों के बीच उज्जवला योजना के तहत गैंस सिलेंडर का वितरण किया गया। यह कार्य जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष रविन्द्र सोनी, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद और गैंस एजेंसी संचालक सुधीर सिंह द्वारा किया गया। गैस एजेंसी संचालक ने कहा कि सभी महिलाओं को गैंस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर और पाइप दिया गया है। जिन परिवारों



को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है वे आवश्यक कागजात जमा कर लाभ ले सकते हैं। मौके पर गुडु जयसवाल, सिताराम जयसवाल, संजय पटेल, सीमा देवी, शीला देवी, कमला देवी, अनीता देवी, चंचला देवी, प्रतिमा देवी, नेहा देवी, रूबी देवी, सरिता देवी, दुर्गावती देवी, सीमा देवी, कुंती देवी इत्यादि मौजूद थे।

**पहल** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होना आवश्यक : उप विकास आयुक्त

# चार गांवों की महिलाओं को सिलाई कटाई का प्रमाणपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जन सहभागी केंद्र के तत्वधान में झारखंड राज्य जलछाजन मिशन के सहयोग से झूरा में जलछाजन कार्यक्रम के तहत क्षमता वर्धन मद अंतर्गत परियोजना क्षेत्र गढ़वा प्रखंड के 4 गांवों की महिलाओं को 15 दिवसीय सिलाई कटाई का प्रशिक्षण दिया गया। मौके मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सह परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार राय एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत मधेया मुखिया बसंत चौबे, जिला विशेषग्या प्रमोद सेठ एवं जन सहभागी केंद्र गढ़वा अध्यक्ष विजय कुमार के द्वारा प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होना अति आवश्यक है ताकि परिवार,




समाज और राष्ट्र के विकास में सहयोगी बन सके तथा महिलाए आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन को सफल बना सके। उन्होंने महिलाओ से अपील किया की आपलोग टेलरिंग दुकान खोलकर अपना आजीविका चलाने का प्रयास करें और अपने घर पर भी सिलाई कटाई कर के अपना जीवन यापन करें। इसी क्रम मे जन सहभागी केंद्र के अध्यक्ष श्री विजय कुमार ने कहा कि जलछाजन कार्यक्रम के अंतर्गत गढ़वा प्रखंड के 28 गांवों में कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु विभिन्न योजनाओं जैसे बांध, तालाब, एलबीएस, ब्रशसूड, मेड़बंदी, पकाचेक डैम बनाने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जैसे मत्स्य पालन, बत्तख पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, उनन्त कृषि उत्पादन, जलछाजन प्रबंधन, कस्टम ज्वेलरी, इत्यादि है। मौके पर आकाश कुमार, विकास कुमार, मीना दुबे, श्रीराम बिंद, दीनानाथ कुमत, दिलीप प्रसाद, दिनेश कुमार, रिमशा रावत, एवं प्रशिक्षक संगीता कुमारी, प्रीति गुप्ता के साथ 107 प्रशिक्षणार्थी इत्यादि उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने दीवाल पर बनाया कमल का फुल



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गढ़वा जिले के भंडरीया मंडल में बूथ पर दीवाल लेखन कार्यक्रम की शुरुआत की।

केशरी ने कमल का फुल बनाकर एवं अबकी बार फिर से मोदी सरकार लिखकर किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, मंडल महामंत्री विनय जयसवाल, मंडल उपाध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता, दिलीप तमोली, सुरेंद्र जयसवाल, जितु प्रजापति, रविंद्रा मुंडा आदि उपस्थित थे।

### भूमि विवाद में महिला को पीटकर किया घायल

**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के कटहर कला गांव की निर्मला देवी पति स्व.राजेश गुप्ता को उसके पड़ोसियों ने पीट कर घायल कर दिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घायल निर्मला ने बताया कि पति की मौत के बाद बाजार में सब्जी बेचकर अपने तीन बच्चों का भरण पोषण करती है। निर्मला की जमीन को हड़पने की नीयत से उसके गोतिया ने उस पर अवैध तरीके से घर एवं शौचालय बना दिया है। निर्मला ने जमीन की नापी कराकर अपनी जमीन को निकालने का प्रयास किया। इससे नाराज मनदीप साह, अशोक गुप्ता, संतोष गुप्ता, कौशल्या देवी आदि ने मिलकर बाजार से घर लौट रही निर्मला देवी को पीट दिया।

## एक नजर

### नामांकन प्रक्रिया शुरू

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सत्र 2024/25 के लिए नामंकन परिक्रिया शुरू हो गया है। विद्यालय वार्डेन विंदु पोदार ने बताया कि वर्ग 6 व 7 में नामंकन परिक्रिया प्रारम्भ हुई है। विद्यालय में ऐसे बच्चों का नामंकन होना है, जो एकल अभिभावक हो, बच्चियां अनाथ हो और अत्यंत ही गरीब परिवार से हो व जिनकी आर्थिक स्थित कमजोर हैं। विद्यालय में ही नामंकन फार्म उपलब्ध है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि है 30 जनवरी।

### लिया जा रहा आवेदन

**मयूरहंड।** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में सत्र 2024-25 के कक्षा छह में नामांकन के लिए आवेदन जमा लिया जा रहा है। छात्राओं को नामांकन फार्म विद्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। कक्षा छह में 50, कक्षा सात में 5 एवं कक्षा आठ में 5 छात्राओं का नामांकन लिया जाएगा। विद्यालय की वार्डन अनीता कुमारी ने ससमय आवेदन फार्म जमा करने की अपील योग्य छात्राओं से की है।

### कार्यालय का उद्घाटन

**कुंदा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मेन चौक के समीप उमेश यादव के घर में शुक्रवार को कुंदा भारत सरकार के कृषि एवं विकास कल्याण मंत्रालय की सेंट्रल सेक्टर योजना अन्तर्गत क्रियान्वयन एजेंसी नफेड द्वारा गठित किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) डूगनी फेड प्रोड्यूसर लिमिटेड कंपनी कार्यालय का उद्घाटन सीओ शंभू राम व बीडीओ विपिन भारती ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मौके पर कंपनी के अकाउंटेंट दिनेश कुमार, डायरेक्टर चंचल कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### मामले का पटाक्षेप

**टंडवा।** चुंदरु धाम परिसर में मिश्रोल मुखिया सुबेश राम द्वारा पत्रकार के विरुद्ध की गई अमर्यादित टिप्पणी मामले को लेकर मुखिया व पत्रकारों की बैठक शुक्रवार को हुई। मुखिया सुबेश व ग्रामीणों ने सार्वजनिक तौर पर की गई टिप्पणी पर खेद व्यक्त किया। वहीं मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि पत्रकारों के विरुद्ध टिप्पणी सर्वथा अनुचित है। इस मामले का पटाक्षेप करने के आग्रह को संघ ने स्वीकार कर लिया। वहीं मौके पर मौजूद जेजेए महासचिव विनय सिन्हा के 54 वें जन्मदिन पर केक काटा गया। मौके पर मुखिया किसुन राम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, सुभाष दास, मनोज गुप्ता, कामेश्वर यादव, अजय सिंह आदि मौजूद थे।

### समीक्षात्मक बैठक

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से तकनीकी विभागों अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अब तक कि स्थिति एवं लंबित कार्य पूर्ण कार्य को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा, नगर परिषद चतरा समेत अन्य तकनीकी विभागों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### समीक्षा बैठक

**मयूरहंड।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पिरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि अमृता प्रजापति ने सभी विभागों के साथ चर्चा कर सही समय प्रबंधन, संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों से पदाधिकारी व जन प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

# कोहरे ने किसानों की तोड़ी कमर सब्जी फसल में लगा झुलसा रोग

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड क्षेत्र में किसानों की माने तो लागतार पड़ रहे कोहरे ने कमर ही तोड़ दी है। शीतलहरी के साथ पड़ रहे कोहरे के कारण जहां एक और ठंड बढ़ गई है। वहीं इसका असर सब्जी के फसल पर पड़ा रहा है। आलू, टमाटर, लहसुन प्याज, मटर, बैगन, हरा मिर्च, पता गोभी, फूल गोभी सहित अन्य सब्जी के फसल में झुलसा रोग लग गया है। किसानों ने बताया कि कोहरे के कारण सैकड़ं एकड़ में लगे आलू,



टमाटर, बैगन सहित अन्य सब्जी के फसल पूरी तरह से बर्बाद हो रहे हैं, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने अंचल प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजा देने की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ अंचल अधिकारी संबंधीत राजस्व कर्मचारी को इस पर नजर बनाए रखने व फसलों के बर्बाद होने की रिपोर्ट कार्यालय को समर्पित करने को कहा गया है ताकि अग्रेतर कार्रवाई को लेकर जिला भेजा जा सके,जबकि बड़े ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गुरुवार को गिद्धौर का अधिकतम तापमान 18 डिग्री व न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# शांति समिति की बैठक के बाद खुलीं दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरेगड़ा हाई स्कूल परिसर में निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देश पर दोनों समुदाय के साथ शांति समिति की बैठक की गई।

बैठक में दोनों समुदाय द्वारा सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया कि सेरेगड़ा ग्राम में जो तनावपूर्ण स्थिति थी उसे दोनों ओर से शांतिपूर्ण रूप से समाप्त करते हुए दोनों समुदाय के 15-15 लोगों की शांति समिति का गठन किया गया तथा दोनों समुदाय एवं पुलिस-प्रशाशन के द्वारा फ्लैग मार्च करते हुए बंद




दुकानों को खोलवाया गया एवं पुलिस प्रसासन द्वारा बताया गया की जो दोषी हैं उनपर जांच पड़ताल करते हुए विधिसम्मत कारवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों ने बाजार के जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने एवं बाजार शेड निर्माण करने की भी बात को रखा गया जिस पर वीडियो एवं सीओ ने अग्रसर पहल करने की बात कही।

इस शांति समिति के बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी लातेहार, कार्यपालक दंडाधिकारी लातेहार, बीडीओ सोमा उरांव, अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, धर्मेंद्र कुमार महतो थाना प्रभारी बालूमाथ, कामेश्वर राम उप प्रमुख बालूमाथ, नीलिमा तिर्की मुखिया शेरेगाड़ा, पंचायत समिति शेरेगड़ा, मो. मुजम्मिल, चेतलाल रामदास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन भी होटल रहे बंद

## महुआडांड़ में पुलिस कार्रवाई का विरोध, पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
थाना पुलिस की कारवाई के खिलाफ शुक्रवार को दूसरे दिन भी महुआडांड के होटल संघ के आह्वान पर होटल मालिकों की बंदी जारी रही। होटल संचालकों का कहना है कि प्रशासन इसमें संज्ञान लेते हुए जबतक हमें कोई आश्वासन नहीं देता है तब तक महुआडांड़ की सभी होटल बंद रखेंगे। वहीं महुआडांड में सभी होटल के बंद हो जाने से प्रयर्टकों के साथ-साथ दूर दराज से महुआडांड़ बाजार करने आने वाले लोगों एवं स्थानीय लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को पानी तक नहीं मिल रहा है। मजबूरन लोग प्यास बुझाने के लिए चापानल खोजते नजर आ रहे हैं।



**क्या है मामला ? :** इस संबंध में होटल संघ के अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद गुप्ता का कहना है कि बिना सूचना दिए ही होटल प्रतिष्ठान में प्रशासन द्वारा जाकर फोटो एवं वीडियो ग्राफी की गई और हम लोगों को थाने में बुलाया गया था। जब हम लोग थाने गए तो हमसे सिर्फ आधार कार्ड एवं गैस कनेक्शन की फोटो कॉपी मांगी गई। हम लोगों ने पूछा कि क्या कार्रवाई हो रही है तो प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके कारण हम सभी होटल मालिकों के मन में शंका एवं डर बना हुआ है कि प्रशासन हम लोगों के ऊपर क्या कार्रवाई करने जा रहा है और इससे हमारे रोजगार पर क्या असर पड़ेगा। होटल मालिकों ने कहा कि हम लोग छोटे-मोटे व्यवसाय करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे प्रतिष्ठान में किसी भी तरह के गलत कार्य नहीं किए गए हैं। अगर किसी भी तरह का गलत काम हुआ भी होगा तो इसकी हम लोगों को सूचना मिलनी चाहिए थी। उस कमी को हम लोग जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करते लेकिन प्रशासन द्वारा ऐसा नहीं किया गया है।

**अलग ही फार्म में नजर आ रही है पुलिस :** एक ओर जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के नेतृत्व में लातेहार पुलिस टीम सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जनता के साथ अधिक से अधिक समन्वय बनाने को लेकर कई कार्यक्रम चला रही है, जिससे पुलिस और जनता का संबंध और प्रगाढ़ हो। लेकिन थाना पुलिस की तो बात ही निराली है। महुआडांड थाना पुलिस का इन दिनों एक नया चेहरा उभर कर सामने आ रहा है।

## किसान नेता बोले, जल्द से जल्द मंडल बरवाडीह जर्जर सड़क का निर्माण कराया जाएगा

# राज्य में आदिवासी सीएम के रहते विकास नहीं होना आदिवासी क्षेत्र का दुर्भाग्य : राकेश टिकैत

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
मंडल रोड एवं मंडल संघर्ष समिति के बैनर तले शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के प्रवक्ता सह किसान नेता राकेश टिकैत मंडल के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर मंडल हाई स्कूल परिसर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया। टिकैत ने कहा कि झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री रहते हुए आदिवासी बाहुल्य मंडल क्षेत्र की 29 किलोमीटर सड़क नहीं बनना क्षेत्र का दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक पहल कर जल्द से जल्द मंडल बरवाडीह जर्जर सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

कहा कि झारखंड हो या छत्तीसगढ़ हो या मध्य प्रदेश या फिर बिहार इन जगहों पर आदिवासियों के क्षेत्र होने के बावजूद भी केंद्र सरकार को कोई चिंता नहीं है। जंगलों की रक्षा करने वाले आदिवासियों का कोई ख्याल नहीं रखा जा रहा है। सिंचाई का प्रबंध हर हाल में होना चाहिए। अगर डैम का निर्माण कराया जा रहा है तो लोगों को मुआवजा हर हाल में मिलनी चाहिए। आपकी लड़ाई लड़ने को हम



तैयार हैं। अगर जल जंगल जमीन की रक्षा सरकार नहीं करेगी उसे लेकर राज्य से केंद्र सरकार को भी अवगत कराया जाएगा। टिकैत ने अधूरे बड़े मंडल डैम का निर्माण कार्य पूरा करवाने हेतु केंद्र सरकार से आवश्यक पहल कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से अपनी समस्याओं को लेकर 14 मार्च को दिल्ली में होने वाले किसान सम्मेलन में शामिल होकर अपनी समस्याओं को रखने की अपील की। वहीं पूर्व मंत्री एन त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार केंद्र के भरोसे नहीं अपने बलबूते मंडल बरवाडीह मंडल डैम का निर्माण कार्य कराए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया आशीष सिंह ने की।

मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर सिंह, 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, अली हसन अंसारी, सचिव रणजीत कुमार राजू, बसंत राम, कांग्रेस कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, दिलीप कुमार सिंह, रामराज सिंह, रवि कुमार सिंह, कुणाल सिंह, महेश सिंह, प्रेम कुमार सिंह, जोसेफ सुरीन आदि मौजूद थे।

# अबुआ के लाभुक चयन में धांधली का लगाया आरोप


**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
प्रखंड क्षेत्र के पोकला ऊर्फ कसियाडीह पंचायत में पैसा लेकर अबुआ आवास योजना के लाभुकों का चयन करने का गंभीर आरोप स्थानीय मुखिया व पंचायत सेवक पर पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी ने लगाया है। इस बावत शिकायत पत्र शुक्रवार को प्रमुख व बीडीओ को सौंपते हुवे चयनित सूची की मांग की गई है। बताया गया कि उपायुक्त के निर्देश पर गठित निरीक्षक दल में होने के बावजूद भी उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई है। पत्र में कहा गया

### पंचायत समिति सदस्य ने प्रमुख व बीडीओ को सौंपा आवेदन, धरना-प्रदर्शन व आमरण-अनशन की दी चेतावनी

है कि दो दिनों के अंदर जानकारी नहीं मिलने पर 30 जनवरी को ग्रामीणों के साथ प्रखंड कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की जाएगी। इसके बाद भी सार्थक पहल नहीं होने पर आमरण अनशन करने की चेतावनी दी गई है।

# चार दिन से हाथियों के उत्पात से भाटचतरा के ग्रामीण परेशान, मुआवजे की लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड क्षेत्र की शिबला पंचायत के भाटचतरा गांव में पिछले चार दिनों से हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान हैं। भाटचतरा के ब्राह्मणी टोला निवासी सुरेश उरांव ने बताया कि गुरुवार रात उसके घर का दरवाजा तोड़ते हुए दो हाथी घर में घुस गये। घर में रखे लगभग सात क्विंटल धान व टमाटर की फसल को खाकर नष्ट कर दिया, जिससे घर का खर्च चलना मुश्किल हो गया। वहीं करम सिंह की चहारदीवारी क्षतिग्रस्त कर दी। साथ ही लुढ़न महतो की चना की खेती, बढ़न महतो की अरहर की खेती,



देवनाथ उरांव, श्रीनाथ उरांव व झलू घटवार की टमाटर, आलू व चने की खेती को खाकर व रौंद कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं खुटीटोला निवासी बासुदेव साव की बाउंड्री तोड़ते हुए हुए बिंदेश्वर साव, प्यारी साव, गेंदलाल साव की टमाटर, सरसों व आलू की खेती को खाकर बर्वाद कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से अविलंब हाथियों को क्षेत्र से हटाने की मांग की है। ससमय मुआवजा दिलाने की गुहार लगायी है।

# गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रमों की रूपरेखा और समयसारणी तय

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गणतंत्र दिवस पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं समयसारणी तैयार की गयी। उपायुक्त इसको लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी को सुबह विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां उपायुक्त द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। जिला खेल स्टेडियम में प्रशासन एकादश एवं क्रिकेट एकादश के बीच क्रिकेट मैच का

### उपायुक्त हिमांशु माहन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय

आयोजन किया जाएगा। नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार, अपर समाहर्ता अलोक शिकारी कच्छप, सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला स्तरीय पदाधिकारी इत्यादि उपस्थित थे।

# 22 को आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
शहर के मेन रोड के राधाकृष्ण मंदिर, ठाकुरबाड़ी में श्रीरामजन्म भूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि 19 जनवरी को मंदिर में अखंड कीर्तन, 20 जनवरी को भंडारा, 21 जनवरी को संध्या छह बजे महाआरती व महाप्रसाद का वितरण, जबकि 22 जनवरी को प्रातः नौ बजे से सुंदर कांड पाठ किया जायेगा। अपराह्न एक से पांच बजे तक भंडारा और रात्रि में सात बजे से मंदिर परिसर में बाहर से आये कलाकारों के द्वारा जागरण का किया जायेगा। वहीं श्रीरामनवमी पूजा महासमिति, लातेहार के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि



22 जनवरी को अपराह्न एक बजे से बाजारटांड़ से एक शोभा यात्रा निकाली जायेगी। वहीं शहर के स्टेशन रोड में राजहार के पंचमुखी मंदिर में भी 22 जनवरी को विशेष पूजा का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद, संरक्षक गोविंद प्रसाद आदि सक्रिय हैं। वहीं श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि पूर्वाह्न 11 से 12 बजे तक भजन व कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। इसके बाद अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा। मंदिर समिति के संरक्षक विनोद कुमार साहु, अभिनंदन प्रसाद, अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता आदि ने कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### मंदिर परिसर की सफाई

**बालूमाथ।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के नेतृत्व में बसिया पंचायत के नगाड़ा ग्राम के शिव मंदिर परिसर की सफाई की गई। इसमें पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी, गिरधारी यादव, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, ओबीसी जिला महामंत्री शिवनारायण साव, ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री विजय प्रसाद, युवा मोर्चा निश्चय साव, बाबूलाल कुमार आदि शामिल रहे।

### सोशल मीडिया से ठगी से बचाव के लिए सजग एवं सचेत रहें

**लातेहार।** उपायुक्त के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर साइबर अपराधियों द्वारा कई लोगों से राशि की मांग करने का मामला सामने आया है। फर्जी फेसबुक अकाउंट में उपायुक्त का फोटो लगाया गया है। यदि उक्त फर्जी फेसबुक अकाउंट से आपसे संपर्क किया जाता है तो उनके झांसे में नहीं आएं और न ही कोई राशि हस्तांतरित करें। साइबर सेल द्वारा मामले की जांच की जा रही है। कई बार साइबर अपराधी द्वारा ठगी के लिए फर्जी एकाउंट तैयार कर लोगों से रुपये की मांग की जाती है। किसी नये या अनजाने नंबर से कॉल या मैसेज के माध्यम से राशि की मांग किये जाने पर विशेष सावधानी बरतें।

# 220 टाना भगत लाभुकों को आवास योजना का मिला लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में टाना भगत विकास प्राधिकार की जिला स्तरीय कार्यकारी एजेंसी की बैठक हुई। उपायुक्त ने संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। अपर समाहर्ता अलोक शिकारी कच्छप ने बैठक में बताया कि लातेहार जिला में कुल 868 टाना भगत परिवार हैं तथा उनकी कुल आबादी 5068 है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 497 टाना भगत परिवारों को निःशुल्क लगान रशीद निर्गत किया गया है। 50 उत्तराधिकार नामांतरण किया गया है। 25 वर्ष से अधिक उम्र के कुल 927 महिला एवं पुरुष को वस्त्र वितरित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक अतिरिक्त कमरा की योजना के तहत 2018-19 से अब तक कुल 220 लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान किया गया है। इनमें से 124 योजना पूर्ण हो चुकी हैं तथा 96 निमार्णाधीन हैं। उपायुक्त ने शेष निमार्णाधीन योजनाओं को अविलंब पूर्ण कराने का निर्देश दिया। गव्य विकास विभाग द्वारा 153 लाभुकों को गाय शेड योजना, 132 लाभुकों को 4 गाय की योजना एवं 21 लाभुकों को 2 गाय की योजना से आच्छादित किया गया है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा**

**ई – अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**
ई– अल्पकालीन पुर्ननिविदा संख्या :– 07 /2023-24 / RWD /LOHARDAGA
दिनांक 18.01.2024

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( रूपये में ) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 01/ STPKG -01/ 2023-24 | बरवाडीह सीमाना से बारियातु भाया सरजू पावा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.600 कि0 मी0)<br>मक्का बाजारटांड़ से बरवाडीह भाया अम्बापावा एवं जामडीह तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.600 कि0 मी0)<br>पतरातु से अराहासा सेन्हा सीमाना तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.00 कि0मी0)<br>बदला से महुगांव तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 7.800 कि0 मी0)<br>पेषरार से खिजुरपतरा चन्दलागी भाया मेरूम तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2. 350 कि0 मी0) | 116370200.00 | ग्यारह करोड़ तीरेसठ लाख सत्तर हजार दो सौ0 रू0 मात्र । | 09 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.01.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.02.2024 अपराहन् 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.02.2024 अपराहृन 3.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग ,कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0.– 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी । अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 316538 Lohardaga(23-24).D


## पहल : अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

# ‘सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रमों को सफल बनाएं’

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
22 जनवरी को अयोध्या के श्रीराम राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुलिस अवर निरक्षक आनंद कुमार, बिंदेश्वर महतो, समाजसेवी देवनंदन प्रसाद उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि आप सभी सौहार्दपूर्ण वातावरण में 22 जनवरी को कार्यक्रम करें। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि आप सभी श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन आपसी भाईचारा का परिचय देते हुए कार्यक्रम



को सफल बनाएं। समाजसेवी देवनंदन प्रसाद ने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पूजा-पाठ व भजन-कीर्तन की अपील की। वहीं थाना प्रभारी चौधरी ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो बिना देर किए सूचित करें। क्षेत्र में शरारती तत्वों व अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबर को ना फैलाएं। वहीं अंत में सर्वसम्मति से शनिवार को एक बजे ग्राम इटके मदरसा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जहां वनभोज की भी व्यवस्था की गई है। मौके पर मुखिया रानो देवी, केदार गंझू, सुरेश उरांव, समाजसेवी अरविंद प्रसाद, मो सलीम, चंदन कुमार, राजन कुमार, मो कय्यूम, चंदन प्रसाद, राजन कुमार, फुलचंद गंझू, मो अफजल, जितेंद्र प्रसाद, राकेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बारियातू परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय से बस स्टैंड होते हुए बारियातू प्रखंड कार्यालय तक चलाया गया। इसमें धर्मेश कुमार लिबू, संतोष पाठक, द्वारिका नाथ पांडेय, बिन्देशवर महतो, बालेश्वर गंझू शामिल थे।

## एक नजर

### कंबल का किया वितरण

**भंडरा।** प्रखंड के बड़ागाई गांव में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से शुक्रवार को कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत व पंचायत अध्यक्ष शाहजहा अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। भगत ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ी ठंड को देखते हुए गरीबों के मसीहा राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू की ओर से पूरे प्रखंड क्षेत्र में एक हजार गरीबों एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धीरज प्रसाद साहु गरीबों की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। झारखंड में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार राज्य में चहुंमुखी विकास कर रही है। मौके पर शाहजहा अंसारी, शमीम अंसारी,हजरत अंसारी, सुकरा उरांव सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

### पूनम को द्वितीय स्थान

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की 12वीं की छात्रा पूनम कुमारी ने विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कियो निबंध का शीर्षक था 'रोजगारपरक शिक्षा में कौशल विकास की भूमिका'। इसी निबंध प्रतियोगिता में राजन साहू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एकादश की छात्रा किरण कुमारी और ज्योति प्रिया कुजूर ने भी निबंध प्रतियोगिता, जिसका शीर्षक था 'राष्ट्र निर्माण में भैया बहनों का योगदान' में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार एवं संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास सहित प्रधानाचार्य एवं सदस्य गण तथा महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने भैया बहनों बधाई दी है।

### कार्यक्रम आज

**कैरो।** अंजुमन इस्लामिया कैरो प्रखंड के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पगड़ी पोशी व शपथ ग्रहण कार्यक्रम शनिवार को दो बजे से मोहर्रम मेला टांड़ कैरो में आयोजित की गई है। इस संबंध में चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पगड़ी पोशी व शपथ ग्रहण के इस प्रोग्राम में अपनी गरिमामय उपस्थिति के लिए लोहरदगा जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, डीसीएलआर, कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, कैरो थाना प्रभारी इत्यादि कई प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है।

### कंबल का वितरण

**चंदवा।** जमीरा पंचायत सचिवालय के समीप शुक्रवार को प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कंबल का वितरण किया गया। मौके पर जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी, पंसस अनिरुद्ध कुजूर व बल्कु मुंडा मौजूद थे।

### कंबल का वितरण

**बारियातु।** फूलसु पंचायत स्थित पीपरा टोला में प्रखंड उपप्रमुख निशाशहादेव ने जरूरतमंद लोगों के बीच 40 कंबल का वितरण किया गया। लालाशीनाथ शहादेव, गंगा यादव, अलोक यादव आदि उपस्थित थे।

### एकजुटता पर जोर

**चंदवा।** पथ निर्माण विश्रामागार में शुक्रवार को चंद्रवंशी समाज की बैठक हुई। इसमें समाज के उत्थान और एकजुटता पर जोर दिया गया। मौके पर प्रहलाद चंद्रवंशी, रामु राम चंद्रवंशी, रामकेश्वर राम, दिनेश राम, किशोर राम चंद्रवंशी, रामप्रवेश सिंह चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

# आगजनी में दो गिरफ्तार

## रसोईये की दो लाख की मजदूरी नहीं मिलने पर बेटे ने माओवादियों के साथ मिलकर कंपनी की सात गाड़ियों को कर दिया था आग के हवाले



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के सतकोनवा स्थित खाली पड़ी परित्यक्त पुलिस पिकेट में विगत आठ जनवरी की देर रात सात गाड़ियों को भाकपा माओवादियों द्वारा आग लगा दी गई थी।

इस मामले में गुमला पुलिस ने शुक्रवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर को बताया कि आगजनी के इस कांड को लेकर गुमला पुलिस लगातार अनुसंधान कर रही थी। अनुसंधान के क्रम में ही पुलिस ने नक्सली समर्थक की सूची में शामिल सुनील उरांव नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि पिकेट में लगने वाली गाड़ियों की रेकी किया करता था। इसके साथ ही उसने यह भी बताया कि उसके इस काम में जयनाथ खेरवार नामक एक व्यक्ति साथ देता था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जयनाथ खरवार पर लोहरदगा जिले में अपहरण एवं लूट जैसे गंभीर कांड दर्ज हैं और वर्तमान में जयनाथ खेरवार अपहरण के मामले में फरार चल रहा था। तकनीक अनुसंधान करते हुए जयनाथ खेरवार को रांची के नगडी के पास से गिरफ्तार किया गया एवं पूछताछ में उसके द्वारा भी गाड़ियों की रेकी करने की बात स्वीकार की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जयनाथ खेरवार की मां कंपनी में खाना बनाने का काम करती थी और कंपनी द्वारा करीब दो लाख का भुगतान काफी दिनों से जयनाथ की मां को नहीं किया जा रहा था। इसी वजह से सुनील उरांव के सहयोग से जयनाथ खेरवार द्वारा भाकपा माओवादी के रविंद्र गंझू व उसके दस्ते के माध्यम से षड्यंत्र कर एम2 कंपनी की गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया था।

### अभिभावकों के साथ शिक्षकों की बैठक

**भंडरा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक के निर्देश के बाद विटपी प्लस टू हाईस्कूल में अभिभावकों के संग शिक्षकों की बैठक हुई। बैठक में स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद लकड़ा, प्रधानाध्यापक अजय तिर्की, रामप्रवेश गुप्ता, मतिउल्ला परवेज आदि शामिल थे। बैठक का संचालन शिक्षक रामप्रवेश गुप्ता ने किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल में रोजगार पूरक शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। बीते वर्ष मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा जो शिक्षकों का प्रयास व छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। बताया गया कि छात्र अपना एडमिशन इस स्कूल में करा लेते हैं और पढ़ाई के मकसद से लोहरदगा या रांची चले जाते हैं जबकि यहां इंटर स्तर के साइंस, आर्ट्स व कामर्स के बेहतर शिक्षक हैं। बैठक में प्रधानाध्यापक अजय तिर्की रामप्रवेश गुप्ता आनंद ठाकुर नेहा कुजुर्ग मीना साहू राकेश कुमार आस्क मतीउल्लाह प्रवेश चंचल कुमारी साथ के साथ-साथ समावेशी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# नलजल योजना में बरती जा रही है अनियमितता



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

गडरपो पंचायत अंतर्गत सेमरा और अमदरी गांव में आवंटित नल जल योजना में भारी गड़बड़ी की शिकायत मिल रहा है। गांव में कहीं ट्रैक्टर से बोरिंग किया जा रहा है तो कहीं पुराने को नया का रूप देकर नल जल योजना क्रियान्वयन की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों में इसे लेकर काफी असंतोष व्याप्त है। ज्ञात हो कि ट्रैक्टर से सौ-सवा सौ से अधिक बोरिंग होना संभव नहीं है और इतने कम गहराई से पानी सप्लाई भी संभव नहीं है। बावजूद सभी नियम व प्राक्ललन को ताक में रख कर यह काम को खुलेआम किया जा रहा है। सेमरा गांव स्थित सड़क पर गांव के मांगे उरांव के घर के पास ट्रैक्टर से 80 फिट बोरिंग कर पानी सप्लाई की तैयारी हो रही है। मांगे उरांव ने बताया कि 80 फिट पर पत्थर निकलने के बाद बोरिंग बंद कर दिया गया। इसी तरह अमदरी के पंचायत समिति सदस्य जीवन लकड़ा ने बताया कि उसके घर के पास ट्रैक्टर से 65 फिट बोरिंग की गई है। ट्रैक्टर से बोरिंग करने को मना किया इसके बावजूद बोरिंग कर के चले गये। इसमें अब समरसेबल लगाने की तैयारी की जा रही है। इसी गांव में दूसरा ट्रैक्टर से बोरिंग सुरेश महतो के घर के पास 80 फिट किया गया है। अमदरी में पांच बोरिंग हुई है। इसमें दो बोरिंग ट्रैक्टर से किया गया है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि गांव में जल नल योजना कितना सफल होगा। ग्रामीण बताते हैं कि जमीन के अंदर दलदल होने की बात कर ट्रैक्टर से बोरिंग की गई। लेकिन कहीं भी दलदल नहीं निकला। अभियंता कृष्णा लोहरा ने बताया कि बोरिंग में गड़बड़ी पाये जाने पर दूसरा बोरिंग कराया जाएगा।

### बिल्वेश्वर महादेव मंदिर निर्माण समिति मनहो की हुई बैठक

**लोहरदगा।** बिल्वेश्वर महादेव मंदिर निर्माण समिति मनहो के तत्वाधान में कार्यकताओं की बैठक मंदिर परिसर में हुई, जिसमें आगामी 20 जनवरी 2024 को होने वाले आयोजन के नियमित चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सामूहिक रूप से श्रमदान कर बिल्वेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण की सफाई की जाएगी। प्रातः 9:00 बजे मनहो गांव की समस्त सरना सनातन मान्यताओं को मानने वाले महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं पवित्र कोयल नदी के जल से भगवान बिल्वेश्वर महादेव का सामूहिक जलाभिषेक किया जाएगा। पश्चात 1 घंटे का रामचरित्र मानस का सामूहिक पाठ श्री श्याम सुंदर उरांव जिला संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोहरदगा की अगुवाई में किया जाएगा। तत्पश्चात अंतर्राष्ट्रीय कृष्णा भावना अमृत संघ इस्कॉन रांची के सच्चिदानंद प्रभु जी एवं रामवृत प्रभु जी की टीम के द्वारा अखंड हरी नाम संकीर्तन नृत्य वाद्य आदि के माध्यम से किया जाएगा।

# कैरो में शक्ति खूंटा निर्माण का किया गया भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित ज्येष्ठ जतरा टांड़ में शुक्रवार को शक्ति खूंटा निर्माण का आधारशिला व भूमि पूजन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि कर रूप में विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चमरा लिंडा उपस्थित हुए।सबसे पहले निर्माण स्थल पर पहान, पुजार,महतो द्वारा आदिवासी परंपरागत रीति रिवाज पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चमरा लिंडा ने कहा शक्ति खूटा आदिवासियों के विकास, पहचान और एकता का परिचायक है। झारखण्ड में कई जगह इसका निर्माण हो चुका है। आज कैरो के आदिवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन है जो कि आज यहां इसकी नीव रखी गई है। उन्होंने कहा हम भग्यशाली हैं जो कि इस घड़ी में उपस्थित होने का सौभग्य प्राप्त हुआ। शक्ति खूटा निर्माण तक भी आप संगठित होकर इसे पूर्ण रूप दें। हम सभी को सरना कोड के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। हम सभी को शिक्षा को बढ़ावा देना है, रूढ़िवादी विचार धारा अंधविश्वास को समाज से दूर भगाकर पिछड़ेपन को दूर भगाना है।इस मौके पर सुखदेव उरांव, श्रीराम उरांव, मधुलिका रानी, शामिल उरांव, शरत कुमार, विजय उरांव, जतरु उरांव, संजू उरांव, विरेन्द्र उरांव उपस्थित थे।आयोजन समिति के अध्यक्ष किशोर भगत, बुधवा उरांव, बाबूलाल उरांव, विकास उरांव, ललित उरांव आदि उपस्थित थे।

# 1200 फीट ऊंचाई पर महादेव मंडा की सफाई





**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव मे लगभग 1200 फीट ऊंची पहाड़ में स्थित महादेव मंडा के नाम से विख्यात भगवान शंकर का गुफा को ग्रमीण महिला पुरुष भक्तों के द्वारा साफ सफाई किया गया। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलाला का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्तजनों के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में सभी छोटे बड़े मन्दिर व देवस्थल का साफ सफाई किया जा रहा है। उसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव के समीप ऊंची पहाड़ की गुफा में स्थित भगवान महादेव शंकर का गुफा का जिला भाजपा कार्य समिति सदस्य त्रिलोकी सिंह के नेतृत्व में ग्रमीण महिला पुरुष भक्तों द्वारा साफ सफाई किया गया। मौके पर मुनी देवी, हौड़ा उरांव, भखली कुमारी, रंगमनिया देवी, जानकी देवी, दीपक उरांव, पुष्पा देवी, गोपाल ठाकुर, जानकी देवी, रीता, संदीप उरांव मौजूद थे।

### भगवा ध्वज लगाया

**लोहरदगा।** प्रांत प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को बाबा मठ क्षेत्र में भगवा ध्वज लगाने का कार्य किया गया वही मंदिर में साफ-साफ भी किया गया। इस कार्य मे अनेकों राम भक्त जगह जगह पर लगे हुए है ताकि प्रांत प्रतिष्ठा के दिन भव्य रुप से मंदिर का पूजन पाठ और हवन प्रसाद वितरण का कार्य अच्छे से हो सके। इसी के निमित्त विश्व हिंदू परिषद के प्रांत परावर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता और बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू जगह जगह पर जाकर कुछ राम भक्तों से मिलकर उस क्षेत्र में किस तरह से कार्यक्रम किया जा रहा है उनकी जानकारी ली।

### भगवामय हुआ पटा

**भंडरा।** अयोध्या में राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर चट्टी में ग्रामीणों का उत्साह चरम पर है। पूरा गांव भगवा पटाकों से पटा है। गांव के सभी मंदिरों के साथ राम मंदिर का रंग रोगन कर मंदिर को नया रुप दे दिया गया है। गांव के सभी चौंक चौराहों को भगवा रंग के पटाकों से सजाया गया है। शुक्रवार को युवाओं ने घंट शंख के साथ ग्राम भ्रमण कर शेष छूटे घरों में अयोध्या से प्राप्त पूजित अक्षत का वितरण किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने 20 युवा रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

158वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के सौजन्य से वर्ष 2023-24 के दौरान चलाये जा रहे 15वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के क्रम में शुक्रवार को लोहरदगा से 10 छात्र व 10 छात्राएं, कुल 20 युवाओं को नासिक (महाराष्ट्र) में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया गया, जहां पर उन्हें देश के अन्य हिस्सों से आए जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा (झारखंड) की संस्कृति व रहन सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा। अब तक 158 बटा. सी.आर.पी.एफ. द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में 180 छात्र तथा छात्राएं भेजी जा चुकी है। जत्थे को प्रदीप कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी-158 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. तथा नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारियों ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में 158 बटालियन के अधिकारियों, जवानों के साथ-साथ नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के अब्दुल फारूख खान, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक एवं उनके पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विकास समन्वय समिति की बैठक हुई, विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना समेत विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में अबुआ आवास योजना अंतर्गत विलंब से प्राप्त हुए आवेदन पर विभाग से मार्गदर्शन मांगे जाने का निदेश जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना को दिया गया। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान महाअभियान (पीएमजनमन) अंतर्गत कच्चे मकानों के सर्वे की समीक्षा की गई व निदेश जिला समन्वयक, पीएमएवाई को दिया गया। दावा आपत्ति अनुमण्डल स्तर पर भेजे जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2016-22 तक के आवास पूर्णता की समीक्षा की गई। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन का लक्ष्य सौ प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश सभी प्रखंडों को दिया गया। प्रति गांव संचालित कार्य की संख्या, फाइनेंसियल परफॉर्मेंस, बिरसा हरित ग्राम योजना फेज-2, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा की गई। विद्यालयों में खाली मैदान को पोटो हो योजना में लिये जाने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। एरिया ऑफिसर एप के अनुसार सभी संबंधित प्रखण्ड के पदाधिकारियों व अभियंताओं को फील्ड विजिट कर एप में इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रोजेक्ट उन्नति की समीक्षा की गई और योग्य मजदूरों को कौशल विकास के प्रशिक्षण हेतु आवश्यक निर्णय लिया गया व निर्देश दिये गये। बैठक में अमृत सरोवर अंतर्गत योजनाओं में सूक्ष्म टपक सिंचाई, कल्याण विभाग अंतर्गत आवासीय विद्यालयों के मरम्मतिकरण व नये छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा की गई व आवश्यक निर्देश परियोजना उपनिदेशक को दिया गया।

## सीओ के नाम से फर्जी अकाउंट बना मांग रहे पैसा



**कूडू।** शहरी क्षेत्रों में अपने नापाक हरकतों से बड़े अधिकारियों से लेकर आम लोगों को अपना शिकार बनाकर अपने बढ़े मनोबल और शैतानी दिमाग के दम में क्षेत्र विस्तार करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रवेश कर चुके साइबर अपराधियों द्वारा कूडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह के नाम पर फर्जी फेसबुक एकॉउंट बनाकर लोगों से पैसों की मांग करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामले की जानकारी मिलते ही सीओ श्री सिंह ने कूडू थाना को इसकी सूचना दी है। साथ ही लोगों से अनुरोध किया है कि उनके फेसबुक प्रोफाइल से यदि किसी से संपर्क किया जाता है तो उनके झांसे में नहीं आएं और न ही कोई राशि हस्तांतरित करें। उन्होने मोबाइल फोन, सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी का प्रयास किये जाने पर अविलम्ब इसकी सूचना नजदीकी थाना में देंने की अपील की है।

## उर्दू शिक्षक पद खत्म करने के प्रस्ताव के विरोध में पुतला फूंका



**कूडू।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखड सरकार द्वारा जारी प्रोन्नति नियमावली-2024 के प्रारूप (ड्राफ्ट) 2 (1) में उल्लिखित उर्दू शिक्षक के पद को खत्म कर दिये जाने के प्रस्ताव के विरोध में जिला अध्यक्ष तौफीक अंसारी के नेतृत्व में एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने कूडू स्थित कार्यलय के समक्ष शुक्रवार को मुख्य मंत्री का पुतला फूंका। मौके पर जिला अध्यक्ष तौफीक अंसारी ने कहा कि एकीकृत बिहार के समय उर्दू शिक्षकों के 4401 सृजित पद में कुल 689 पदों पर ही नियुक्ति हुई है। बचे पदों को भरने की जगह झारखंड की तथाकथित सेक्युलर सरकार पद को ही समाप्त कर अल्पसंख्यको के साथ घिनौना मजाक कर रही है। पार्टी इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग करती है। ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लेमीन के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश लोहरा ने कहा कि गठबंधन वाली हेमंत सरकार के फरमान से इंटरमीडिएट उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। हेमंत सरकार इस प्रस्ताव को वापस ले, नहीं तो एआईएमआईएम इसके लिए पुरजोर आंदोलन करेगी। मौके पर शमशेर खान, तज्जमुल अंसारी, कलीम अंसारी, बुल्ला अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


**Deputy Commissioner-cum- District Magistrate Office, Gumla, Jharkhand**
**Ground Floor, Zila Parishad Office Gumla- 835207**
**Email: cs.gumla@gmail.com | Website: www.gumla.nic.in**

**Tender Reference No: 216 (DHS) Gumla** **Date**: 18.01.2024

**Request for Proposal (RFP):** District Health society, Gumla invites proposals from the private organization for contract of operation and management of Existing CT scan Machine at District Hospital under PPP model in the district Gumla, Jharkhand

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1. | 1Name of the work | District Health society Gumla invites proposals from private organizations to execute contract of operation and management of Existing CT scan Machine at District Hospital under PPP model in the district Gumla, Jharkhand |
| 2. | 2Period of Contract | This contract (MOU) will be for 5 years from the date of Approval by District Health society, Gumla. |
| 3. | Pre –Bid conference | **24/1/24 at 11.30 am** It will be an online meeting. Thus, the interested Agency must put a request for a meeting link over email before **22/1/24** by 5:00 PM |
| 4. | Last date for Submission of Bid | **03/2/2024 Up till 5 pm** |
| 5. | 5 Bid Cost | Rs. 500.00 in form of DD in favor of District Health Society, Gumla |
| 6. | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.2,00,000.00 (*Rupees Two Lakh Only*) in the form of DD (Valid for at least three months from the last date of submission of the Bid) in favor of District Health Society |
| 7. | Date and time of opening of Bid | Date: 05/02/2024 at 12 pm |
| 8. | Bid submission Place | Civil surgeon office, Gumla |
| 9. | 1Bid Opening Place | Civil surgeon, office , Gumla |
| 10. | 1 Contact Number | Email Id: cs.gumla@gmail.com Contact no.- 6205522543 |

**Civil Surgeon, Gumla**

PR 316581 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D



**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(जिला सांख्यिकी शाखा)**

**"जन्म हो या मरण, जरूरी है पंजीकरण।"**
**आमजन से अपील**

1. अपने परिवार में होने वाले जन्म एवं मृत्यु की प्रत्येक घटना का अपने क्षेत्र के जन्म–मृत्यु के स्थानीय कार्यालय यथा–ग्राम पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर अस्पताल, नगर पंचायत, नगर परिषद एवं नगर निगम में ऑनलाईन या स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
2. जन्म प्रमाण पत्र बच्चे का प्रथम कानूनी दस्तावेज है, जो राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर, मतदाता सूची, आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पासपोर्ट, सम्पति निबंधन, विवाह निबंधन, शिक्षण संस्थानों में नामांकन, कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं सरकार के डाटाबेस के लिए आवश्यक है, वहीं मृत्यु प्रमाण पत्र मृत्यु की तारीख का प्रमाणिक दस्तावेज है, जो पारिवारिक पेंशन, बीमा राशि, पैतृक–सम्पति, बैंक खातों एवं कोर्ट कचहरी के लिए आवश्यक है।
3. जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु भारत सरकार का आधिकारिक पोर्टल– **crsorgi.gov.in** है। यह प्रमाण पत्र 21 दिनों के अन्दर निःशुल्क, तत्पश्चात् अधिकतम 1/–(एक) रू0 विलम्ब शुल्क लेकर बनाया जाता है।
4. निजी अस्पतालों में घटित जन्म एवं मृत्यु से संबंधित जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित जन्म–मृत्यु निबंधन इकाई द्वारा निर्गत किया जाता है।
5. आधिकारिक **CRS Portal-crsorgi.gov.in** के अतिरिक्त किसी भी अन्य पोर्टल से बनाए गए जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र पूर्णतः **अवैध** है।
6. अतः आप सभी से अपील है कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण–पत्र बनवाने में किसी भी एजेन्ट/दलाल की मदद नहीं लें।
7. यदि कोई एजेन्ट/दलाल/कम्प्यूटर सेंटर संचालक के द्वारा फर्जी जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया जाता है तो उससे संबंधित लिखित जानकारी नगर निकाय/प्रखण्ड के कार्यालय प्रधान को अवश्य उपलब्ध करायें ताकि उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सके।
8. जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही QR Code के माध्यम से भारत सरकार के आधिकारिक **CRS Portal-crsorgi.gov.in** से प्रमाण पत्र बनाए जाने की जाँच अवश्य कर लें।
9. जन्म एवं मृत्यु के घटनाओं के निबंधन की सूचना देने हेतु परिवार के मुखिया के अतिरिक्त निजी अस्पताल, आँगनबाड़ी सेविका, सहिया, सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं चौकीदार सूचक घोषित हैं।

आदेशानुसार
उपायुक्त–सह–जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु), पलामू

PR 316493 District(23-24)#D


**पहल** रामोत्सव को लेकर जिला प्रशासन ने की शांति समिति की बैठक

# शांति व सौहार्दपूर्वक उत्सव मनाने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिले में भी सभी मंदिरों और धार्मिक स्थलों में पूजा की जाएगी और शोभा यात्रा निकाली जायेगी। इस दौरान विधि व्यस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने शुक्रवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में शांति समिति की बैठक बुलाई। इसमें सदस्यों ने जिला प्रशासन को कुछ मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराया। मौके पर जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शांति समिति के सदस्यों को दिशा निर्देश दिया कि हर त्योहार की भांति इस उत्सव को भी शांति पूर्वक मनाया जाय। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन ने विभिन्न कार्यक्रमों के दृष्टिगत असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी विशेष निगरानी एवं विपरीत परिस्थिति में आकलन एवं शिकायत दर्ज कराने के निमित हेल्पलाइन नंबर 06524-223686,9798148089 जारी किया है।

### लोहरदगा पुलिस की अपील

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने जिले के सभी वासियों से अपील किया हैं कि आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर किसी भी प्रकार के धार्मिक भावनाओं के भड़काने/ठेस पहुँचाने वाले संदेश, अप्रमाणिक जानकारी भ्रामक मैसेज / वीडियों इत्यादि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि पर पोस्ट / अपलोड / शेयर न करें ताकि जिले में शांति व्यवस्था / विधि व्यवस्था भंग न हो । लोहरदगा पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखे हुए है, उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। समाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन का सहयोग करें ।किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें सूचना अविलंब डायल-100/112 या 7004400718 (कंट्रोल रुम लोहरदगा) पर या नजदीकी थानों को दें।

**सुप्रभात**

**महान वैज्ञानिक एडीसन सफल होने से पहले 10000 बार असफल हुए थे। इसलिए बार- बार की असफलताओं से कतई निराश मत होइये : अज्ञात**

# चुनावी वर्ष में आर्थिक चुनौतियां

***पीएम*** मोदी को आम चुनाव से पहले जनता के बीच अपनी आर्थिक रिपोर्ट भी देनी है। विपक्षी पार्टियों का इंडि-अलायन्स भी आर्थिक मोर्चे पर सरकार को घेरेगा जिसमें महंगाई और बेरोजगारी केंद्र बिंदु होंगे। सही मायने में देखें तो आर्थिक स्थिति एक बड़ा कारक है जो चुनावी परिणामों को प्रभावित कर सकता है। 2013-14 में कांग्रेस का केंद्र में डगमगाना कमजोर आर्थिक प्रदर्शन की वजह से भी हुआ था। इसलिए, यह देखना महत्वपूर्ण है कि मोदी सरकार के आर्थिक आकड़ें क्या कहानी कहते हैं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में, भारत की आर्थिक विकास दर में उतार-चढ़ाव आया है। 2019-20 में कोविड-19 महामारी के कारण अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। हालांकि, 2021-22 में अर्थव्यवस्था में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक दशक में सबसे अधिक थी। इस वृद्धि ने ना सिर्फ दुनियां को चौंका दिया बल्कि रघुराम राजन जैसे तमाम बड़े अर्थशास्त्रियों के दावों को भी पूरी तरह गलत साबित कर दिया। 2023-24 के लिए विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत रखा है। लेकिन वर्तमान आकड़ें बताते हैं कि वृद्धि दर इससे अधिक रहे वाली है। जुलाई-सितंबर तिमाही में ही वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही है। कोविड के प्रभाव को छोड़कर, मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में आर्थिक विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इसमें महत्वपूर्ण योगदान बढ़े हुए पूंजीगत खर्च का है। इस तथ्य से नहीं नाकारा जा सकता कि मोदी सरकार ने बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर खूब खर्च किया है। आप आज अपने शहर या गांव से 200 किलोमीटर की कोई यात्रा ट्रैन या सड़क मार्ग से कर लीजिये। आप पायेंगे कि किसी स्टेशन पर निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है तो कोई न कोई बड़ी सड़क बन रही होगी। आकड़ों में देखे तो 2019-20 में जो पूंजीगत खर्च 2,83,500 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 के बजट में रिकॉर्ड 10,01,961 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। इसलिए आज जब आम आदमी भारतीय अर्थव्यवस्था को देखेगा तो निश्चित रूप से पीएम मोदी की सराहना करेगा। क्योंकि इस पैमाने पर मोदी सरकार काफी मजबूत है और जो तेज विकास की जो गारंटी दी गई थी उसे निभाया गया है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान महंगाई लगातार एक चिंता का विषय रही है। गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल और रसोई जैसे जरुरी वस्तुओं कि मियतों में बढ़ोत्तरी हुई है। इसको रोकने के लिए सरकार ने भरपूर प्रयास किये है परन्तु अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आज रसोई गैस के मूल्य में कटौती तो हुई है लेकिन पेट्रोल-डीजल के दामों में कटौती का इंतजार जनता कर रही है। आंकड़ों में ही देखे तो महंगाई अभी एक समस्या बनी हुई है। 2022 में, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 6.70% थी, जो 2014 के बाद सबसे अधिक थी। वहीं तमाम अनुमानों का यही निष्कर्ष है कि 2024 में भी महंगाई 6% से ऊपर रहेगी। हालांकि पिछले पांच महीनों में महंगाई पर लगाम लगी है।

> **2019-20 में कोविड-19 महामारी के कारण अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। हालांकि, 2021-22 में अर्थव्यवस्था में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक दशक में सबसे अधिक थी। इस वृद्धि ने ना सिर्फ दुनियां को चौंका दिया बल्कि रघुराम राजन जैसे तमाम बड़े अर्थशास्त्रियों के दावों को भी पूरी तरह गलत साबित कर दिया। 2023-24 के लिए विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत रखा है। लेकिन वर्तमान आकड़ें बताते हैं कि वृद्धि दर इससे अधिक रहे वाली है। जुलाई-सितंबर तिमाही में ही वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही है।**

इन दिनों

# पीएम जनमन: कमजोर जनजातीय के लिए आशा की किरण



**अर्जुन मुंडा**

'जनजातीय सशक्तिकरण, गौरवशाली भारत' के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विगत दशक के कार्यकाल में जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे अतुलनीय हैं। आजादी के बाद सरकारें तो बदलती थीं पर उनके अजेंडे में अनुसूचित जनजातीय समाज दूर दूर तक कहीं नजर नहीं आता था। देश आगे बढ़ता गया और जनजातीय समाज वहीं का वहीं रह गया। मूलभूत सुविधाओं की कमी और राजनैतिक उपेक्षाओं के कारण जनजातीय समाज मुख्यधारा से दूर रह गया। देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातियों के हित में सोचा और अलग से जनजातीय मंत्रालय का गठन किया। उस काम को प्रधानमंत्री मोदी जी तेजी से आगे ले गए। जनजातीय समाज को राजनैतिक एवं सामाजिक ढ़ंग से सशक्त करना यदि किसी मायने में कोई कर पाया है तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चिंतन हमेशा ऐसी योजनाओं को धरातल पर लाने का होता है, जिनका मूलभूत उद्देश्य पिछड़े और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को न्याय, समानता और मौलिक अधिकार दिलाना हो। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर महा अभियान 'प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन)'का शुभारम्भ किया। यह एक ऐसी परियोजना है जिसकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। हमारी सरकार ने देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 23 हजार से ज्यादा गांवों में रह रहे ऐसे 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की पहचान की, जो आदिवासियों में भी सबसे पीछे रह गये आदिवासी हैं, जिन्हें आजादी के 75 साल बाद भी मूल सुविधाएं प्राप्त नहीं हुई हैं। 'पीएम जन मन' के इस महान अभियान के द्वारा भारत सरकार इन समुदायों पर 24 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। पीवीटीजी समुदाय अक्सर वन क्षेत्रों के सुदूर और दुर्गम बस्तियों में रहते हैं। पीएम जन मन अभियान को आरम्भ करते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा 'सरकारें पहले आंकड़ों को जोड़ने का काम करती थी लेकिन मैं आंकड़ों को नहीं बल्कि जिंदगी को जोड़ना चाहता हूँ।' यह प्रधानमंत्री जी की जनजातीय समुदायों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री जी के संकल्प को गति देते हुए भारत मंडपम, दिल्ली में पीएम-जनमन के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए मंथन शिविर का आयोजन कर योजना के क्रियान्वयन एवं रोड मैप पर चर्चा की गई। जनजातीय मंत्रालय ने पीएम-जनमन के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस 'सुशासन दिवस' के अवसर पर 25 दिसंबर से देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में पीवीटीजी परिवारों तक पहुंचने के उद्देश्य से, सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान की शुरूआत की है। पिछले तीन सप्ताह में मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक जिलों में 8000 से अधिक कैंप लगाये गये, जिनमें आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाते आदि खोले जा रहे हैं, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ मिल सके। विभिन्न मंत्रालयों द्वारा विगत 2 माह में पीएम जनमन के तहत 4700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 1 लाख लाभार्थियों को पक्के घर और 400 से अधिक पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटो में 1200 किलोमीटर सड़के बनाने की स्वीकृति दे दी गई है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 100 छात्रावास, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 916 आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट, जनजातीय मंत्रालय द्वारा 450 मल्टीपर्पज सेंटर और 405 वनधन केंद्र, विद्युत मंत्रालय द्वारा 6500 से ज्यादा टोलो में 70000 से ज्यादा घरों में बिजली की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत भी हर घर नल पहुंचाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। जनजातीय समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल में, ट्राइफेड ने फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी), एग्री बिजनेस, पेपरबोर्ड और पैकेजिंग में विशेषज्ञता रखने वाले एक प्रमुख भारतीय समूह आईटीसी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी बनाई है। यह सहयोग न केवल जनजातीय समूहों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने बल्कि घरेलू और वैश्विक स्तर पर उनके उत्पादों की बाजार पहुंच का विस्तार करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ये केंद्र विशेष रूप से अति पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) सहित स्थानीय जनजातीय समुदायों को हल्दी जैसे उत्पादों के मूल्य को बढ़ाने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे बेहतर पारिश्रमिक हासिल किया जा सकेगा। वन धन विकास केंद्रों में अपनी व्यापक भागीदारी के साथ, कच्ची जैविक हल्दी की खरीद के लिए 15,000 से अधिक आदिवासियों के एकत्रीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए ट्राइफेड अग्रसर है। ट्राइफेड जैविक प्रमाणीकरण और ई-कॉमर्स प्रयासों के लिए वित्त पोषण का नेतृत्व करेगा, जबकि आईटीसी अपने स्थापित ग्राहक नेटवर्क के भीतर जैविक हल्दी को एक उप-ब्रांड के रूप में एकीकृत करेगा। बेहतर आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने की एक अन्य पहल में, ट्राइफेड हंगरी, घाना, हांगकांग, साइप्रस, बांग्लादेश, नेपाल, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, मॉरीशस, पोलैंड, लुसाका, संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स में भारतीय दूतावासों को 10-15 पीवीटीजी उत्पादों की एक खेप भेज रहा है। क्यूआर कोड के साथ उत्पादों को विदेशों में इन भारतीय दूतावासों और मिशनों में प्रदर्शित किया जायेगा, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विपणन मंच तैयार होगा। क्यूआर कोड को स्कैन करने पर, ग्राहकों को ट्राइफेड के समर्पित निर्यात पोर्टल, डब्लू-डब्लू, डब्लू डोट ट्रीबेस इण्डिया डोट ओर्ग पर निर्देशित किया जायेगा। यह पहल न केवल पीवीटीजी शिल्प कौशल को बढ़ावा देती है बल्कि विदेशों में भारतीय मिशनों के माध्यम से इन उत्पादों की मांग को भी प्रोत्साहित करती है। ट्राइफेड का प्रयास न केवल आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है बल्कि इन आदिवासी समुदायों द्वारा तैयार किये गये अद्वितीय उत्पादों के लिए वैश्विक उपस्थिति भी स्थापित करता है। 1000 स्प्रिंग्स पहल के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पीवीटीजी बाहुल क्षेत्रों में सुरक्षित और पर्याप्त पानी तक पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से 100 जिलों के जनजातीय क्षेत्रों में 1000 प्राकृतिक झरनों को पुर्नजीवित करने का काम किया जायेगा। इस पहल के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ तालमेल से इन क्षेत्रों के लोगों में इस विषय के प्रति जागरूकता पैदा करना, जनजातीय युवाओं को पैरा-हाइड्रोलॉजिस्ट के रूप में कौशल प्रदान करना, आदि शामिल होगा। जनजातीय समूहों को देश की मुख्यधारा में सम्मिलित करने हेतु 22 जून को एक ऐतिहासिक कदम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 75 पीवीटीजी समुदाय के अतिथियों का अभिनंदन किया। उनमें से बहुत से जनजातीय भाई बहन ऐसे थे जो पहली बार जंगल और गांव से बाहर निकले और शहर आये। जब उन्होंने राष्ट्रपति से बातचीत की और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें संबोधित किया तो सत्ता के गलियारे इन हाशिए पर मौजूद समुदायों की आवाज से गूंज उठे।

**(केंद्रीय जनजातीय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री)**

> **पिछले तीन सप्ताह में मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक जिलों में 8000 से अधिक कैंप लगाये गये, जिनमें आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाते आदि खोले जा रहे हैं, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ मिल सके। विगत 2 माह में पीएम जनमन के तहत 4700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 1 लाख लाभार्थियों को पक्के घर और 400 से अधिक पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटो में 1200 किलोमीटर सड़के बनाने की स्वीकृति दे दी गई है।**

## आपकी बात

### 22 को मनायें सात्विक दिवस



**देवेश कु. घोष**

जनवरी, भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन को । मांसाहारी भोजन का त्याग कर,मदिरा को हाथ न लगाकर, मन से पवित्र होकर अपने अपने इष्ट देव की आराधना कर सात्विक दिन का आगाज करना मन को मजबूत बना देगा । । हंसी मजाक में भी उस दिन झूठ न बोलें और कोई गलत काम न करें बड़े बड़े संत महात्माओं के अनुसार 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरे विश्व के लिए अच्छा सगुण साबित होने वाला है । पवित्र संकल्प लें, कोई बुरी आदत छोड़ने की शुरूआत करें । ईश्वर आपकी सहायता करेंगें । पुराने मित्रों, भूले भटके रिशेदारों से ह्यजय श्री रामह्व का अभिवादन कर संपर्क करना अच्छा होगा । शुभकामनायें दें और आशीर्वाद लें । बड़े बुजुर्गों द्वारा उचित और सुरक्षित स्थान पर पेड़ लगवाएँ जो इस शुभ दिन की निशानी होगी और भविष्य में याद दिलाती रहेगी । हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म उस युग में हुआ जब भगवान श्री राम के जन्म स्थान पर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है । इस ऐतिहासिक दिन को सात्विक दिवस मनाकर आप जीवन भर आनंद का अनुभव करेंगें और यह दिन आपको सब दिन शक्ति प्रदान करती रहेगी । हो सकता है यह दिन आपके भावी सात्विक जीवन की शुरूआत हो ? इस दिन का सात्विकता पालन आपके लिए शुभ दिन हो जाए और भाग्य का द्वार खोल दे? जय श्री राम !

### शीतलहर से लोग परेशान

पलामू जिला शीतलहर की चपेट में है। कड़ाके के ठंड से जनजीवन बेहाल है। पूस की रात में इस बार जमकर पाला बरस रही है। पाला गिरने से कनकनी और ठंड का प्रकोप अपने पूरे शबाब पर है। पशु पक्षी और जीव जंतु पर यह ठंड भारी पड़ रहा है। अब तक ठंड लगने से दर्जनों जानवरों की मौत हो चुकी है। ठंड लगने से कई लोग बीमार पड़े हुए हैं। सर्दी खासी जुकाम से भी पीड़ित है। निजी और सरकारी अस्पताल में मरीजों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। ठंड से बचने के लिए लोग देर तक घरों में दुबके रहने को विवश हैं। जबकि शाम ढलते ही चौक-चौराहा और सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है। इस बार ठंड से बचने के लिए चौक चौराहों पर प्रशासन की ओर से अलाव की भी व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में खास कर राहगीरों को कहीं आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

**- सुधीर कुमार यादव**

अध्यात्म

# जय श्रीराम, अब होगा प्राचीन भारतीय विज्ञान का पुनरुत्थान



**प्रमोद भार्गव**

***अयोध्याधाम*** में श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ राम की पुरातन एवं सनातन ऐतिहासिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की स्थापना भी हो जायेगी। अब विभिन्न रामायणों में दर्ज उस विज्ञान को भी मान्यता देने की जरूरत है, जिन्हें वामपंथी पूर्वाग्रहों के चलते वैज्ञानिक एवं बुद्धिजीवी न केवल नकारते रहे हैं, बल्कि इनकी ऐतिहासिकता को भी कपोल-कल्पित कहकर उपहास उड़ाते रहे हैं। अतैव यह समय प्राचीन भारतीय विज्ञान के पुनरुत्थान का भी काल है, क्योंकि रामायण और महाभारत कथाएं नाना लोक स्मृतियों और विविध आयामों में प्रचलित बनी रहकर वर्तमान हैं। इनका विस्तार भी सार्वभौमिक है। देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में 'इतिहास' को 'पुरावृत्त' कहा गया है। गोया, कालिदास के 'रघुवंश' में विश्वामित्र राम को पुरावृत्त सुनाते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने रामायण को महाकाव्यात्मक इतिहास की श्रेणी में रखा है। जबकि इन ग्रंथों में विज्ञानसम्मत अनेक ऐसे सूत्र मौजूद हैं, जिनके जरिए नये आविष्कार की दिशा में बढ़ा जा सकता है। विज्ञान सम्मत अंशों को संकलित कर पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। ऐसा करने से मेधावी छात्रों में विज्ञानसम्मत महात्वाकांक्षा जागेगी और भारतीय जीवन-मूल्यों के इन आधार ग्रंथों से मिथकीय आध्यात्मिकता की धूल झाड़ने का काम भी संपन्न होगा। वैसे भी ज्यादातर रामायणों में उल्लेख है की भगवान राम लंका विजय के बाद माता सीता, भाई लक्षमण, हनुमान और सुग्रीव के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचे थे। इतिहास तथ्य और घटनाओं के साथ मानव की विकास यात्रा की खोज भी है। यह तय है कि मानव, अपने विकास के अनुक्रम में ही वैज्ञानिक अनुसंधानों से सायास-अनायास जुड़ता रहा है। ये वैज्ञानिक उपलब्धियां या आविष्कार रामायण, महाभारतकाल मे उसी तरह चरमोत्कर्ष पर थे, जिस तरह ऋग्वेद के लेखन-संपादन काल के समय संस्कृत भाषायी विकास के शिखर पर थी।

> **देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में 'इतिहास' को 'पुरावृत्त' कहा गया है।**



**बोधि वृक्ष**

## कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

जिस कारण ये शक्तियां इस पर्वत पर चढ़ने से रोकती है अलौकिक शक्तियों के कारण कई बार आश्चर्यजनक घटनाए घटित हुई है तो कई बार साफ मौसम में एकदम तेज बर्फबारी हुई, तो कभी रास्ता ही गायब हो गया। कैलाश पर्वत की ऊपरी चोटी का आकार शिवलिंग के समान है। माना जाता है, कि इस पर्वत पर भगवान शिव की शिवलिंग स्थित है पर इस पर कोई भी वैज्ञानिक तर्क नहीं है। इस पर्वत की एक परिक्रमा से सभी पाप धुल जाते है। माना जाता है, कि मानसरोवर में कल्प वृक्ष स्थित है, इसलिए इस झील के 12 परिक्रम लगाने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। माना जाता है, कि इस पर्वत के भीतरी भाग से डमरू तथा ओउम की ध्वनियाँ उत्पन्न होती है जहाँ भगवान शिव इस पर्वत में मौजूद है, और वे डमरू बजा रहे है पर वैज्ञानिको के आधार पर ये ध्वनियाँ बर्फ के पिघलने से उत्पन्न होती है। कैलाश पर्वत पर समय बहुत तेजी से घटता है। पर्वतारोहियो का मानना है, कि यहाँ पर बाल और नाखून बहुत तेजी से बढ़ते है। तथा सामान्य समय में 7 दिन में नाखुनो की लम्बाई वहा मात्र 12 घंटो में बढ़ जाती है। ये सच्चाई है, पर इसके कारण के बारे में कोई वैज्ञानिक तर्क नहीं दिया गया है। पर्वत की इन अद्भुत शक्तियों से कारण कोई यात्री इस पर्वत को विजय नहीं कर पाया इसलिए चीन के सरकार ने 2001 में अपने अंतिम प्रयास के बाद इस पर्वत की चढ़ाई को प्रतिबंधित कर दिया और आज इसकी चढ़ाई करना गैरकानूनी अपराध है। कैलाश पर्वत दुनिया के दुर्गम पर्वतो में से एक है। हिमालय जैसे पर्वत पर भी कई बार सफल चढ़ाई की जा चुकी है, पर कैलाश अभी भी अजेय है और शायद अजेय ही रहेगा, पर एक अपवाद के रूप में माना जाता है, कि 1927 में एक यात्री ने सफलता पूर्वक कैलाश पर्वत की यात्रा की थी। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से

**Surendra Kishore**
9 h ·

महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर
----------------------
(9 मई 1540--19 जनवरी 1597)
----------------
सुरेंद्र किशोर
---------------
ब्रिटिश सरकार ने जार्ज पंचम के दिल्ली दरबार(सन 1911)
हाजिर होने से सिर्फ महाराणा प्रताप के वंशज को छूट दी थी
याद रहे कि सारे भारतीय राजाओं की यह मजबूरी होती थी
ब्रिटिश किंग के सामने झुककर उन्हें नजराना दें।
-----------------------
चूंकि महाराणा के वंशज इसके लिए तैयार नहीं थे,इसलिए
उन्हें यह छूट दे दी थी।किसी अन्य राजा-महाराजा को ऐसी
मिली थी। (-एम.ओ.मथाई लिखित पुस्तक ''नेहरु के साथ
वर्ष''से)
--------------------
मध्यकाल के इतिहास लेखन के बारे में नेहरु युग के कम्युनि
इतिहासकारों ने नये इतिहास लेखकों को यह निदेश दिया था
महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी के त्याग, वीरता आदि
चर्चा करते हुए इतिहास मत लिखो अन्यथा हिन्दू सांप्रदायिक
बढ़ेगी।

## X - से

**DC Palamu**
@DC_Palamu

माननीय महोदय, मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी से जांचोपरांत ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति(असनरायण पाल) का पहले से ही पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है (1/2)

Translate post

**Champai Soren** @ChampaiSoren · 21h
.@DC_Palamu इनकी सहायता करें।

14:56 · 19 Jan 24 · 1,696 Views

1 Repost 1 Quote 21 Likes

**DC Palamu** @DC_Palamu · 4h
Replying to @DC_Palamu
तथा दूसरे व्यक्ति(राम प्रवेश सिंह) का आधार अपडेट की प्रक्रिया की जा रही है। आधार अपडेट होने के उपरांत उन्हें पेंशन योजना से लाभान्वित कर दिया जायेगा।(2/2)

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# अवध में फिर श्रीराम बिराजें- 13

**।।।। बंदऊं नाम राम रघुवर को ।।।।**



**डॉ. मयंक मुरारी**
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

***वैदिक*** ऋषियों ने जिन दिव्यता के विचार के साथ दर्शन के शिखर को स्पर्श किया, वह उनका अमूर्त या भावात्मक देव वर्ग का निर्माण है। ऋषियों ने यज्ञा के माध्यम से अनेक देवों के प्रति भावयुक्त अभिव्यक्ति की है। इसमें ऐक्य-भाव सर्वत्र द्रष्टव्य है। बाद में ऋषियों के विचार और चिंतन दृष्टि अमूर्त और भावात्मक देवताओं की ओर जाती है। कई देवता तो मनोभवों के मानवीकरण रूप है। ऋषियों का मानना रहा कि देव संबंधी भावनाएं अमूर्त रूप में साकार होती है। कालांतर में ये स्वतंत्र देवत्व प्राप्त कर लिये। यजुर्वेद में ऐसे भावात्मक और अमूर्त देवताओं की एक लंबी सूची है जिनमें काम, गर्भ, गुण, धर्म, चक्षु, प्रायश्चित, प्रश्न, द्वेष, मृत्यु, आशीर्वाद, स्तुति, यज्ञ, सुख, सीर, सीता, सुन्वन, शरीर अवयव, हृदय, अहोरात्र, अनुमति जैसे भावों को देवश्रेणी में स्थान दिया गया है। वाल्मीकि के काल में संबोधन से मनुष्य के व्यक्तित्व और उसके आंतरिक एवं बाहय गुणों का प्रदर्शन होता था। कुछ संबोधन व्यक्ति के वंश, परंपरा, कुल एवं कार्य के चरित्रगत लक्षण को भी प्रदर्शित करता है। इन संबोधन से वाल्मीकि के काल में व्यक्ति के गुणों, जन्मस्थानों एवं स्वभाव का भी बोध होता था। अब एक राम नाम के अर्थ अनेक हैं। तैत्तरीय अरण्यक के अनुसार राम शब्द का पुत्र है। इसमें पुत्र को राम कहा गया है। वही ब्राह्मण संहिताओं में रमन्ते सर्वत्र इति रामः यानी जो सभी जगहों पर रमा हुआ है। वह राम है। संस्कृत व्याकरण के अनुसार रमंते का अर्थ राम अर्थात जो सुंदर है, दर्शनीय है, वह राम है। इसी प्रकार मनोज्ञ शब्द को भी राम से जोड़ा जाता है। इसमें मनोज्ञ का अर्थ है मन को जानने वाला। यानी जो मन को जानता है, वह राम है। हिंदी में राम का अर्थ जो आनंद देनेवाला हो। संतुष्टि देने वाले को राम कहा जाता है। दशरथनंदन राम सहित चार भाईयों को चार पुरुषार्थ का प्रतीक बताया गया है। इसमें राम को मोक्ष, भरत को धर्म, लक्ष्मण को काम और शत्रुघन को अर्थ का पर्याय बताया गया है। राम का एक अर्थ र से रसातल यानी पाताल, अ से आकाश और म से मृत्युलोक यानी पृथ्वी। इस प्रकार जो धरती, आकाश और पाताल का स्वामी है। वह राम है। संस्कृत व्याकरण में रम धातु में प्रत्यय के योग से राम बनता है। रम धातु का अर्थ रमण यानी निवास करना है। वे प्राणियों के हृदय में रमण करते है।

> **ऋषियों ने यज्ञा के माध्यम से अनेक देवों के प्रति भावयुक्त अभिव्यक्ति की है। इसमें ऐक्य-भाव सर्वत्र द्रष्टव्य है। बाद में ऋषियों के विचार और चिंतन दृष्टि अमूर्त और भावात्मक देवताओं की ओर जाती है।**

## टेक वर्ल्ड

### भारत का पहला ह्युमन स्पेश

बता दें कि, इस मिशन के पहले क्रू मॉड्यूल के लिस्ये पहले डिवेलपमेंट फ्लाइट टेस्ट व्हीकल की तैयारी आखिरी चरण में है। इसरो ने बताया कि, टेस्ट व्हीकल एक सिंगल स्टेज लिक्विड रॉकेट है जिसे इस अबॉर्ट मिशन के लिए डिवेलप किया गया है। पैलोड में क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम अपनी तेजी से कार्य करने वाली मोटर्स के साथ हैं। इसके अलावा सीएम फेयरिंग और इंटरफेस एडैप्टर्स हैं। **(समाप्त)**



**मार्केट में आया दुनिया का सबसे छोटा Power bank, चुटकियों में चार्ज होगी 50 प्रतिशत बैटरी**

Urbn ने दुनिया का सबसे छोटा पावर बैंक मार्केट में उतारा है। अर्बन नैनो के लॉन्च के साथ अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। लेटेस्ट पावर बैंक दो अलग-अलग क्षमताओं में मौजूद है। 10,000mAh और 20,000mAh दोनों ही प्रोडक्ट को कंपनी की प्रीमियम रेंज, ब्लैक एडिशन और सपोर्ट पावर डिलीवरी के तहत लॉन्च किया गया है। चार्जिंग सलूशन ब्रांड अर्बन ने दुनिया का सबसे छोटा पावर बैंक मार्केट में उतारा है। अर्बन नैनो के लॉन्च के साथ अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। लेटेस्ट पावर बैंक दो अलग-अलग क्षमताओं में मौजूद है। 10,000mAh और 20,000mAh दोनों ही प्रोडक्ट को कंपनी की प्रीमियम रेंज, ब्लैक एडिशन और सपोर्ट पावर डिलीवरी के तहत लॉन्च किया गया है जो केवल 30 मिनट में फोन को 0-50 प्रतिशत तक चार्ज करने का वादा करता है।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### पंजाब सीएम मान के विश्वासपात्र मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के विश्वासपात्र 60 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रपाल सिंह को शुक्रवार को राज्य का मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया। सिंह ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और पूर्व पुलिस महानिदेशक सुरेश अरोड़ा का स्थान लिया, जिनका कार्यकाल तीन महीने पहले समाप्त हो गया था। उनके नामांकन को राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने मंजूरी दे दी है। हालांकि, शपथ ग्रहण समारोह की तारीख की घोषणा अभी बाकी है।

### महुआ मोइत्रा ने खाली किया बंगला



**नई दिल्ली।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने सरकारी बंगला नंबर 9 बी टेलीग्राफ लेन को शुक्रवार सुबह 10 बजे खाली कर दिया। मकान को संपदा निदेशालय को सौंप दिया गया है। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक मकान अधिकारियों के आने से पहले ही खाली कर दिया गया था और जबरन कोई निष्कासन नहीं हुआ। लोकसभा से सदस्यता जाने के बाद टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को आवंटित सरकारी बंगला खाली करने के लिए नोटिस भेजा गया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

### भारी बर्फबारी के चलते जर्मनी में 320 से ज्यादा उड़ानें रद्द



**बर्लिन।** जर्मनी के सबसे बड़े फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर बर्फबारी के चलते 320 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार सुबह हवाई अड्डे के प्रबंधक फ्रापोर्ट एजी ने घोषणा की कि फ्लाइट्स में व्यवधान और रद्द होने की आशंका है। फ्रापोर्ट के प्रवक्ता ने गुरुवार देर रात कहा, "टेक-ऑफ और लैंडिंग अब फिर से संभव है।" भारी बर्फबारी के कारण बुधवार दोपहर से फ्लाइट्स बाधित हो गई है। फ्रापोर्ट एजी ने कहा कि ऑपरेशन्स शुक्रवार तक सामान्य हो जाना चाहिए।

# रामलला की पहली तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर 'धमाका'



**एजेंसी। अयोध्या/लखनऊ**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। इसका संपूर्ण विश्व खासकर भारत के लोगों को खास इंतजार है। इसी कड़ी में अयोध्या में चल रही प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों की तस्वीरें तो आप रोज देख रहे हैं। आइये अब आपको आपके हम सबके प्रभु राम लला की पहली तस्वीर दिखाते हैं। ये तस्वीर इतनी औलौकिक है कि आपका दिन बन जाएगा। रामलला की पहली तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस तस्वीर को कोई फेसबुक तो कोई अपनी डीपी में लगा रहा है। लोग इस तस्वीर को देखकर बहुत आनंदित हो रहे हैं। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि रामलला की यह मूर्ति पत्थर की बनी है और इसका रंग श्याम वर्ण है। अभी इस मूर्ति पर फिलहाल कपड़ा लगा हुआ है जो पीला वस्त्र है। वहीं प्रभु रामलला का शरीर सफेद वस्त्र से ढका दिख रहा है। इस मूर्ति को वहां पर काम कर रहे हमारे श्रमजीवी भाई निहार रहे हैं और कौतुहल से भगवान राम को देख रहे हैं। जो भी इस तस्वीर को देख रहा है वो इसको देखता ही जा रहा है।

**रामभक्त इसकी डीपी लगाने में जुटे, आप भी करिये प्रभु के दर्शन!**

## रामलला विग्रह का पूजन शुरू, अरणिमंथन से प्रकट हुई अग्नि

**रामनगरी** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर के गर्भगृह में शुक्रवार सुबह आसन पर विराजमान रामलला विग्रह की मनमोहक श्यामल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अनुष्ठान की प्रक्रिया देश भर से यहां पधारे 121 प्रकांड विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू की। इससे पहले गुरुवार को गर्भगृह से भगवान राम के बालरूप मूर्ति की पहली तस्वीर आई सामने आ चुकी है। इस तस्वीर में रामलला प्रतिमा की आंख पट्टी से बांधी है, जिसे 22 जनवरी को शुभ मूहुर्त में खोला जाएगा। हालांकि, मूर्ति अभी ढकी हुई है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सात दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को अनुष्ठान के चौथे दिन काशी से पधारे आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित, अरुण दीक्षित, सुनील दीक्षित, अशोक वैदिक, पुरुषोत्तम वैदिक के अलावा महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु समेत देश के विभिन्न प्रांतो के 121 पंडितों ने प्रातःकाल नौ बजे अरणिमन्थन से अग्नि प्रकट करायी। इसी अग्नि से यज्ञादि मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। इसके पहले गणपति आदि स्थापित देवताओं का पूजन, द्वारपालों द्वारा सभी शाखाओं का वेदपारायण, देवप्रबोधन, औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास, कुण्डपूजन, पञ्चभूसंस्कार संपन्न हुआ। अरणिमन्थन द्वारा प्रगट हुई अग्नि की कुण्ड में स्थापना, ग्रहस्थापन, असंख्यात रुद्रपीठस्थापन, प्रधानदेवतास्थापन, राजाराम - भद्र - श्रीरामयन्त्र - बीठदेवता - अङ्गदेवता - आवरणदेवता - महापूजा, वारुणमण्डल, योगिनीमण्डलस्थापन, क्षेत्रपालमण्डलस्थापन, ग्रहहोम, स्थाप्यदेवहोम, प्रासाद वास्तुश्शान्ति, धान्याधिवास सायंकालिक पूजन एवं आरती की जायेगी। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार राम मंदिर के गर्भगृह में आज रामलला विग्रह को औषधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और सायंकाल धान्याधिवास को मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया जा रहा है। इस अनुष्ठान में काशी के श्रद्धेय गणेश शास्त्री, द्रविड़ एवं प्रमुख आचार्य श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित शामिल हैं। गौरतलब है कि मूर्तिकार अरुण योगीराज के द्वारा तराशी गयी 51 इंच की प्रतिमा श्याम रंग की है, जिसका वजन दो टन बताया गया है। मूर्ति को 21 जनवरी तक जीवनदायी तत्वों से सुवासित कराया जाएगा। गर्भगृह में भगवान चल के साथ अचल स्वरूप में भी विराजमान होंगे। दोनों प्रतिमा बुधवार को ही परिसर में पहुंच चुकी हैं। सुवासित का क्रम गुरुवार से प्रारंभ हो चुका है।

### प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त

रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पौष माह के द्वादशी तिथि (22 जनवरी 2024) को अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश को होगा। यह शुभ मुहूर्त दिन के 12 बजकर 29 मिनट और 08 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट और 32 सेकंड तक का रहेगा। यानि प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 84 सेकंड का होगा।

### अनुष्ठान

- 20 जनवरी, प्रात : -शर्कराधिवास, फलाधिवास
- 20 जनवरी, सायं- पुष्पाधिवास
- 21 जनवरी, प्रातः - मध्याधिवास
- 21 जनवरी, सायं- शय्याधिवास

### क्या होता है यम नियम अनुष्ठान

पीएम ने 11 दिनों तक यम नियम के पालन करने का संकल्प लिया है और वे 12 जनवरी से इस नियम का पालन कर रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार मूर्ति स्थापना या मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को पवित्र प्रक्रिया माना जाता है। अष्टांग योग के आठ भाग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, भजन और समाधि) में यम नियम सबसे पहला नियम है। कुछ लोग यम नियम को बोद्ध धर्म के पांच सिद्धांत (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह) भी मानते हैं. यम नियम में प्रतिदिन स्नान, अन्न त्याग, बिस्तर पर सोने का त्याग आदि जैसे कठोर नियम होते हैं।

### पहुंचने लगे अतिथि, एनआरआई श्रद्धालु भी बने यजमान

अयोध्या राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अनिवासी भारतीय (एनआरआई) भी अयोध्या पहुंच गये है। कई अन्य अतिथियों का आगमन मुख्य आयोजन के चार दिन पूर्व पहले ही प्रारंभ हो गया है। यहां पहुंचने वालों में अधिकांश संत हैं। अभी तक लगभग 35 अतिथियों का आगमन हो चुका है। इसमें से 26 देश के प्रख्यात संत महात्मा हैं। इन सभी को तीर्थक्षेत्रपुरम के संत नगर में ठहराया गया है। एनआरआई श्रद्धालु भी रामघाट स्थित संकटमोचन शनि धाम में श्रीराम महायज्ञ व श्रीराम कथा का आयोजन के यजमान बने हैं। सिडनी आस्ट्रेलिया व फिजी के अलावा न्यूजीलैंड के इन श्रद्धालुओं का कहना है कि राम मंदिर निर्माण निर्विघ्न पूर्ण करने के संकल्प के साथ इस महायज्ञ में आए हैं। इधर, अयोध्या नरेश विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र आज कुलदेवी को न्योता देंगे। बड़ी देवकाली माता व छोटी देवकाली माता को आज राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का स्नेह निमंत्रण जाएगा। बता दें कि बड़ी देवकाली माता भगवान राम की कुलदेवी हैं तो छोटी देवकाली माता देवी सीता की कुलदेवी हैं।

**श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र सदस्य व अयोध्या नरेश विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र आज कुलदेवी को न्योता देंगे**

### अमरावती से अयोध्या भेजी गई 500 किग्रा कुमकुम की पत्तियां

**नागपुर।** अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में 22 जनवरी को होने जा रहे भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए महाराष्ट्र के अमरावती से 500 किलोग्राम कुमकुम की पत्तियां भेजी गई हैं। आध्यात्मिक नेता राजेश्वर मौली और जितेंद्रनाथ महाराज के हाथों कुमकुम की पत्तियां अयोध्या भेजी गई हैं। कुमकुम की पत्तियां अयोध्या रवाना करने के संबंध में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में सांसद नवनीत राणा शामिल हुईं। भारत में कुमकुम की पत्तियों का गहरा सामाजिक और धार्मिक महत्व है।



### पीएम ने चुनिंदा राम भजनों की प्ले लिस्ट साझा की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने ट्विटर हैंडल पर शुक्रवार को श्रीराम भजनों की सूची साझा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कई लोग अपना पसंदीदा श्री रामभजन शेयर कर रहे हैं। उनमें से कुछ को शामिल करते हुए वे एक प्ले-लिस्ट साझा कर रहे हैं। श्री राम की सार्वभौमिक अपील का अनुभव करें, क्योंकि प्रत्येक भजन भाषा से परे है, हम सभी को श्रद्धा में एकजुट करता है। प्रधानमंत्री ने श्रीराम भजन की जो सूची साझा किया है। उसमें मंगल भवन अमंगल हारी सहित 62 भजन शामिल हैं।

### सुरेश वाडेकर के भक्ति संगीत को सोशल मीडिया पर किया साझा

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को सुरेश वाडेकर के भक्ति संगीत को सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने ट्विटर हैंडल पर प्रतिक्रया देते हुए कहा है कि अयोध्या में होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश प्रभु श्रीराम की भक्ति के रंग में सराबोर है। इसी भाव को सुरेश वाडेकर जी और आर्या आंबेकर जी ने अपने सुमधुर सुरों में पिरोया है।

### पीएम ने सूरीनाम, त्रिनिदाद व टोबैगो के भजन सोशल मीडिया पर किए साझा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार सोशल मीडिया एक्स पर सूरीनाम, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के भजन साझा किए हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा है कि भजनों में रामायण का शाश्वत संदेश है। रामायण के संदेश ने दुनिया भर के लोगों को प्रेरित किया है। यहां सूरीनाम और त्रिनिदाद और टोबैगो से कुछ भजन हैं।

**बिलकिस बानो केस मामला**

## 11 दोषियों को नहीं मिली राहत, 21 तक करें सरेंडर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

2002 के गुजरात दंगों की पीड़िता बिलकिस बानो मामले के 11 दोषियों-को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मामले के सभी दोषियों के सरेंडर करने से पहले और वक्त देने को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले के दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर आत्मसमर्पण के लिए वक्त देने का अनुरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने आदेश के मुताबिक, सभी आरोपियों को 21 जनवरी तक सरेंडर करने का आदेश दिया है। बानो केस के दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट के सामने खुद के स्वास्थ्य के साथ-साथ बूढ़े मां-बाप सहित कई पारिवारिक जिम्मेदारियों का हवाला दिया था। बता दें कि 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले ये सभी दोषी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे, अगस्त 2022 में गुजरात सरकार ने उनकी सजा माफ कर दी थी।

### राम रहीम को फिर मिली 50 दिनों की पैरोल, जल्द आएंगे जेल से बाहर



**चंडीगढ़।** रोहतक जिले की सुनारिया जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर 50 दिन की पैरोल मिल गई है। वो आज या कल में जेल से बाहर आ सकता है। बता दें कि गुरमीत राम रहीम इस समय रोहतक की सुनारिया जेल में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है। 29 दिन पहले ही राम रहीम पैरोल काट दोबारा जेल लौटे थे। लेकिन अब एक बार फिर से वह जेल से बाहर आएंगे। जानकारी के अनुसार, हरियाणा सरकार ने बाबा राम रहीम को 50 दिन की पैरोल दी है। इस दौरान वह यूपी बागपत के बरनावा आश्रम में रहेगा। शुक्रवार शाम या फिर शनिवार सुबह राम रहीम रोहतक जेल से बाहर निकलेगा।

## राहुल गांधी की लोस सदस्यता बहाली के खिलाफ याचिका पर एससी ने लगाया 1 लाख का जुर्माना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता की बहाली को चुनौती देने वाली जनहित याचिका दायर करने के लिए लखनऊ के एक वकील पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस तरह की तुच्छ याचिकाएं दायर करने से न केवल अदालत का बल्कि पूरे सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री का कीमती समय बर्बाद होता है। न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता अशोक पांडे के कहने पर मामले को पहले भी दो बार स्थगित किया जा चुका है। अपनी याचिका में, अशोक पांडे ने तर्क दिया था कि एक बार संसद या राज्य विधानमंडल का कोई सदस्य कानून के तहत अपना पद खो देता है, तो वह तब तक अयोग्य रहेगा जब तक वह अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से बरी नहीं हो जाता। उन्होंने संविधान पीठ से यह तय करने का अनुरोध किया कि क्या दोषसिद्धि पर रोक के आधार पर कानून के तहत अयोग्यता झेलने वाला व्यक्ति संसद या राज्य विधानमंडल का सदस्य चुने जाने या बनने के योग्य हो जाएगा। पिछले साल अगस्त में, सुप्रीम कोर्ट ने 'मोदी उपनाम' मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी थी, यह कहते हुए कि ट्रायल जज ने दो साल की अधिकतम सजा देने के लिए कोई कारण नहीं बताया था। सुप्रीम कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद, लोकसभा सचिवालय ने 7 अगस्त 2023 को संसद में उनकी सदस्यता बहाल कर दी थी। राहुल गांधी को मार्च 2023 में एक सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जब सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी को अप्रैल 2019 में कर्नाटक में एक चुनावी रैली के दौरान की गई टिप्पणी 'सभी चोरों का उपनाम मोदी कैसे है' के लिए दो साल की जेल की सजा सुनाई थी।

## तुर्किये, स्वीडन और इटली ने भी अंतरिक्ष की ओर बढ़ाए कदम



**केप कैनावेरल।** तुर्किये, स्वीडन और इटली के अंतरिक्ष यात्रियों ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। इन यात्रियों के पास सैन्य पायलट होने का अनुभव है। सभी अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। संभावना है कि उनका कैप्सूल शनिवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच जाएगा। नासा की विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इस यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति का अनुमानित खर्च तीनों देशों में से प्रत्येक का लगभग 55 मिलियन डॉलर या अधिक है। ह्यूस्टन कंपनी एक्सिओम स्पेस, नासा और स्पेसएक्स ने इस यात्रा का आयोजन किया है। रूस दो दशकों से अधिक समय से अंतरिक्ष स्टेशन पर सशुल्क आगंतुकों का स्वागत करता रहा है।

## हमास का नन्हा बंधक एक साल का हुआ, मनाया गया जन्मदिन



**एजेंसी। तेल अवीव**

हमास की कैद में सबसे कम उम्र के बंधक केफिर बिबास के परिवार ने उसका पहला जन्मदिन दुखद तरीके से मनाया। केफिर बिबास को उसके माता-पिता यार्डन और शिरी और चार साल के भाई एरियल के साथ 7 अक्टूबर 2023 को किबुत्ज नीर ओज से हमास आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। गुरुवार को तेल अवीव में होस्टेज स्क्वायर पर एक बड़ी भीड़ उमड़ी, जिसमें कई लोगों ने केफिर के लिए नारंगी गुब्बारे पकड़ रखे थे। वहां एक बड़ी स्क्रीन भी थी जिसमें दिखाया गया था कि गाजा में बंधकों को कितने दिनों तक रखा गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में गली टार्शन्स्की (13), जिसे हमास ने पकड़ लिया था और 29 नवंबर 2023 को एक सप्ताह के युद्धविराम समझौते के हिस्से के रूप में रिहा कर दिया गया था, उसने लिखा, प्यारा केफिर जन्मदिन मुबारक हो। हम आपके सुरक्षित और शीघ्र लौटने का इंतजार कर रहे हैं और हम केक और उपहारों के साथ जश्न मनाएंगे, जैसे एक साल के बच्चे को मनाना चाहिए।" हमास की कैद से लौटे बच्चों ने जन्मदिन मनाने के लिए ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए। चार वर्षीय उड़िया ब्रोडच, जिसका उसके माता-पिता के साथ अपहरण कर लिया गया था और 26 नवंबर, 2023 को रिहा कर दिया गया था, ने लिखाः जन्मदिन मुबारक हो, आप जल्द ही घर लौटें। एमिली हैंड (9) का भी अपहरण कर लिया गया था और बाद में 26 नवंबर को रिहा कर दिया गया, उन्होंने लिखा, मुझे उम्मीद है कि आप जितनी जल्दी हो सके वहां से निकल जाएंगे।

## गणतंत्र दिवस : दो महिला पायलट उड़ाएंगी फाइटर जेट

**झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया है**

**वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को दिखाएगी**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिनमें 29 लड़ाकू, 8 परिवहन, 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे।

भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि एलसीए तेजस फॉर्मेशन गणतंत्र दिवस परेड में अपनी शुरूआत करेगा, जिनमें से चार परेड में तेजस फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिसमें फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। इनमें सुखोई-30 को फ्लाइंग ऑफिसर अस्मा शेख और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अनन्या शर्मा उड़ाएंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। भारतीय वायुसेना के मुताबिक गणतंत्र दिवस परेड में 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन और 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। चार विमान भारतीय सेना के और एक भारतीय नौसेना से होगा। परेड में 6 राफेल वज्रांग फॉर्मेशन इनवर्टेड वाइन ग्लास फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। फ्लाईपास्ट का दूसरा भाग परेड के बाद लगभग 11:50 बजे शुरू होगा और 12:05 बजे समाप्त होगा। इस वर्ष गणतंत्र दिवस के लिए भारतीय वायुसेना की झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया है। झांकी को सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर कैप्शन दिया गया है। इस बार 48 अग्निवीर वायु महिलाएं परेड में हिस्सा ले रही हैं। परेड में 144 सदस्यीय भारतीय वायुसेना के मार्चिंग दल का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर, स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव, स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलूवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल करेंगी। मार्चिंग दल का नेतृत्व करने वाली स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव ने पिछले साल पेरिस में 'बैस्टिल डे' परेड में हिस्सा लिया था। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'बैस्टिल दिवस' पर मुख्य अतिथि थे और इस साल इमैनुएल मैक्रॉन भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। उस समय भारतीय राफेल जेट और भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने पेरिस में चैंप्स-एलिसीस में मार्च किया था।

**फिल्म जगत**

## 'अन्नपूर्णी' विवाद पर नयनतारा ने मांगी माफी, फिल्म को नेटफ्लिक्स से हटाया गया



साउथ सिने इंडस्ट्री में लेडी सुपरस्टार के तौर पर पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस नयनतारा ने अपनी फिल्म 'अन्नपूर्णी' में प्रभु रामचन्द्र को लेकर विवादित बयान दिये थे। मेकर्स के खिलाफ इस आधार पर शिकायत भी दर्ज कराई गई थी कि इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। बढ़ते विवाद के कारण नेटफ्लिक्स ने फिल्म को हटा दिया। इसके बाद नयनतारा ने माफी मांगी है। नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी। उस बयान में बड़े-बड़े अक्षरों में जय श्री राम लिखा हुआ है। मेरी फिल्म 'अन्नपूर्णी' सिर्फ आर्थिक लाभ के लिए नहीं बनाई गई थी, हम इस फिल्म के जरिए एक सकारात्मक संदेश देना चाहते थे, लेकिन अनजाने में कुछ लोगों की भावनाएं आहत हो गईं। हमने नहीं सोचा था कि सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म को सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद ओटीटी से हटा दिया जाएगा। न तो मेरी टीम और न ही मेरा इरादा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का था। नयनतारा ने लिखा, मेरे दो दशक के फिल्मी करियर में मेरा लक्ष्य सकारात्मकता फैलाना रहा है। फिल्म 'अन्नपूर्णी' 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसके बाद 29 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। फिल्म पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा था, जिसके बाद फिल्म को नेटफ्लिक्स से हटा दिया गया। इतना ही नहीं, फिल्म के प्रोड्यूसर्स और नयनतारा के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई गई थी।

## आदिवासी संगठनों के राजभवन मार्च में कोई ढोल-नगाड़ा तो कई तीर-धनुष लेकर पहुंचा




रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पूछताछ के लिए ईडी के सम्मन के विरोध में आदिवासी समुदाय सड़क पर उतर आए है। आदिवासी संगठनों ने हेमंत सोरेन के समर्थन और ईडी की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को रांची में राजभवन मार्च किया। इस राजभवन मार्च के लिए आदिवासी संगठनों के लोग सुबह से मोरहाबादी मैदान में जुटने लगे थे। दोपहर बाद हाथों में हेमंत सोरेन की तस्वीर, तीर-धनुष के साथ सरना झंडा लेकर राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करने के लिए निकले। राजभवन मार्च करने आये आदिवासी समुदाय के लोग ढोल और नगाड़ा बजाते हुए चल रहे थे। सभी के हाथों में हेमंत सोरेन की तस्वीर से वाली तख्तियां थी। वहीं बहुत सी तख्तियों में केंद्र सरकार होश में आओ, आदिवासियों को तंग करना बंद करो सहित अन्य नारे लिखे हुए थे। राजभवन मार्च में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। ज्यादातर महिलाएं पारंपरिक साड़ी पहनी हुई थी।

## एक नजर

### राज्यपाल रांची, सीएम दुमका और मंत्री जिलों में फहराएंगे तिरंगा

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उप राजधानी दुमका में और मंत्रीगण विभिन्न जिला मुख्यालयों में झंडा फहरायेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया है। साथ ही जिलों के उपायुक्तों, एसएसपी और एसपी को आवश्यक तैयारी का निर्देश दिया है।

**ये मंत्री यहां फहरायेंगे**

आलमगरी आलम . . . .पाकुड़
रामेश्वर उरांव . . . . .लोहरदगा
सत्यानंद भोक्ता . . . . . .चतरा
चंपई सोरेन सरायकेला-खरसावां
जोबा मांझी प सिंहभूम, चाईबासा
बन्ना गुप्ता पू सिंहभूम जमशेदपुर
बादल . . . . . . . . . .गिरिडीह
मिथिलेश कुमार ठाकुर . .गढ़वा
हफीजुल हसन . . . . . .देवघर
बेबी देवी . . . . . . . . .बोकारो

### श्री सरोवर महादेव मंदिर में रामलीला नृत्य नाटिका 22 को

**रांची।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को श्री सरोवर महादेव मंदिर प्रांगण में राजस्थान मित्र मंडल की ओर से रामलीला नृत्य नाटिका का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान मित्र मंडल के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने शुक्रवार को बताया कि श्री सरोवर महादेव का रुद्राभिषेक पंडित अरुण मिश्रा के जरिये मंत्रोच्चार पाठ किया जाएगा। प्रभु श्रीराम की महा आरती और भजन संकीर्तन होगा। इस अवसर पर विशेष भंडारा होगा। युवा नाट्य अकादमी की ओर से रामलीला नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी।

# अबुआ आवास के मिले 31 लाख आवेदन, 29.97 लाख का हुआ सत्यापन

## बंजर भूमि पर कैक्टस लगाने की योजना, वेगन लेदर में होगा उपयोग

**मनरेगा में चार वर्षों में 4135 लाख मानव दिवस का हुआ सृजन**

**ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने दी जानकारी**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण विकास विभाग अबुआ आवास निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में लगातार तेजी ला रहा है। अब तक ग्रामीणों से कच्चा मकान को पक्का करने के लिए 31 लाख से अधिक आवेदन मिल चुके हैं। उसमें से 29.97 लाख आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। उसमें से लगभग एक लाख आवेदन डुप्लिकेट मिले हैं। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि विभाग बंजर भूमि पर कांटा रहित कैक्टस के पौधे लगाने की योजना पर कार्य कर रहा है। यह पशु चारा के साथ वेगन लेदर निर्माण में भी काम आएगा। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री चंद्रशेखर सूचना भवन के सभागार में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दे रहे थे।

**चालू वित्तीय वर्ष में 911.49 लाख मानव दिवस का सृजन :** 4 वर्ष के भीतर मनरेगा के तहत अब तक 4135 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 900 लाख अनुमोदित मानव दिवस के विरुद्ध अब तक कुल 911.49 लाख मानव दिवस सृजन करते हुए कुल 2962.40 करोड़ रुपए की राशि का व्यय की जा चुकी है। वहीं शत-प्रतिशत मजदूरी का भुगतान किया गया है। साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 1100 लाख से अधिक मानव दिवस सृजन का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। वहीं 4 वर्षों में मनरेगा की 23.73 लाख योजनाओं को पूर्ण किया जा चुका है तथा 6.85 लाख योजनाओं पर कार्य जारी है।

सामाजिक सुरक्षा की राशि बढ़ाई सामाजिक सुरक्षा के तहत मनरेगा अन्तर्गत सृजित पद के विरुद्ध कार्यरत प्रति कर्मी को राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष के लिए 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिए जाने तथा दुर्घटना से मृत्यु के उपरांत उनके वैध उत्तराधिकारी को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटना में मृत्यु अथवा अप्राकृतिक मृत्यु (हत्या सहित) होने अथवा स्थायी रूप से विकलांग/अंगभंग हो जाने पर पहले राशि 75 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 02 लाख रुपया कर दिया गया है। दुर्घटना में आंशिक रूप से विकलांग होने पर पहले 37,500 रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। समान्य मृत्यु होने पर पहले 30 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 01 लाख रुपये कर दिये गये हैं। वहीं मनरेगा योजना अन्तर्गत निर्मित डोभा, कुआं में डूबने से मरने वाले मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान पहले 50 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 01 लाख रूपया कर दिया गया है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 97.83 प्रतिशत निर्माण पूर्ण :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 97.83 प्रतिशत निर्माण पूर्ण कर लिए गए हैं। 2016-2022 तक इस योजना के तहत 15,92,171 आवासों की स्वीकृति दी गयी थी। इसमें से 15,57,730 आवास पूर्ण हो चुके हैं। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के परफारमेंस इनडेक्स के अनुसार झारखंड राज्य इस मामले में पूरे देश में दूसरे स्थान पर है।

## लूट, भ्रष्टाचार व घोटाले का अड्डा बना ग्रामीण विकास विभाग : सीपी सिंह



**रांची।** भाजपा विधायक एवं पूर्व नगर विकास विभाग मंत्री सीपी सिंह ने हेमंत सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के चार साल में ग्रामीण विकास विभाग लूट, भ्रष्टाचार एवं घोटाले का अड्डा बन गया है। सिंह भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग गांव के विकास योजनाओं को गति देने का काम करती है लेकिन हेमन्त सरकार में अभी तक मात्र 47 प्रतिशत राशि खर्च दिखाई गई है। सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर हो रहा है लेकिन छह-छह माह बाद भी टेंडर को खोला नही गया है। झामुमो-कांग्रेस के नेताओं के दबाव में ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विरेंद्र राम ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर हुआ करते थे जिनके यहां ग्रामीण कार्य विकास विभाग से अवैध कमाए गए करोड़ों रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मृत व्यक्ति के नाम पर पैसा निकाला गया है। यहां तक कि जो जेल मे बंद है उनके नाम पर मनरेगा से पैसा निकासी की जा रही है। कागज पर डोभा बनाकर पैसा निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास सरकार के समय में ग्रामीण सड़कों,पुल पुलियों का निर्माण बड़े पैमाने पर हुआ। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार के समय शुरू किए गए ग्रामीण बागवानी, जोहार योजना को बंद कर दिया गया। सखी दीदी योजना की राशि आवंटन को घटा दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना बंद किया गया इसका कारण यह है कि बालू नहीं मिल रहा है। बालू की कालाबाजारी धड़ल्ले से हो रही है। बालू का दाम आसमान छू रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जानबूझकर धरातल पर लागू नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि चार साल से अनेक मनरेगा योजनाएं बंद पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 74 ऐसे गांव है, जहां एक भी घर में नल से जल नहीं पहुचाया जा सकता है, जिसमें मुख्यमंत्री का जिला साहिबगंज के 22 गाँव सर्वाधिक है। मार्च 2024 तक लक्ष्य प्राप्ति का है। राज्य सरकार ने एक साल का एक्सटेंशन मांगा है। इतना ही नही, इस योजना में कई तरह के अनियमिताएं बढ़ती जा रही है रांची के नामकुम प्रखंड के महिलोंग व टाटी गांव में 3331 घरों में सिर्फ कागज पर ही यह योजना पहुंची है इसी प्रकार आदिवासी बहुल गांव मनिका में लोगों के घरों में नल से जल पहुंचा ही नहीं लेकिन संचिका में काम फाइनल हो चुका है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास में झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना का हाल बुरा है बालू की अनुपलब्धता और अधिकारियों की लापरवाही के कारण कई जिलों में आवास पेंडिंग है पीएम आवास में बिजोलिया बाद हावी है कोडरमा में बिरहोर का आवास का पैसा बिचौलिया उठाकर खा गए।

## संक्षिप्त खबरें

### हाई कोर्ट में सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई दो फरवरी को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया की याचिका की त्रुटि दूर कर ली गई है।इसके बाद हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले के चार्जशीटेड आरोपित मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए दो फरवरी की तिथि निर्धारित की है। मुकेश मित्तल पर वीरेंद्र राम की काली कमाई का लगभग 14 करोड़ रुपये को सफेद करने का आरोप है। इसकी एवज में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। इसके लिए उसने अपने कर्मचारियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मुकेश मित्तल की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका को इस कोर्ट खारिज कर चुका है। उनकी अग्रिम जमानत याचिका को भी ईडी कोर्ट ने बीते 16 दिसंबर को खारिज कर दिया था। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।

### वीरेंद्र राम की पत्नी एवं पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई दो फरवरी को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी एवं वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से बहस की गई, जो अभी भी जारी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो फरवरी की तिथि निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने गेंदा राम और राजकुमारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद इन दोनों की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गई संपत्ति वीरेंद्र द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही अर्जित की गई है। 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के ठिकानों में छापेमारी के दौरान ईडी को करीब 40 लाख से अधिक के कैश एवं डेढ़ करोड़ के आभूषण मिले थे।

### धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम के मामले में याचिकाकर्ता की हस्तक्षेप याचिका स्वीकृत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम) के 10 से 15 फरवरी तक प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने याचिकाकर्ता के उस हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने 10 दिसंबर के पलामू उपायुक्त के आदेश को चुनौती दी है। इसी आदेश में उपायुक्त पलामू ने तीन जनवरी को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम के संबंध में दिए गए वृहत एक्शन प्लान को 10 जनवरी को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की आईए को स्वीकार करते हुए उसे सोमवार तक फ्रेश पिटीशन दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की फाइनल सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। पलामू उपायुक्त ने 10 जनवरी को कानून व्यवस्था की समस्या बताकर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द करने का आदेश दिया था। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि पलामू उपायुक्त द्वारा कई कारणों से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द किए जाने के बाद प्रस्तावित कार्यक्रम अब फरवरी 10 से 15 फरवरी निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा। इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है। अब नया कार्यक्रम स्थल के लिए रैयती भूमि पर चयनित किया गया है।

### कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जयंती 24 को

**रांची।** झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जयंती 24 जनवरी को मनाएगा। मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने शुक्रवार को कहा कि 24 जनवरी को हिनू चौक स्थित कर्पूरी प्रतिमा के पास दिन के 11 बजे से झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच और कर्पूरी सेना द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जयंती समारोह आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर राजनीति के महानायक और मार्गदर्शक रहे हैं।



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की मां मनोरमा देवी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सीएमपीडीआई, कांके रोड स्थित रवींद्र भवन पहुंचकर स्वर्गीय मनोरमा देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति श्री संजय कुमार द्विवेदी एवं उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।**

## पृष्ठ एक के शेष

**रामराज्य से मिली सबका साथ...**

के उद्देश्य से योजनाएं लागू कीं। 2014 में सरकार बनते ही मैंने कहा था, "मेरी सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है। इसलिए हमने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिससे गरीबों की मुश्किलें कम हों और उनका जीवन आसान बने।" उन्होंने कहा कि ये समय हम सभी के लिए भक्ति-भाव से भरा हुआ है। 22 जनवरी को वो ऐतिहासिक क्षण आने वाला है, जब हमारे भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजेंगे। हमारे आराध्य के दर्शन टेंट में करने की दशकों पुरानी पीड़ा अब दूर होने जा रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कुछ संतों के मार्ग दर्शन में मैं अपने यम नियमों में व्यस्त हूं और मैं उसका कठोरता से पालन कर रहा हूं। ये भी संयोग है कि मेरे अनुष्ठान की शुरूआत नासिक जिले के पंचवटी की भूमि से हुई। मोदी ने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है और आत्मनिर्भर भारत बनाने में हमारे छोटे, लघु और कुटीर उद्योगों की बहुत बड़ी भागीदारी है। इसलिए केंद्र सरकार, एमएसएमई को, छोटे उद्योगों को लगातार बढ़ावा दे रही है। केंद्र में हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत, दुनिया की टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होने वाला है। मैंने देशवासियों को गारंटी दी है कि आने वाले मेरे टर्म में, मैं भारत को दुनिया के पहले तीन देशों में लाकर खड़ा करूंगा।

**सांसद ने उठाया पलामू एक्सप्रेस को...**

शक्तिपुंज एक्सप्रेस का मेराल स्टेशन पर ठहराव, बरवाडीह-चोपन-चुनार पैसेन्जर का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने की मांग रखी। सांसद श्री राम ने प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने तथा रांची- चोपन एक्सप्रेस एवं पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने की मांग की। उन्होंने गरीब रथ का ठहराव मोहम्मदगंज एवं अलीगढ़ स्टेशन पर करते हुये इसे तीन दिन की जगह सप्ताह में चार दिन चलाने सहित उक्त ट्रेन का आरक्षण कोटा डालटनगंज स्टेशन पर दिये जाने और रांची - सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का सिगसिगी स्टेशन पर ठहराव की मांग की। कोरोना काल में बंद की गयी रांची-गोरखपुर ट्रेन का संचालन फिर से शुरू कराया जाये। इस दौरान डालटनगंज स्टेशन पर एक नया फोब एवं दो लिफ्ट लगाने का कार्य पूर्ण कराने और उसका उद्घाटन कराने पर भी चर्चा की गई। साथ ही पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों में थर्ड लाईन निर्माण कार्य योजना की अद्यतन स्थिति,बरवाडीह-चिरमिरी अम्बिकापुर स्वीकृत नई रेलवे लाईन की वर्तमान स्थिति, गया-रफीगंज वाया शेरघाटी, डालटगंज स्वीकृत नई रेलवे लाईन की वर्तमान स्थिति पर जानकारी ली गई। बैठक में हटिया से चलकर आनंद विहार तक चलने वाली स्वर्ण जयंती झारखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन एवं रांची से चलकर चोपन तक चलने वाली ट्रेन का ठहराव विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर करने, नगर ऊंटारी रेलवे क्रासिंग पर निमार्णाधीन रुब के कार्य में तेजी लाने, डालटनगंज एवं गढ़वा रोड़ स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े निमार्णाधीण फुटओवर ब्रिज की लैंडिंग दोनों तरफ प्लेटफार्म के बाहर करने, तोलरा में बन रहे एलएचएस में दोनों तरफ (पूर्व एवं पश्चिम) से प्रवेश और निकास ( वाई आकार में) करने एवं डालटनगंज में रेड़मा साईड में निकास में लाईट की व्यवस्था करने की मांग की गई। सबस्टेशन (तोलरा/रजहरा/कजरी/चियांकी) में फुट ओवरब्रिज बनाने, संतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नगर ऊंटारी स्टेशन पर करने के साथ साथ पलामू जिला अंतर्गत लालगढ़-विश्रामपुर प्रखण्ड, पंजरीकला-विश्रामपुर प्रखण्ड, डाली-हैदरनगर प्रखण्ड, बुढ़वापीपर- डालटनगंज सदर प्रखण्ड, कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखण्ड, बखारी-डालटनगंज सदर, लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड एवं गढ़वा जिला के अंतर्गत सोनपुरवा-गढ़वा प्रखण्ड, अहिरपुरवा-नगर ऊंटारी एवं कुम्भी- मेराल ब्लॉक में एलएचएस के निर्माण पर भी चर्चा की गई। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी है। बैठक में हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर सिन्हा, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार उपस्थित थे।

**राम जन्मभूमि का शाह बानो...**

लेकिन सदन के बाहर यह बहस चलती रही। दूसरी तरफ इंदौर में कट्टरपंथियों ने शाहबानो को धर्मच्युत करार कर दिया, उसके घर के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया और पड़ोसियों से उसके बहिष्कार की मांग की गई। 15 नवंबर 1985 को शाहबानो, कट्टरपंथियों के दबाव के सामने झुक गईं और उन्होंने एक कागजी बयान पर अंगूठे का निशान लगा दिया, जिसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जिम्मेदारी उन पर नहीं है और वह गुजारा भत्ते को लोकसेवा लिए दान दे देंगी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि मुस्लिम निजी कानून में किसी तरह का न्यायिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। अदालती फैसले के बाद उपजे विरोध के बीच 1985 के अंत में उत्तर भारतीय राज्यों में उप-चुनाव हुए। इनमें कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई। गुहा अपनी किताब में लिखते हैं कि राजनीतिक विश्लेषकों ने ह्यशाहबानो मामलेह्व को इसकी वजह बताया।

**एसबीआई के सीएसपी...**

हजार रुपये लेकर चलते बने। जिस समय घटना हुई, उस वक्त केन्द्र पर एक व्यक्ति पैसा निकालने आया था। लूट की घटना के बाद अपराधी संचालक एवं ग्राहक को केन्द्र में बंद करके फरार हो गए। भागने से पहले ग्राहक का मोबाइल लूटकर बाहर फेंक दिया था, जबकि संचालक का मोबाइल घटनास्थल से 600 मीटर दूर फेंका मिला। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने मोबाइल ढूंढा। 24 घंटे पहले गुरुवार को छतरपुर बाजार में थाना के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों ने हरिहरगंज के व्यवसायी शुभम गुप्ता पिता शंकर गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के तुरंत बाद लूट की वारदात से पुलिस की सक्रियता पर प्रश्नचिन्ह लगने लगा है।

**भागने के क्रम में उठायी गिरी हुई...**

भट्ठे पर मजदूरों को पेमेंट देने जा रहे हैं। ग्रामीणों को झांसे में लेकर अपराधी भाग निकले। हालांकि पीछे से शोर मचाते हुए सीएसपी संचालक भी आया, लेकिन तबतक काफी देर हो गयी थी। ग्रामीणों के बताये लोकेशन के आधार पर माइंस जाने वाली सड़क की ओर अपराधियों को ढूंढा गया, लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। सूचना मिलने पर नौडीहा-खजुरी के मुखिया हरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मुखिया ने बताया कि घटना 12.30 बजे हुई। घटनास्थल से सटे खजुरी पुलिस पिकेट है। सूचना देने के बाद पुलिस मौके पर तत्काल नहीं पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया कि पिकेट की पुलिस को सूचना देने के बाद भी छतरपुर थाना से जबतक मैसेज नहीं मिलता, पुलिस कार्रवाई के लिए नहीं निकलती है। सीएसपी संचालक नागेन्द्र ने बताया कि घटना के बाद उसे केन्द्र में ही बंद कर दिया गया था। खिड़की खोलकर शोर मचाने के बाद आसपास के लोगों ने केन्द्र का बाहर से दरवाजा खोला।

# अनीसा, शकेरा, किशोना और किसिया ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**एजेंसी। एंटीगुआ**
वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेटर अनीसा मोहम्मद, शकेरा सेल्मन, किशिया नाइट और किशोना नाइट ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ये चारों 2016 टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थीं।

ऑफस्पिनर अनीसा, जिन्होंने 2003 में 15 साल की उम्र में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था, वनडे और टी20 दोनों में वेस्टइंडीज के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में सेवानिवृत्त हुईं। उन्होंने 141 वनडे में 180 विकेट और 117 टी20आई में 125 विकेट लिए। वह 100 टी-20आई विकेट लेने वाली पहली क्रिकेटर (पुरुष या महिला), और टी-20आई हैट्रिक लेने वाली पहली वेस्टइंडीज महिला क्रिकेटर भी थीं।

अनीसा पांच वनडे विश्व कप और सात टी20 विश्व कप का हिस्सा थीं। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच मार्च 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप सेमीफाइनल था।

अनीसा ने कहा पिछले 20 साल सचमुच अद्भुत रहे हैं, मैंने इसके हर एक मिनट का आनंद लिया है। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि मैं खेल से दूर जाऊं और युवा खिलाड़ियों को उनके सपने जीने की इजाजत दूं, जैसे मैंने अपने सपने देखे हैं। मुझे मेरे करियर में 258 बार मैरून रंग पहनकर मैदान पर उतरने का सौभाग्य मिला है।

मध्यम गति की गेंदबाज सेल्मन का अंतरराष्ट्रीय करियर 2008 में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच से शुरू हुआ। उनके नाम 100 वनडे में 82 विकेट और 96 टी20आई में 51 विकेट हैं। वह आखिरी बार वेस्टइंडीज के लिए फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप में खेली थीं।

सेल्मन ने कहा मुझे दिग्गजों के साथ और उनके खिलाफ खेलने पर गर्व है और मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने कुछ दिग्गजों को आउट किया। मेरा उद्देश्य हमेशा दूसरों को उनके सपनों में प्रेरित करना और उनकी सहायता करना था। जैसे-जैसे मैं अपने करियर के अगले चरण में प्रवेश कर रही हूं, मैं खेल के प्रति अपने जुनून को नए तरीकों से साझा करना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं।

जुड़वां किसिया और किशोना, जो अगले महीने 32 साल की हो जाएंगी। क्रमशः 2011 और 2013 में वेस्टइंडीज के लिए पदार्पण किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज किशिया ने 87 वनडे में 1327 रन और 70 टी20आई में 801 रन बनाये हैं। मध्यक्रम की बल्लेबाज किशोना के नाम 51 वनडे में 851 रन और 55 टी20 में 546 रन हैं। वे दोनों वेस्टइंडीज के लिए आखिरी बार दिसंबर 2022 में ब्रिजटाउन में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच में खेली थीं। नाइट्स बहनों ने कहा चूंकि यह एक सुखद और अद्भुत यात्रा के अंत का प्रतीक है, हम इस समय अपने परिवार, दोस्तों, टीम के साथियों और समर्थकों को वर्षों से जारी प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। आप लोगों के समर्थन और प्यार के बिना यह संभव हो सका है और इसके लिए हम हमेशा आभारी हैं। अंत में दिये गये अवसरों और यादों के लिए सीडब्ल्यूआई को धन्यवाद जिन्हें हमेशा संजोकर रखा जायेगा।

## एंड्रीवा ने पैरी को हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया



**एजेंसी। मेलबर्न**
सोलह वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने शुक्रवार को तीसरे दौर में उल्लेखनीय वापसी करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। अंतिम सेट में 1-5 से पिछड़ने और मैच प्वाइंट का सामना करने के बाद, उन्होंने अविश्वसनीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए फ्रांस की डायने पैरी को 1-6, 6-1, 7-6 (10-5) से हरा दिया।

अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए, उसका सामना 2021 रौलां गैरो चैंपियन बारबोरा क्रेजिसिकोवा, जिसे उसने पिछले साल दो बार हराया था, और ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर स्टॉर्म हंटर के बीच शुक्रवार रात के मैच की विजेता से होगा।

आधे घंटे के शुरूआती सेट में पैरी का खेल अपने चरम पर था, जिसमें बेसलाइन पर उसके भारी फोरहैंड, नेट पर आराम और कुल मिलाकर सभी कोर्ट कौशल के संयोजन ने एंड्रीवा को भ्रमित कर दिया। सेट दो में, एंड्रीवा ने आखिरी पांच गेम जीतकर और आखिरी 22 में से 18 अंक हासिल करके वापसी की। दो तेज-तर्रार सेटों के बाद, रोमांचक तीसरे सेट में मैच ने नाटकीय मोड़ ले लिया। पैरी ने जीत के लिए दो बार सर्विस की और एंड्रीवा की सर्विस पर 5-2, 30-40 का मैच प्वाइंट हासिल किया। हालांकि, एंड्रीवा ने लगातार पांच गेम जीतकर प्रभावशाली वापसी की।

निर्णायक 10-पॉइंट टाईब्रेक में, एंड्रीवा ने जल्दी से नियंत्रण हासिल कर लिया और शुरूआती झटके के बाद लगातार तीन अंक जीते।

# इटली को परास्त कर पांचवें पोजिशन पर पहुंचा न्यूजीलैंड

### एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रहे एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर-2024 में शुक्रवार को दूसरा मुकाबला न्यूजीलैंड और इटली के बीच हुआ।


मोरहाबादी में खेले गए इस मैच में 2-1 से जीत हासिल कर न्यूजीलैंड ने पांचवां पोजीशन भी हासिल किया। आठ देशों की इस प्रतियोगिता में इटली को छठा स्थान नसीब हुआ। मैच में न्यूजीलैंड की ओर से पहले ही क्वार्टर में कप्तान ओलिविया मेरी और रोज टिनान ने एक-एक गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में इवाना पेसिना ने एक गोल कर अंतर 2-1 कर दिया। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में ही न्यूजीलैंड के लिए हन्ना कोटर ने एक गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3-1 कर दी।

## चिली से हारकर आखिरी पायदान पर रही चेक रिपब्लिक की टीम



**रांची।** राजधानी रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रहे एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर-2024 में शुक्रवार को आखिरी दिन पहला मुकाबला चिली और चेक रिपब्लिक के बीच हुआ। क्वालिफायर मुकाबले में शामिल आठ देशों के बीच सातवें और आठवें स्थान के लिए दोनों टीम आमने सामने हुईं। इसमें फर्स्ट हॉफ तक ही चिली टीम 1-0 से आगे हो गई थी। चिली की ओर से विलेग्रान फर्नांडा ने दूसरे क्वार्टर में एक गोल किया। इसके अलावा एक भी गोल किसी भी टीम की ओर से देखने को नहीं मिला। अंततः मैच 1-0 पर छूटा। इस जीत के साथ चिली इस प्रतियोगिता में सातवें और चेक गणराज्य की टीम आठवें पायदान पर रही। चेक गणराज्य की टीम पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं जीत सकी।

## आर्थर और पुटिक ने पीसीबी में अपनी भूमिकाओं से दिया इस्तीफा





**एजेंसी। लाहौर**
ग्रांट ब्रैडबर्न द्वारा पीसीबी के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद, मिकी आर्थर और एंड्रयू पुटिक ने भी लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इन तीनों को 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद नया पोर्टफोलियो दिया गया था।

आर्थर अप्रैल 2023 में पाकिस्तान पुरुष टीम के निदेशक के रूप में शामिल हुए थे, जबकि ब्रैडबर्न और पुटिक को क्रमशः मुख्य कोच और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया था।

पीसीबी ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा सभी तीन व्यक्तियों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को जनवरी 2024 के अंत तक अपनी-अपनी नौकरी छोड़ने के फैसले की जानकारी दी। यह निर्णय सभी हितधारकों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से लिया गया।

आर्थर डबीर्शायर के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे, यह नौकरी उन्होंने पाकिस्तान टीम के साथ अपने कर्तव्यों के साथ निभाई। पिछले हफ्ते, ब्रैडबर्न ने ग्लैमरगन के मुख्य कोच के रूप में और पुटिक ने अफगानिस्तान के बल्लेबाजी कोच के रूप में तीन साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

पाकिस्तान के 2023 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में विफल रहने के बाद, ये तीनों अधर में थे क्योंकि पीसीबी की अस्थायी प्रबंधन समिति के पास उन्हें उनके कर्तव्यों से मुक्त करने का अधिकार नहीं था।

उन्हें अपनी भूमिकाएं फिर से सौंपी गई हैं और उनमें से किसी ने भी ऑस्ट्रेलिया के हालिया टेस्ट दौरे के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं की। मोहम्मद हफीज टीम निदेशक और मुख्य कोच दोनों के रूप में कार्य कर रहे हैं और एडम हॉलिओक बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्य कर रहे हैं। पाकिस्तान वहां तीनों टेस्ट हार गया। फिलहाल टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड में है और 3-0 से पीछे चल रही है।

### एएफसी एशियन कप

## ऑस्ट्रेलिया ने सीरिया और उज्बेकिस्तान ने भारत को हराया

**दोहा।** मिडफील्डर जैक्सन इर्विन के एकमात्र गोल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां ग्रुप बी में सीरिया को 1-0 से हराकर मौजूदा एएफसी एशियाई कप के राउंड-16 में जगह पक्की कर ली। इर्विन ने 59वें मिनट में निर्णायक गोल किया। ग्रुप के पहले गेम में भारत पर 2-0 की जीत में पहला गोल करने के बाद यह टूर्नामेंट में उनका दूसरा गोल था। उज्बेकिस्तान, जिसने पहले दौर में सीरिया को 0-0 से बराबरी पर रोका था,अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। यदि सीरिया अगले मैच में भारत को हरा देता है तो वह सर्वश्रेष्ठ-तीसरी टीमों में से एक के रूप में अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर सकता है, जबकि भारत के पास भी एक बाहरी मौका है। ग्रुप सी में संयुक्त अरब अमीरात को गुरुवार को फिलिस्तीन ने 1-1 से ड्रा पर रोका।एशियाई कप में कुल 24 टीमें छह समूहों में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

## कोविड के कारण डेवोन कॉनवे चौथे टी-20 से हुए बाहर




**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**
न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद हेगले ओवल में पाकिस्तान के खिलाफ चौथे टी20 मैच से बाहर कर दिया गया है।

पाकिस्तान के खिलाफ अब तक के पहले तीन मैचों में कॉनवे का स्कोर 0, 20 और 7 था और चौथे टी20 के लिए विल यंग ने प्लेइंग-11 में उनकी जगह ली है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक्स पर लिखा डेवोन कॉनवे का कोविड टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच से बाहर कर दिया गया है।'

गुरुवार शाम को उनकी रिपोर्ट आने के बाद से उन्हें क्राइस्टचर्च के टीम होटल में क्वारंटाइन किया गया है। उनकी जगह कैंटरबरी किंग्स के बल्लेबाज चाड बोवेस को टीम में शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह भी कहा कि गेंदबाजी कोच आंद्रे एडम्स का भी कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है और वह भी टीम के होटल में ही रहेंगे।

इसमें कहा गया है कि

## एमआई अमीरात में शामिल हुए टिम डेविड

**नई दिल्ली।** टिम डेविड आईएलटी20 में एमआई अमीरात में शामिल हो गये हैं लेकिन अगर अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20ई श्रृंखला के लिए वह ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुने जाते हैं तो उन्हें टूर्नामेंट जल्दी छोड़ना पड़ सकता है। होबार्ट हरिकेंस के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहने के बाद डेविड का बीबीएल सीजन पूरा हो गया है, इसलिए उनके पास यूएई में खेलने के लिए एक विंडो है और उन्हें टूर्नामेंट के वाइल्डकार्ड सिस्टम के तहत लाया गया है, जो टीमों को 22 की मूल सीमा से परे दो अतिरिक्त खिलाड़ियों को साइन करने की अनुमति देता है। डेविड आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए और एमएलसी में एमआई न्यूयॉर्क के लिए खेलते हैं, सभी एक ही समूह के स्वामित्व में हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराया

**एजेंसी। एडिलेड**
ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एडिलेड में वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली।

मिचेल स्टार्क की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण को तीसरी सुबह वेस्टइंडीज को समेटने में सिर्फ एक घंटे से अधिक का समय लगा, जबकि केमर रोच (नाबाद 11) और शमर जोसेफ (15) ने आखिरी विकेट के लिए 26 रनों की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को पारी की हार से बचाया। ऑस्ट्रेलिया ने 26 रनों के लक्ष्य को बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिया।

दूसरे दिन की समाप्ति पर अपनी दूसरी पारी में केवल 73 रनो पर 6 विकेट खोकर वेस्टइंडीज को तीसरे दिन किसी चमत्कार की जरुरत थी। हालांकि मिचेल स्टार्क ने अपने शुरूआती स्पैल में कुछ त्वरित विकेट हासिल करके अपनी टीम के लिए शुरूआत में ही माहौल तैयार कर दिया।

मैच में अब तक अल्जारी जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के खिलाफ बीच में अपना समय बिताने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, हालांकि स्टार्क ने उन्हें कीपर के हाथों कैच कराकर उनकी पारी का अंत किया। जोसेफ ने 16 रन बनाए। जोश हेजलवुड ने गुडाकेश मोती (03) के ऑफ-स्टंप को गिराकर अपना पांचवां विकेट पूरा किया, उन्होंने पिछली शाम चार विकेट लेकर वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम की कमर तोड़ दी थी।

## ख्वाजा बाउंसर लगने के बाद जबड़े के फ्रैक्चर से ठीक हुए, कन्कशन टेस्ट पास किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**
सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया द्वारा वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की निर्णायक जीत हासिल करने से कुछ देर पहले शमर जोसेफ के जोरदार झटके के बाद संभावित टूटे हुए जबड़े और पहले कनकशन टेस्ट से पास कर दिया गया है।

ख्वाजा ने शमर की एक शॉर्ट गेंद को गलत समझा और जब उन्होंने अपना सिर मोड़ने का प्रयास किया तो गेंद उनकी छाती से टकराकर ठुड्डी पर लग गई। पहले टेस्ट के दौरान स्कोर बराबर होने पर रिटायर हर्ट होने से पहले मैदान पर डॉक्टर ने उनका मूल्यांकन किया था।

मेडिकल स्टॉफ के साथ एडिलेड ओवल छोड़ने से पहले ख्वाजा को खून थूकते देखा गया था, यह जांचने के लिए कि उसके जबड़े में कोई संरचनात्मक क्षति तो नहीं है, उसे स्कैन के लिए अस्पताल भेजा गया।


क्रिकेट.कॉम.एयू की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, 37 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला कन्कशन टेस्ट पास कर लिया, कुछ घंटों बाद उनके जबड़े में फ्रैक्चर की समस्या दूर हो गई।

हालांकि, चिकित्सा कर्मचारी विलंबित मस्तिष्काघात के लक्षणों के लिए उसकी निगरानी करते रहेंगे और 24 घंटे में उसका दूसरा परीक्षण करेंगे। अगर उन्हें चोट लगती है तो उन्हें 25 जनवरी से गाबा में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा वह ठीक लग रहा है लेकिन उस पर नजर रखी जाएगी।

जरूरत पड़ने पर ब्रिस्बेन में ख्वाजा के प्रतिस्थापन के लिए रेनशॉ सबसे संभावित खिलाड़ी हैं, उन्होंने डेविड वार्नर के संन्यास के बाद टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस को पछाड़ दिया है।

# खबरें व्यापार जगत की

## 2030 तक बिजली क्षमता गैर-जीवाश्म ईंधन का योगदान 65 प्रतिशत तक पहुंच जायेगा : मंत्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**
बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही है और 2030 तक बिजली क्षमता में 65 प्रतिशत का योगदान गैर-जीवाश्म ईंधन का होने की संभावना है। मंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसे देश के रूप में उभरा है जो ऊर्जा परिवर्तन में सबसे आगे है। सिंह राष्ट्रीय राजधानी में एक मीडिया कार्यक्रम में कहा, हमने प्रतिज्ञा की थी कि 2030 तक हम अपनी 40 प्रतिशत क्षमता गैर-जीवाश्म-ईंधन से प्राप्त करेंगे, और आज, हमारी 44% क्षमता गैर-जीवाश्म-ईंधन स्रोतों से है। हमने अब अपना लक्ष्य बढ़ा दिया है और हालाँकि हमने 2030 तक अपनी क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म-ईंधन स्रोतों से प्राप्त करने का वादा किया है, लेकिन हम 2030 तक अपनी क्षमता का 65 प्रतिशत गैर-जीवाश्म-स्रोतों से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि देश पहले ही 187 गीगावॉट नवीकरणीय क्षमता स्थापित कर चुका है। मंत्री ने उद्योग को सूचित किया कि पिछले नौ वर्षों में बिजली क्षेत्र में किया गया कुल निवेश लगभग 17 लाख करोड़ रुपये है, और निमार्णाधीन क्षमता में 17.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

सिंह ने बताया, हमारे पास लगभग 99 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता निमार्णाधीन है और लगभग 32 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा बोली चरण के तहत है। हम हर साल लगभग 40-50 गीगावॉट नवीकरणीय क्षमता की बोली लगाएंगे। थर्मल क्षमता में, हमारे पास लगभग 27 गीगावॉट निमार्णाधीन है, हमने अतिरिक्त 12 गीगावॉट की बोली लगाई है, 21 गीगावॉट से अधिक सर्वेक्षण और जांच के तहत और 22 गीगावॉट प्रारंभिक चरणों के तहत है। हमारे पास 47 गीगावॉट जलविद्युत क्षमता स्थापित है, 18 गीगावॉट निमार्णाधीन है और 13 गीगावॉट सर्वेक्षण और जांच के विभिन्न चरणों में है।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 57 फीसदी बढ़कर 718 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक का मुनाफा 57 फीसदी बढ़कर 718 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बैंक का मुनाफा 458 करोड़ रुपये रहा था।सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 तिमाही में उसका मुनाफा 57 फीसदी बढ़कर 718 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 458 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। बैंक के मुताबिक इस अवधि में उसकी कुल आय बढ़कर 9,139 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7,636 करोड़ रुपये थी। बैंक के मुताबिक उसकी शुद्ध ब्याज आय घटकर 3,152 करोड़ रुपये रह गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,285 करोड़ रुपये थी। तीसरी तिमाही में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घटकर कुल कर्ज का 4.50 फीसदी रह गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में एनपीए कुल कर्ज का 8.85 फीसदी रहा था। इसके अलावा चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में बैंक का शुद्ध एनपीए भी घटकर 1.27 फीसदी रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2.09 फीसदी था।

## निफ्टी में तीन दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में राहत मिलने से निफ्टी में तीन दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला शुक्रवार को थम गया। निफ्टी 160 अंक (0.8 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 21,622 पर बंद हुआ। सभी सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। ऑयल एंड गैस, मेटल और फाइनेंशियल शेयरों में खरीददारी देखी गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, निवेशक सप्ताहांत में जारी होने वाले रिलायंस, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक बैंक जैसे प्रमुख दिग्गजों के नतीजों पर नजर रखेंगे। बोनान्जा पोर्टफोलियो के शोध विश्लेषक वैभव विदवानी ने कहा कि निफ्टी हरे निशान में बंद हुआ, जबकि अधिकांश सेक्टर बढ़त में रहे। निफ्टी ऑयल एंड गैस और निफ्टी इंफ्रा में क्रमशः 1.66 फीसदी और 1.61 फीसदी की तेजी रही। कंपनियों द्वारा बताए गए मजबूत आंकड़ों ने बाजार में उम्मीदों को बढ़ा दिया है। अदानी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, डिविस लैब और ओएनजीसी निफ्टी में शीर्ष लाभ में रहे, जबकि एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस घाटे में रहे।

## कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.22 डॉलर यानी 0.28 फीसदी की गिरावट के साथ 78.88 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.06 डॉलर यानी 0.08 फीसदी लुढ़ककर 74.02 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## ओडिशा विस का बजट सत्र 5 फरवरी से

**भुवनेश्वर।** एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि ओडिशा विधानसभा का बजट सत्र 5 फरवरी से शुरू होगा। सप्ताह भर चलने वाला सत्र राज्यपाल रघुवर दास के अभिभाषण के साथ शुरू होगा और 13 फरवरी तक चलेगा। पांच कार्यदिवस वाले सत्र के दौरान राज्य के वित्त मंत्री बिक्रम केशरी अरुखा 8 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगे। लेखानुदान के लिए विनियोग विधेयक 9 फरवरी को पेश किया जाएगा। विधानसभा चुनाव से पहले 16वीं ओडिशा विधानसभा का यह आखिरी सत्र होगा।

## तेलंगाना में टाटा, उबर ने अपने परिचालन का विस्तार करने की बनाई योजना

**हैदराबाद।** टाटा समूह और उबर ने तेलंगाना में अपने परिचालन का विस्तार करने की योजना बनाई है, वहीं सिस्ट्रा समूह एक डिजिटल केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रहा है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के मौके पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना प्रतिनिधिमंडल की इन कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठकों में यह फैसला हुआ।